e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 115
रविवार
27.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा, अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से तो सुकून हर पल मिलेगा!

## क्विक न्यूज

### डुप्लीकेट सिम से खाते से निकलवाए पांच लाख, खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद :** डुप्लीकेट सिम के माध्यम से खाता से पांच लाख रूपये निकाल ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ में चिरसी, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 19 जून 2024 को अचानक उसकी सिम बंद हो गई और उसने 22 जून को नई सिम निकलवाई। इसके बाद जब वह बैंक में पैसे निकलवाने गया तो उसे बताया गया कि उसके खाता में कोई पैसा नही है। बैंक मैनेजर ने उसे जानकारी दी कि उसके खाता से 20 से 22 जून के बीच चार लाख 49 हजार 999 रुपए यूपीआई के माध्यम से विभिन्न खाता में भेजे गये है। जिसकी शिकायत पर संबंधित धाराओं में साइबर थाना बल्लभगढ में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए असलम वासी शामली उ.प्र. को शामली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी टाइल मिस्त्री का काम करता है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खाताधारक है और इसने अपना खाता ठगों को दे रखा था। जिसके खाता में ठगी के तीन लाख 40 हजार रूपए आये थे। अधिक पूछताछ के लिए आरोपी को आज अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में दो आरोपी पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पहलगाम हमले के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन, पाकिस्तानी दूतावास बंद करने की मांग

**काठमांडू :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली युवक सहित हिंदू पर्यटकों की हत्या के विरोध में शनिवार को काठमांडू स्थित पाकिस्तानी दूतावास के सामने अलग-अलग संस्थाओं और संगठनों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। प्रदर्शनकारियों ने नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की मांग भी की।कई सामाजिक संगठनों ने सुबह से ही काठमांडू के महाराजगंज स्थित पाकिस्तानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरोध में नारेबाजी करते हुए इन प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख की तस्वीर को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया।पाकिस्तानी दूतावास के सामने प्रदर्शन करने वाले भूपेंद्र क्षेत्री ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद का पालन पोषण करने का नतीजा है कि यह पूरा क्षेत्र आतंक से ग्रसित है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना प्रमुख का हाथ है।

### कश्मीर में बलिदान हुए जवान झंटू अली को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया ज़िले के तेहट, पाथरघाटा गांव में शनिवार को हर आंख नम थी। उधमपुर में बलिदान हुए भारतीय सेना के जवान झंटू अली शेख का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा तो उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए गांव की गलियों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिधर देखो उसी तरफ से ही लोगों के जत्थे के जत्थे देश के लिए बलिदान होने वाले जवान के घर की ओर जा रहे थे। हर कोई भारत माता के जयकारों के बीच इस वीर सपूत को सलाम कर रहा था। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या के बाद उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी ऑपरेशन में बंगाल के सपूत झंटू अली शेख वीरगति को प्राप्त हुए। गुरुवार को झंटू अली के वीरगति की खबर उनके परिवार को मिली।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

सीएम हेमंत सोरेन ने स्पेन व स्वीडेन के निवेशकों को खनिजों की नीलामी व उपकरण निर्माण में निवेश के लिए दिया न्यौता

# पूरे देश के खनिज का 40 प्रतिशत हिस्सेदारी झारखंड का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन व स्वीडेन के दौरे पर गये प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को खनन क्षेत्र में विशेषकर खनिज उपकरण निर्माण व खनिज ब्लॉक की नीलामी में निवेश का न्यौता दिया. खान सचिव अरवा राजकमल व निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी. बताया गया कि झारखंड राज्य देश के उन क्षेत्रों में से एक है, जो प्राकृतिक खनिज संपदा से समृद्ध है.

यह राज्य भारत के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा समेटे हुए है. झारखंड खनिज उत्पादन के क्षेत्र में देश में पांचवें स्थान पर है और इसकी खनिज संपदा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है. राज्य कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्ट्जाइट, मैंगनीज, यूरेनियम, चाइना क्ले, ग्रेफाइट, सोपस्टोन, फायर क्ले, फॉस्फोराइट, एपेटाइट, क्वार्ट्ज, फेल्ड्सपार, सोना और पाइरोक्सीनाइट जैसे अनेकों बहुमूल्य खनिजों से परिपूर्ण है.झारखंड को कोकिंग कोल का एकमात्र उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है. इसके अलावा राज्य देश में कोयला भंडार में दूसरा, लौह अयस्क में दूसरा, तांबा अयस्क में तीसरा और बॉक्साइट में सातवां स्थान रखता है. इन सभी तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि झारखंड देश के खनिज मानचित्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

### निवेशकों को पीपीटी के माध्यम से दी गई विस्तृत जानकारी



### खनन उपकरण निर्माण में निवेश के अवसर

अधिकारियों ने जानकारी दी कि खनन क्षेत्र के विकास के साथ खनन उपकरण निर्माण में भी झारखंड में अपार संभावनाएं हैं. ड्रिलिंग रिग, आर्टिकुलेटिंग ट्रक, बुलडोजर, ड्रैगलाइन, ड्रिल मशीन, हॉल ट्रक, लोडर, मोटर ग्रेडर और एक्सकेवेटर जैसे खनन अन्वेषण वाहनों और उपकरणों का निर्माण एक बड़ा उद्योग क्षेत्र बन सकता है. इसके अलावा, खनिज प्रसंस्करण एवं शुद्धिकरण उपकरण जैसे कि ग्राइंडिंग इक्विपमेंट, मैग्नेटिक सेपरेटर, थिकनर, क्लैरिफायर आदि के निर्माण में भी निवेश के सुनहरे अवसर हैं. वाहन उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ परिवहन साधनों जैसे कि बेल्ट कन्वेयर, मोटर स्क्रैपर आदि के निर्माण में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं.

### झारखंड में खनिज संसाधनों का विभाजन

झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों में खनिज संसाधनों का व्यापक वितरण है. राज्य के कई जिलों में खनिजों का विपुल भंडार मौजूद है, जिससे राज्य को न केवल खनिज उत्पादन में बढ़त मिलती है, बल्कि उद्योगों के लिए भी बड़े अवसर उपलब्ध होते हैं.


### झारखंड में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण

निवेशकों को बताया गया कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है. राज्य की सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं लागू की हैं. बड़ी परियोजनाओं और एमएसएमई के लिए विशेष रियायतें दी जा रही हैं. ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने झारखंड इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल्स मैनेजमेंट सिस्टम (जिम्स) लागू किया है, जिससे खनन कार्यों का डिजिटलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है.

### खनिज ब्लॉकों की नीलामी और अन्वेषण के अवसर

राज्य सरकार खनिज ब्लॉकों की नीलामी के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित कर रही है. खनिज अन्वेषण में भी अनेक तैयार अवसर मौजूद हैं.

## आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा, 4 गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आंतकवाद निरोधी दस्ता ने शनिवार को एक बड़े आतंकी संगठन के झारखंड विंग का खुलासा करते हुए एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार संदिग्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े हुए हैं, सभी की गिरफ्तारी धनबाद के वासेपुर से की गई है। झारखंड में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। झारखंड एटीएस के मुताबिक हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण (यूएपीए) अधिनियम-1967 के तहत 10 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है। इस संगठन के प्रतिबंधित होने के पश्चात यह देश का पहला आपराधिक कांड है। झारखंड एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हिज्ब उत तहरीर, अलकायदा अकीस (अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट), आईएसआईएस और कुछ अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति राज्य के अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़कर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिये गुमराह कर रहे हैं। साथ ही साथ धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त हैं।एटीएस के मुताबिक यह बात भी प्रकाश में आयी कि इन संगठनों से संबंधित व्यक्तियों के जरिये धनबाद जिला में अवैध आर्म्स के व्यापार के साथ साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी का नेतृत्व एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद कर रहे थे।

**झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। झारखंड एटीएस के मुताबिक हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण (यूएपीए) अधिनियम-1967 के तहत 10 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है।**

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 7 सफाई कर्मचारियों की मौत



**एजेंसी**

**नूंह :** शनिवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा हो गया. नूंह के इब्राहिम बास गांव के पास पिकअप बेकाबू हो गई और सड़क पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को कुचल दिया. इस हादसे में 6 महिलाओं समेत सात सफाई कर्मचारी की मौत हो गई. जबकि चार इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हैं. मरने वाली सभी 6 महिलाएं नूंह के खेड़ी कलां गांव की रहने वाली थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचा और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा की मोर्चरी में रखवाया.मरने वालों की पहचान प्रेम रेशम पिस्ता, जयदेई, रचना, सतनवती के रूप में हुई है. प्रेम, रेशम, पिस्ता तथा जयदेई एक ही परिवार के सदस्य थे. इनका आपस में सास, बहू, देवरानी व जेठानी का रिश्ता था. सभी महिलाएं एक ही गांव और मोहल्ले से ताल्लुक रखती थी. इस घटना के बाद गांव में ही नहीं बल्कि इलाके में मातम पसरा है.विधायक मामन खान ने जताया दुख- घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक मामन खान इंजीनियर पीड़ित परिजनों से मिलने के लिए अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा पहुंचे.

## जंगल में पेड़ से लटकता मिला प्रेमी युगल की शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोरियो (साहिबगंज) :** थाना क्षेत्र के जेंटके कुम्हारजोरी पंचायत के करमबिठा के घने जंगल से बोरियो पुलिस ने शनिवार को एक प्रेमी युगल का शव बरामद किया है। शव की पहचान चालधोवा गाँव निवासी मनका सोरेन (18) एवं उनकी प्रेमिका लीलाटांड गांव निवासी नाबालिक शांति हांसदा (15) के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आत्महत्या का मुख्य कारण प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। बताया जाता है कि दोनों प्रेमी जोड़े कई दिनों से एक दूसरे को जानते थे। दोनों प्रेमी जोड़े बीते बुधवार से लापता थे। जिसके बाद शनिवार को ग्रामीणों ने जंगल महुवा चुनने के दौरान शव को पेड़ में लटकता देख बोरियो पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा, एसआई रामधन उराँव, एएसआई प्रभाशंकर दुबे दल बल के साथ घटनास्थल पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि शव पूरी तरह क्षत विक्षत हो चुकी है। प्रथम दृष्टता देखने से लगता है कि घटना लगभग तीन चार दिन पूर्व की है। फांसी के फंदे से आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस हर बिंदु से मामले पर छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से कपड़ा, चप्पल सहित चीजें बरामद की गई है। किशोरी मृतका के पिता शामू हांसदा ने बताया कि लड़का रिश्ते में भांजे लगेंगे। शादी के लिए परिवार से कही कुछ नहीं कहा था।

## अंतरिक्ष आपदाओं के अंतरराष्ट्रीय चार्टर का प्रमुख बना इसरो




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष संगठन को अंतरराष्ट्रीय चार्टर अंतरिक्ष और प्रमुख आपदाओं के प्रमुख के रूप में चुना गया है। इसरो छह महीने तक इस भूमिका में रहेगा, जो अप्रैल 2025 से शुरू हुई है। इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर में बीती 14-17 अप्रैल तक चार्टर की 53वीं बैठक हुई। इस बैठक में ही इसरो को अंतरराष्ट्रीय चार्टर का प्रमुख चुना गया।

इस बैठक में दुनिया की शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। 22 विदेशी प्रतिनिधि इस बैठक में हिस्सा लेने हैदराबाद पहुंचे।इसरो ने एक बयान में कहा,भारत चार्टर पर हस्ताक्षरकर्ता है, जो 2025 में अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसरो इसका संस्थापक सदस्य है।

चार्टर 17 सदस्य संगठनों के सहयोगी ढांचे के रूप में काम करता है। चार्टर, दुनिया में आने वाली आपदाओं के प्रबंधन के लिए पृथ्वी अवलोकन डेटा उपलब्ध कराता है।इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने अंतर्राष्ट्रीय चार्टर के बोर्ड सदस्यों को संबोधित किया और आपदा प्रबंधन सहायता के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में चार्टर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।इसरो ने शनिवार को बताया कि उन्होंने चंद्रयान-4 पर राष्ट्रीय विज्ञान बैठक का आयोजन किया।

यह बैठक चांद से नमूने वापस लाने वाले चंद्रयान-4 मिशन के मुद्दे पर हुई। यह बैठक 16 अप्रैल को हुई, जिसमें अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इनमें से आधे 12 रिसर्च संस्थानों के प्रतिनिधि थे।

इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम गणेश पिल्लई ने कार्यक्रम के दौरान चंद्रयान-4 मिशन के संदर्भ में राष्ट्रीय बैठक के महत्व पर जोर दिया।

## घाटी में पर्यटकों के आने-जाने पर रोक



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में ट्रेकिंग गतिविधियों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है. स्थानीय अधिकारियों ने पहले ही पहलगाम के चंदनवारी, अरु, बेताब घाटी और बैसरन घाटी सहित ऊपरी इलाकों में पर्यटकों और ट्रेकर्स की आवाजाही रोक दी है. अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि पहलगाम के सभी ऊपरी इलाकों में किसी भी प्रकार की पर्यटक गतिविधि, ट्रेकिंग पर फिलहाल पूरी तरह से रोक लगा दी गई है.जम्मू कश्मीर में हर साल हजारों की संख्या में ट्रेकिंग करने के लिए आते हैं. इस वजह से इन इलाकों में पर्यटकों की भारी आवाजाही रहती थी. गर्मियों के मौसम में भीड़ बढ़ जाती है, क्योंकि उस वक्त बर्फ पिघल जाते हैं और ट्रेकिंग के रास्ते खुलते हैं. अब यह अचानक रोक न केवल ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए एक झटका है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग के लिए भी एक चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर रही है. स्थानीय गाइड्स, पोर्टर्स, होमस्टे मालिक और दुकानदार जो मुख्यतः ट्रेकिंग सीजन पर निर्भर करते हैं, उन्हें भी इस निर्णय का आर्थिक प्रभाव झेलना पड़ सकता है.22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है. ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी गई है और ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है.

## पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से तीन की मौत, आर्थिक मदद की घोषणा

**एजेंसी**

**चेन्नई:** राज्य के विरुधुनगर जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में सात लोग झुलस गए हैं। इस घटना के पीड़ितों के प्रति तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने संवेदना व्यक्त की हैं और मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है।राज्य के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी के पास एम पुदुपट्टी में एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से इलाके में हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह जब श्रमिक इकाई के कार्य शेड के अंदर पटाखे बना रहे थे, तभी विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद आग लग गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीनों महिलाएं हैं। विस्फोट के समय फैक्टरी में एक सौ कर्मी काम कर रहे हैं।मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पटाखा फैक्टरी में विस्फोट की घटना के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

**संक्षिप्त खबरें**

### बिश्रामपुर विधायक ने किया लैब भवन का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार (पलामू) :** जिले के कंडा प्रखंड मे पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में बिश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह के द्वारा, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत 24 लाख 74 हजार रुपए के लागत से बनने वाली फिजिक्स, लैब एवं बायोलॉजी, लैब भवननिर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में पर्यावरण के बढ़ावा देने को लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु प्रभारी प्राचार्य सुमित शंकर के साथ औषधिय पौधा लगाकर वृक्षारोपण भी किया । श्री सिंह ने बोला भवन निर्माण होने से ऐवं लैब शिक्षा संस्थान में बच्चों को रिसर्च के माध्यम से नई-नई जानकारी प्राप्त करने में मदद दिलाएगी, वही सभी लोगों से स्वच्छ पर्यावरण को दृष्टिकोण में रखते हुए पौधे लगाने की भी अपील की।

# डीडीसी ने आवास एवं मनरेगा योजना की किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद अपने कार्यालय वेश्म में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास एवं मनरेगा योजना के विभिन्न इंडिकेटरों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने का आवश्यक निदेश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-(ग्रामीण) अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के विरुद्ध 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत स्वीकृति हेतु निदेश दिया।वहीं छूटे हुए योग्य लाभुकों का आवास से लाभान्वित करने की पहल करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे कार्य की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है। कोई योग्य लाभुक सर्वे में नहीं छूटे, इसके लिए जेएसएलपीएस टीम से सत्यापन कराते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत प्रतिशत सर्वे कराते हुए अच्छादन सम्बन्धी प्रमाण पत्र जिला को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।उप विकास आयुक्त ने अबुआ आवास योजना अंतगर्त वित्तीय वर्ष 23- 24 एवं 24-25 के आवास तथा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत तृतीय किस्त भुगतान हो चुके लाभुको का 15 दिनों के अंदर आवास पूर्ण कराने का निदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना 2016- 22 एवं बाबा साहेब अम्बेडकर आवास योजना में लंबित आवास का स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक माह में पूर्ण कराने का निदेश दिया। वहीं अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतगर्त लाभुकों को 95 मनरेगा मजदूरी भुगतान हेतु के एक सप्ताह के अंदर मास्टर रॉल निर्गत करने का सख्त निदेश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक, परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा के जिला समन्वयक एवं आवास योजना के जिला प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे।

# केतार में झामुमो प्रखंड कमेटी ने किया कार्यालय निरीक्षण

**ग्रामीण समस्याओं को लेकर पदाधिकारियों से की मुलाकात**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की नवगठित प्रखंड कमेटी ने शुक्रवार को शिष्टमंडल के साथ प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय केतार का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर अंचल पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से भेंट की और उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। शिष्टमंडल ने विशेष रूप से उन योजनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें सरकारी कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि योजनाओं के सही क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण और बैठक के माध्यम से झामुमो की प्रखंड कमेटी ने यह संदेश दिया कि जनता से जुड़े मुद्दों पर पार्टी सतर्क है और सरकारी व्यवस्था को जवाबदेह बनाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम के नेतृत्व में इम्तेयाज अंसारी, संजय वर्मा, उपप्रमुख शंभू सिंह, बिंदु राम, श्याम बिहारी सिंह, सुरेश प्रसाद, रामविचार साहू, श्यामाराम, दिनेश वर्मा, शिव शंकर प्रसाद, नागेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, बुद्धदेव राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहलगाम हत्याकांड को लेकर आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटको पर आतंकवादी द्वारा क्रूरता पूर्वक हमले को लेकर मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु छतरपुर में महावीर मंडल के द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया , छतरपुर के जपला (मोड़ भारत माता चौक) पर पुतला दहन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी मंदिर से लेकर भारत माता चौक होते हुए सरईडीह मोड़ महावीर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही जपला मोड़ स्थित भारत माता चौक पर पाकिस्तान का प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। इस मौके पर लोगों ने शहीदों को इंसाफ दो, आतंकवाद मुर्दाबाद, वी वांट जस्टिस और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर मंडल के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि यह हमला कोई साधारण हमला नहीं है ये देश की अस्मिता और उसके गौरव पर प्रहार है। भारत सरकार को अविलंब कार्रवाई करे और आतंकियों को चुन चुन कर मारे सरकार। वहीं महावीर मंडल के लोगों ने एक सुर में कहा कि आतंकवाद विरोधी शक्तियों के खात्मा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों का खात्मा करे। इस क्रूरतम हत्याकांड को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## पहलगाम आतंकी हमला को लेकर कैंडल मार्च निकाला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले जपला में आक्रोश मार्च व पाकिस्तान पीएम का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शहर के महावीर जी भवन से सैकड़ो की संख्या में हाँथ में तख्तियां लिए हुए लोगो ने बाजार भ्रमण किया व पाकिस्तान पीएम होश में आओ,जेहाद के नाम पर इस्लामिक आतंकवाद बन्द करो, पाक सेना अध्यक्ष कायर हैं, भारत माता की जय नारा लगाते हुए लोगो ने गांधी चौक,पुरानी बाजार लम्बी गली,मुख्य बाजार होते हुए शहर के जेपी चौक पंहुचे जँहा पर एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया गया और मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रहकर शोक व्यक्त किया गया।वंही नुक्कड़ को संचालित करते हुए सचिन आनंद ने कहा कि पाकिस्तान बार बार कायराना हरकत से बाज नही आ रहा है सरकार देश हित मे मुहतोड़ जबाब दे।वही दिनेश कश्यप ने कहा कि सेकुलरिज्म का मतलब ये नही की हमारी देश सभ्यता व संस्कृति की हत्या हो हम इस कायराना हमला को कड़े शब्दों में निंदा करते है। मौके पर आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद, संदीप सोनी, राजीव ठाकुर, बजरंग दल राजू सोनी, अक्षय कुमार सिंह,प्रमोद प्रजापति रौशन चौरसिया विपिन पटेल, विनय कांशयकार मनीष शर्मा, सजंय सोनी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वही इस घटना के विरोध में हुसैनाबाद के प्रबुद्ध लोगों ने शहर के गांधी चौक से कैंडल मार्च निकाला गया। क्षेत्र के सभी समाज के प्रबुद्ध नागरिक,कई राजनीतिक दल के लोग, समाजसेवी और स्थानीय युवाओं ने आतंकवाद विरोधी स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ गांधी चौक से होते हुए अंबेडकर चौक होते हुए जेपी चौक तक पैदल मार्च किया। अंत में एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, जेएमएम नेता डॉ0 एजाज आलम, इम्तेयाज

### अबुवा एवं प्रधानमंत्री आवास में प्रखंड मे मची है लुट : संदीप सरकार



**छत्तरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा नेता संदीप सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की आबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी अनियमितता एवं लूट मची है। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्वयंसेवक छतरपुर की मिली भगत से प्रखंड के सभी पंचायत में आवास योजना में लाभुकों से खुलेआम तसीली हो रही है, रिश्वत नहीं मिलने पर योग्य लोगो को आवास से वंचित रखा जा रहा है वही मोटी रकम लेकर अयोग्य व्यक्तियों को खुलेआम आवास का लाभ पहुंचाया जा रहा है वसूली करने वाले में स्वयंसेवक, अन्य बिचौलिया के साथ-साथ पंचायत सचिव भी शामिल है, इन तमाम गतिविधियों से अवगत होने के बाद भी प्रखंड विकास पदाधिकारी मौन है, उन्होंने पलामू उपायुक्त से मांग किया कि जिला स्तरीय टीम के गठित का अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना को जांच कराई जाए।

### पाकिस्तान का जो हश्र होगा उससे दूसरे देश सबक लेंगे : कमलेश



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूतपूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर कहा कि आतंकवादियों का यह कृत माफ करने के काबिल नहीं है। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने देश के 140 करोड़ लोगों को झकझोर दिया है। इसका करारा जवाब पाकिस्तान को मिलेगा। पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी देश ने कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मजबूत हाथों में देश की बाग डोर है। इस बार पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांगने के लायक भी नहीं बचेगा। घटना के बाद झारखंड में जश्न मनाने और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहलाम आतंकवादी हमले की मानसिकता वाले लोग झारखंड में भी हैं। वर्तमान झारखंड सरकार में भी ऐसे लोग हैं, जो शरीया को संविधान से ऊपर मानते हैं। ऐसे लोगों को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि पहलगाम के आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर गोली मारने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। शुक्रवार को दो आतंकवादियों के घरों को उड़ाया गया है, जो स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि भारत की अखंडता नरेंद्र भाई मोदी की सरकार में और मजबूत हुई है। यहां सभी लोग मिलजुल कर रहते हैं। इसे तोड़ने का पाकिस्तान असफल प्रयास पहले भी करता रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे जांबाज सैनिक इस बार पाकिस्तान का वह हश्र करेंगे की आने वाले समय में भारत की ओर आंख उठा कर देखने की भी कोई देश हिम्मत नहीं करेगा।

## बढ़ती गर्मी और धूप कहर बीस फूटा चौक पर खुला पेयजल पनशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के प्रसिद्ध व्यावसायिक विंध्याचल हार्डवेयर के प्रोपराइटर अजीत कुमार के द्वारा बीसफुटा चौक पर स्वच्छ शुद्ध पेयजल पन शाला का शुभारंभ किया। शुभारंभ के मौके पर जीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह, टीओपी टू के प्रभारी भूपेंद्र सिंह एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे,टी ओपी थ्री के जवान कौतुक पाण्डेय, सतेंद्र यादव, पंचम तिवारी, पंकज तिवारी, प्रभात शर्मा, समेत अन्य मौजूद लोगों ने राहगीर और टेंपो चालक को बताशा खिलाकर शुद्ध पानी पिलाया। इस अवसर पर विंध्याचल हार्डवेयर के प्रोपराइटर अजीत कुमार ने कहां की बढ़ती गर्मी, तपती धूप में मानव के शरीर में पानी की आवश्यकता होती है। जल है तो जीवन है। जीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ने कहा कि गर्मियों के दिन में राहगीरों के लिए, दैनिक मजदूरों के लिए जगह-जगह पर पेयजल व्यवस्था करना पुनीत का कार्य है। मौके पर उपस्थित ग्रामीण विमल किशोर बाबू, देवल चंद्रवंशी, अरुण चंद्रवंशी रामलाल चंद्रवंशी, अंजू पासवान, रामप्रीत मेहता, भोला चंद्रवंशी, संजय मेहता समेत अन्य ग्रामीण थे।

## पोषण पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने की दी गई सलाह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2)स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतिम दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा तीन से सातवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा नियमित योग और प्राणायाम करने को लेकर अभ्यास वर्ग कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर असेंबली में सभी बच्चों को पीटी एवं ड्रिल का अभ्यास हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी ने संबोधित करते हुए कहा कि अपोषणीय खाद्य पदार्थ तथा तली-भुनी चीज खाने से शरीर को नुकसान पहुंचता है जबकि पारंपरिक और पौष्टिक भोजन खाने से कई फायदे होते हैं। खानपान पर परहेज रखने पर पेट सम्बंधित बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने पोषण व स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष बल दिया। वहीं जूनियर वर्ग के इंचार्ज खुर्शीद आलम ने कहा कि बच्चे अपने लंच बॉक्स में हमेशा पारंपरिक और पौष्टिक भोजन ही लाएं।उन्होंने बच्चों को चाऊमीन, पास्ता,पिज़्ज़ा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक जैसे चीजों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से भी अपील की है कि वह अपने बच्चों के टिफिन में पौष्टिक भोजन ही दें, जंक फूड नहीं दें। योगाभ्यास के उपरांत बच्चों को उत्साह वर्धन

## विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा पहलगाम हमले को लेकर की गई आक्रोश प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बजार (पलामू) :** पहलगाम में निर्दोष सनातनी हिन्दू पर्यटकों पर हुए निर्मम एवं कायराना इस्लामिक आतंकवादी हमले के विरुद्ध मे पंडवा मोड़ (पुरानी बस स्टैंड) स्थित तीन मुहान पर नावाबजार बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन की गई। यह प्रदर्शन कार्यक्रम रेहला-औरंगाबाद मुख्य पथ को मिलाने वाली चौक पर आक्रोशित बजरंगी कार्यकर्ताओं ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ में पाकिस्तान मुर्दाबाद, इत्यादि नारों के साथ आगे बढ़ते हुए इस्लामिक आतंकवाद एवं पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया। तत्पश्चात् दिवंगत हिन्दू पर्यटकों के आत्मा की शान्ति के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी एवं दो मिनट का सामूहिक मौन धारण किया द्य आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार को हमारा पूर्ण समर्थन है और हम सभी सनातनी हिन्दू मोदी सरकार से ये माँग करते हैं कि, अविलंब इस्लामिक आतंकवाद पर कड़ा प्रहार कर उचित कार्रवाई करते हुए इस्लामिक जिहादियों द्वारा शिकार हुए निर्दोष हिन्दुओं के परिजनों को न्याय मिल सके तथा आतंकवादियों को भविष्य में कभी इस प्रकार की दुर्दांत घटना को अंजाम देने की साहस नहीं हो।

# केतार पंडा नदी पुल हादसे के पीड़ित परिवारों को झामुमो ने की सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बीते मंगलवार को केतार थाना क्षेत्र के पंडा नदी पुल पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान मुकुंदपुर पंचायत के मायर गांव निवासी 45 वर्षीय प्रेमसागर सिंह और 19 वर्षीय संजीव सिंह के रूप में हुई थी। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। मृतकों के अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) ने शामिल होकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था। उसी क्रम में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड कमेटी की ओर से मृतकों के परिजनों को राहत सामग्री के रूप में राशन उपलब्ध कराया गया। यह सहायता झामुमो की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत दी गई। सभी ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि दुख की घड़ी में राजनीतिक दलों का इस प्रकार आगे आना पीड़ित परिवारों को मानसिक और सामाजिक संबल प्रदान करता है। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम के साथ इम्तेयाज अंसारी, संजय वर्मा, सूर्यनाथ सिंह, दिनेश वर्मा, बुद्धदेव राम समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शक्तिपीठ का वार्षिकोत्सव का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट वेद माता गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शक्तिपीठ का सातवां वार्षिकोत्सव एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर की परिक्रमा करती हुई स्टेशन रोड से होते हुए जंगीपुर होते हुए पुनः शक्तिपीठ पहुंची। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में गायत्री माता की जय, शिव परिवार की जय, हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय माता जी, वैदिक संस्कृति अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर जगह- जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी जितेंद्र कुमार कमलापुरी उर्फ मंटू एवं उनकी धर्मपत्नी कंचन कुमारी विशेष रूप से शामिल रहे। भक्ति से मंदिर परिसर सराबोर रहा। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन, महाआरती और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर गायत्री माता के चरणों में अपना भाव अर्पित किया। भजन-कीर्तन के दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य लालसू राम एवं उपेंद्र कुमार ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भक्ति भाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। वहीं बांसुरी वादक व तबला वादक सुजीत कुमार और कीबोर्ड प्लेयर बिपिन कुमार के मधुर संगत ने भजनों में और भी उत्साह भर दिया। उनकी मधुर धुनों ने समूचे कार्यक्रम में संगीतमय माहौल पैदा कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को प्रातः शिव परिवार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशेष पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात पूर्णाहुति, भव्य भंडारा एवं शाम को दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। शोभायात्रा में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी, डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, ज्योतिम अखौरी प्रसाद, रामप्रसाद कमलापुरी, सुजीत अग्रवाल,युवा समन्वयक शुभम जायसवाल, नवीन मेहता,जोखू गुप्ता, राजेश जायसवाल, रवि अग्रवाल, मीना देवी, अनीता देवी, सृष्टि कुमारी, रिमझिम अग्रवाल, प्रज्ञा अग्रवाल, मानसी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### प्रचंड गर्मी में बिजली कटने लोग हुए बेहाल

**रांची** : राजधानी रांची में प्रचंड गर्मी में बिजली कटने से शनिवार को दिनभर लोग बेहाल नजर आए। रांची के विभिन्न इलाकों में सुबह से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही। वहीं बिजली विभाग ने शुक्रवार को नामकुम स्थित सब स्टेशन की मरम्मत के चलते सुबह आठ से सुबह 11 बजे तक बिजली कटे जानी की सूचना दी थी। इससे इस सब स्टेशन के दायरे में आनेवाले मेन रोड, कोकर के शहरी और ग्रामीण, नामकुम, खेलगांव, टाटीसिलवे सहित अन्य इलाकों में बिजली कटी रही। बावजूद इसके इन इलाकों में 11 बजे तक बिजली की आपूर्ति नही की गई।

### कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 12 वाहनों से 1,55,500 रुपया का दंड लगाया

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार 26 अप्रैल 2025 को जिला परिवहन पदाधिकारी राँची, अखिलेश कुमार के पर्यवेक्षण में ओरमांझी एवं मेसरा क्षेत्र में लगभग 113 वाहनों के कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्यारेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाईसेंस, ओभरलोड आदि की जांच की गई। जांच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 12 वाहनों से 155500 रुपया का दंड अधिरोपित किया गया।



# पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की चुप्पी शर्मनाक, गृहमंत्री इस्तीफा दें : फुरकान अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। लेकिन केंद्र सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता बेहद शर्मनाक है। इस भयावह घटना के विरोध में जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा चौक पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी उपस्थित रहे।पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा÷देश के गृहमंत्री अमित शाह को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। जो व्यक्ति बड़े-बड़े भाषणों में कश्मीर को स्वर्ग बनाने की बात करता है, वो आज अपने ही वादों से भाग रहा है। कांग्रेस पार्टी अब चुप नहीं बैठेगी। अगर इस्तीफा नहीं दिया गया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। मैं देश की तमाम राजनीतिक पार्टियों और मंचों से अपील करता हूँ कि वे एकजुट होकर इस कायराना आतंकी हमले का पुरजोर विरोध करें। यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने का है। हमें मिलकर यह तय करना होगा कि इस तरह की नापाक हरकतों का मुँहतोड़ जवाब कैसे दिया जाए। यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार इस मामले में पूरी तरह से विफल रही है और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इस घटना को दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रही है। मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूँ कि आतंकवादियों का कोई धर्म, जात या मजहब नहीं होता – वे केवल मानवता के दुश्मन होते हैं।

हम सब इस घटना की घोर निंदा करते हैं और केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं।÷कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट संदेश है÷ देश की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और असफल नेताओं को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

हम शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। यह केवल कैंडल मार्च नहीं, यह देश की सुरक्षा के लिए एक चेतावनी है – अब और चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए!

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु मंडल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुक्ता मंडल, अशोक नायक, इरशाद उल हक अर्शी, विनोद छतरी, तनवीर आलम, बुलू चक्रवर्ती, मुश्ताक अंसारी, अमरनाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वोटबैंक के लालच में कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा कि विदेशी घुसपैठ की समस्या झारखंड में विकराल रूप लेती जा रही। कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित गांव में जहां कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता, वहां 3 हजार मुस्लिम बच्चों का आधार कार्ड बन जाना झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।कहा कि मस्जिद मदरसों में घुसपैठिए को शरण देकर उनका अवैध दस्तावेज़ तैयार किए जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है। इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है। कहा कि वोट बैंक और सत्ता के लालच में झामुमो कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है।भारतीय जनता पार्टी झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, ताकि मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे हालातों से झारखंड को बचाया जा सके।


# आरपीएफ ने रांची स्टेशन से की शराब जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन सतर्क के तहत रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से शराब जब्त की है। निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने शनिवार को बताया कि रांची रेल मण्डल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चला रहा। इसी क्रम में निरीक्षक शिशुपाल कुमार के नेतृत्व मे रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर तलाशी के दौरान एक सफेद रंग का थैला संदिग्ध स्थिति में पाया गया, जिसकी आसपास कोई मालिक नहीं था। काफी प्रयासों के बावजूद जब कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया तो मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष थैले की जांच की गई । इस दौरान शराब की 20 बोतलें बरामद की गई । बरामद शराब की अनुमानित मूल्य छह हजार 800 रूपये आंकी गई है।

# जमीअतुल मोमेनीन चौरासी चुनाव को लेकर मतदाता सूची किया जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची अंजुमन इस्लामिया के कॉन्फ्रेंस हॉल (मुसाफिरखाना) में जमीअतुल मोमेनीन चौरासी चुनाव -2025 के मद्देनजर चुनाव संयोजक कमिटी और जमीअतुल मोमेनीन चौरासी झारखण्ड के जिम्मेदारों संयुक्त उपस्थिति में फाइनल वोटर लिस्ट जारी किया गया द्य जिसमें शहरी और देही (ग्रामीण) इलाकों से कुल 145 मोमिन पंचायतों / अंजुमनों (ग्रामीण क्षेत्र) से कुल 725 लोगों को सदस्य (वोटर) बनाया गया है। साथ ही नॉमिनेशन की शुरुआत कर दी गई है, जिसमें शहरी क्षेत्र के 2 उम्मीदवारों ने नॉमिनेशन फॉर्म लिया हैद्य नॉमिनेशन का लिए 30 अप्रैल 2025 को रात 8ऱ00 बजे तक का समय दिया गया हैद्य मुख्य चुनाव संयोजक श्री जुनैद आलम ने सभी मोमिन पंचायतों / अंजुमनों (ग्रामीण क्षेत्र) से निवेदन किया है, कि ज्यादा से ज्यादा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के काबिल लोगों को उम्मीदवार बनाकर नॉमिनेशन कराये। इस कार्यक्रम में जमीअतुल मोमेनीन चौरासी के चुनाव संयोजक कमिटी से जुनैद आलम, मो0 नौशाद, जमील अख्तर, अकिल अख्तर, सहित जिम्मेदारान इजहार अंसरी, शमीम अंसारी,मोजम्मिल, नूर आलम, नुरुल होदा, मो0 अतीक, मो0 सरताब, मो0 जावेद, मो0 लतीफ, अरशद जिया, नशर इमाम सहित अन्य लोग शमिल थे।

# नि शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : शनिवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन उदय मेमोरियल बी.एड कॉलेज,नेवरी विकाश में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर,शुगर,जेनरल रोग जांच,नेत्र रोग जांच,दंत रोग जांच,एवम हियरिंग (सुनने) की जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी,रामकरण कुमार,का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेदांता हॉस्पिटल के डॉश प्रतिमा,विकाश कुमार पाठक,मुकुंद मिश्रा,पुतुल,प्रभा कुजूर सेंटर फॉर साईट आई हॉस्पिटल के डॉश सोनिता,डॉश निशु कुमारी,पीयूष कुमार,कल्पना हियरिंग एंड स्पीच क्लीनिक का साहिल राज,साकेत कुमार, सिनर्जिक डेंटल क्लीनिक के डॉश राजेश कुमार, सोमरी देवी,बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर एवम उदय मेमोरियल बी एड कॉलेज के चेयरमेन संतोष महतो,डायरेक्टर राजेश कंडेरवार, प्रिंसिपल डा0 चंदन कुमार पंकज, दयामनी कुमारी, डा0, रुबीना सिंह,डॉशमनोज, कुमार, डॉश अलका कुमारी,स्वाती अंजना टोप्पो,राखी कुमारी, संदीप,रेहान फजल,नम्रता कुमारी सहित अन्य का सहयोग रहा।

# झारखंड के 10 जिलों में 28 को होगी ओलावृष्टि और वज्रपात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के 10 जिलों में रविवार को ओलावृष्टि, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 28 अप्रैल से दी तीन मई तक राज्य भर में तेज हवा, गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि होने की आशंका है। यह स्थिति बंगाल की खाड़ी से झारखंड में नमी के प्रवेश करने से बनी है। मौसम में होनेवाले इस बदलाव की वजह से झारखंड के अधिकांश जिलों में लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी और तापमान में 5 से 10 डिग्री तक की गिरावट होगी।

**मौसम खराब होने पर बरते ये सावधानी:** मौसम विभाग ने गर्जन और वज्रपात की स्थिती में लोगों से बिजली के खम्भों के पास नही रहने, ऊंचे स्थानों पर चढ़ने से बचने, टूटे- फूटे मकान के पास नही रहने तथा पेड़ के नीचे खड़ा नहीं रहने की अपील की है। विभाग के अनुसार मौसम में यह बदलाव को काल बैसाखी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें गर्जन, वज्रपात, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलती हैं। वहीं शनिवार को रांची सहित पूरे राज्य भर में प्रचंड गर्मी महसूस की गई। सुबह होते ही कड़ी धूप से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। शनिवार को रांची में तापमान 39.3 डिग्री, जमशेदपुर में 42.9, डाल्टेनगंज में 43.5, बोकारो में 42.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# एसआर डीएवी पुंदाग में नए प्राचार्य ने संभाला पदभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के प्राचार्य एसके मिश्र का स्थानांतरण डीएवी पब्लिक स्कूल, बोकार, सेक्टर - चार के प्राचार्य के पद हो गया। स्कूल के नए प्राचार्य डॉ तापस घोष ने प्राचार्य का पदभार शनिवार को ग्रहण किया। डॉ तापस घोष पूर्व में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू में प्राचार्य रह चुके हैं। वहीं स्कूल के पूर्व डॉ एसके मिश्र स्कूल परिवार ने भाव - भीनी विदाई दी। नये प्राचार्य डॉ तापस घोष दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में भी विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक के रूप में कार्य करने का दीर्घकालीन अनुभव प्राप्त है।

वे विगत तीस वर्षों से अध्ययन - अध्यापन से जुड़े रहे हैं। उनकी योग्यता तथा काम कर चुके हैं। उन्हें स्कूल और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट विज्ञान शिक्षक का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर डॉ तापस घोष ने डीएवी सीएमसी के गणमान्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो अवसर दिया गया है उसे वे पूरे समर्पण भाव के साथ पूरा करेंगे। उन्हों ने कहा कि विद्यार्थियों को समझना चाहिए कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और सभी को अपनी क्षमता के अनुसार अपने सीखने के स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास करना चाहिए। सभा में सभी कक्षाओं के विद्यार्थी और उनके शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# सड़क सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता 2025 का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुरु नानक स्कूल में सड़क सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता 2025 का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक जमाल ए. खान द्वारा एसआईपी अकैडमी इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।इस प्रतियोगिता में रांची के छह विभिन्न विद्यालयों से आए 2,400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और चार अलग-अलग सत्रों में रंगों व कल्पनाओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी पेंटिंग के जरिए यह संदेश दिया कि कैसे सड़क पर सुरक्षित रहना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यह प्रतियोगिता आने वाले समय में विभिन्न विद्यालयों के साथ भिन्न-भिन्य चरणों में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालयों से 18) विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया जाएगा तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जमाल ए. खान, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मेज़बानी इकबाल सिंह होरा, राज्य प्रमुख - झारखंड द्वारा की गई। मुख्य अत्तिधि खान ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, सड़क सुरक्षा सिर्फ नियमों तक सीमित नहीं है, यह एक जीवनशैली है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में जागरूकता पैदा होती है जो आगे चलकर समाज में बदलाव लाते हैं। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे एक सार्थक पहल बताया। एसआईपी अकैडमी के इकबाल सिंह होरा ने कहा कि संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

# रिम्स निदेशक ने सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक का किया निरीक्षण, सुधार के लिए दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स प्रभारी निदेशक प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह ने रिम्स संस्थान परिसर और सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ को देखते हुए निदेशक ने दो नए काउंटर, पुरुष और महिला के लिए अलग-अलग निर्माण करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने यहां के ओपीडी काउटर पर उचित रोशनी की व्यवस्था करते हुए खराब पंखों को जल्द से जल्द ठीक कराने के भी निर्देश हैं। निरीक्षण के दौरान सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में स्थापित सभी वाटर कुलर खराब पाए गए जिसे डॉ सिंह ने ठीक कराने अथवा नए वाटर कुलर स्थापित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा ब्लॉक में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए निदेशक ने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक ही अटेंडेंट को रहने की अनुमति देने के निर्देश दिए हैं। कॉर्डियोलॉजी इमरजेंसी ट्रॉली व व्हील चेयर की कमी को देखते हुए निदेशक डॉ सिंह ने संबंधित अधिकारियों को कम 10 ट्रॉली/ व्हीलचेयर की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।वहीं काडियोलॉजी के टीएमटी जांच क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से मरीजों को होने वाली परेशानी को देखते हुए निदेशक डॉ शशि बाला सिंह ने शीघ्र एसी स्थापित कराने के निर्देश हैं। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हिरेंद्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, संपदा पदाधिकारी प्रो (डॉ) शिव प्रिय, उपाधीक्षक 2 डॉ राजीव रंजन भी मौजूद थे। वहीं आयुष्मान व बीपपीएल मरीजों को एम आर आई कराने में हो रही परेशानी को देखते हुए निदेशक ने हेल्थ मैप के सेंटर हेड के साथ बैठक किया। बैठक में मरीजों के हित को देखते हुए रिम्स में आयुष्मान तथा बीपीएल मरीजों अब हेल्थ मैप से निःशुल्क एम आर आई की सुविधा देने पर सहमति बनी है। अपर चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में आयुष्मान व बीपपीएल मरीजों को Allow Free करने हेतु एक पंजी अनुरक्षित की जाएगी, जिसके आधार पर हेल्थ मैप के हर महीने के विपत्र भुगतान की कार्यवाई की जाएगी। मरीजों के लिए जगह जगह पानी की व्यवस्था की जा रही है जिसमें से 3 water purifier cum cooler आज ओपीडी परिसर में लगाए गए हैं बाकी के 9 अगले सप्ताह तक लग जायेंगे। साथ ही रिम्स प्रबंधन के संज्ञान में आया है कि कई water purifier के साथ छेड़छाड़ किए जाने के कारण काम नहीं कर रहे हैं एवं water purifier के बिजली प्वाइंट का उपयोग लोगों द्वारा मोबाइल चार्जिंग के लिए किया जा रहा है। इन सभी कारणों को देखते हुए water purifier के आसपास सुरक्षात्मक आवरण बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा रिम्स में क्रय प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु AIIMS नई दिल्ली के तर्ज पर एक Technical Specification °´Ç Evaluation Committee के गठन का निर्णय लिया गया है। साथ ही फ़ाइल अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने एवं अवरोधों को चिन्हित कर दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे ताकि पूरी प्रक्रिया सरल एवं सुगम हो सके।

# झारखंड में रह रहे 10 पाक नागरिकों को वापस फिलहाल नहीं भेजा जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पाकिस्तान के 10 नागरिक निवास कर रहे हैं, जिनमें तीन नाबालिग हैं। ये नागरिक झारखंड की राजधानी रांची, धनबाद, जमशेदपुर और हजारीबाग में मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार 10 में से सात पाकिस्तानी नागरिकों को लॉन्ग टर्म वीजा प्राप्त है जबकि तीन पाकिस्तानी नागरिक नाबालिग हैं। तीनों फिलहाल वीजा पर अपने ननिहाल में रह रहे हैं। विदेशी नागरिकों का मामला देखने वाले एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह निर्देश दिया है कि लॉन्ग टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान फिलहाल नहीं भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि जो सात पाकिस्तानी नागरिक लॉन्ग टर्म वीजा पर यहां रह रहे हैं। वे फिलहाल पाकिस्तान वापस नहीं जाएंगे। वहीं 10 में से तीन पाकिस्तानी नागरिक दो से लेकर 10 साल के बच्चे हैं। तीनों हाल में ही पाकिस्तान के कराची से रांची आए हैं। क्योंकि तीनों नाबालिग हैं और जिस तरह से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी चल रही है। ऐसे में भारत में रह रही तीनों बच्चों की मां को फिलहाल पाकिस्तान जाने का वीजा नहीं मिलेगा। वहीं उनके पिता को भी पाकिस्तान से भारत आने का वीजा नहीं मिल पाएगा। ऐसे में तीनों बच्चे अकेले पाकिस्तान कैसे जाएंगे, यह बड़ा सवाल है। इस मामले पर झारखंड सरकार का गृह विभाग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंतव्य मांगा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से दिए गए निर्देश के अनुसार तीनों बच्चों को भारत में रहना है या पाकिस्तान भेजना है इस पर फैसला लिया जाएगा। राजधानी रांची में रहने वाली तीन लड़कियों की शादी पाकिस्तान में हुई है। तीनों लड़कियां लॉन्ग टर्म वीजा के अनुसार झारखंड में निवास कर रही हैं, लेकिन उनके बच्चे गर्मी की छुट्टियों में पाकिस्तान से झारखंड आए हुए हैं।

# पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष पर्यटकों को गोली मारकर हत्या करने जैसी कायरतापूर्ण घटना के विरोध में शनिवार को पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकाला। अल्बर्ट एक्का चौक पर कई दर्जन पत्रकारों ने हाथों में कैंडल और तख्ती में विरोधपूर्ण स्लोगन से साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों ने 27 निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई और केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर निरंजन भारती, पिंटू दुबे, चंद्र प्रकाश रावत , अक्षय तिवारी, फिरोज जिलानी, मो वसीम, विनय कुमार, प्रदीप ठाकुर, सनी, नसीम, मिथलेश, रिजवान, चन्दन,सलमान मुजफ्फर, सबा अंसारी, वंदना, कैश कुमार समेत दर्जनों पत्रकारगण मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने पिपरवार मे दो घंटे कोयला ढुलाई का काम रखा बन्द



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार क्षेत्र के बैनर तले क्षेत्र में संचालित रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने एवं 100 एमएम कोयला देने की मांग को लेकर शनिवार की सुबह क्षेत्र की कोयला ढुलाई को बंद कर दिया।इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के 16 नम्बर कांटा के समीप सैकड़ो ट्रक मालिक सड़क पर उतर कर कोयला ढुलाई का काम बंद करा दिया।कोयला ढुलाई का काम बंद होने से ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कोल वाहनों की लंबी कतार लग गई।इस संबंध में ट्रक मालिकों ने बताया कि क्षेत्र में संचालित रोड सेल के माध्यम से ट्रक का परिचालन कर सैकड़ो विस्थापित ग्रामीणों का रोजगार चल रहा है।लेकिन पिछले कुछ वर्षो से रोड सेल में कोयला की कटौती किए जाने के कारण ट्रक मालिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रक मालिकों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा डिस्पैच के लिए कोयला आवंटित है,प्रत्येक दिन कोयला डिस्पैच किया जा रहा है,लेकिन रोड सेल के लिए कोयला मुहैया नहीं कराया जा रहा है,जिसके कारण ट्रक मालिकों की स्थिति काफी दयनीय होती जा रही है।ट्रक ऑनर एसोसिएशन के द्वारा कई बार सीसीएल प्रबंधन से रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन इस पर किसी तरह का पहल नहीं किया गया, जिसके बाद आक्रोशित ट्रक मालिकों ने एसोसिएशन के नेतृत्व में कोयला ढुलाई को बंद करा दिया गया है।इसके अलावा माईनर्स 100 एमएम का कुल 56 हजार टन कोयला दिया गया था,जिसमे 100 एमएम का मात्र 11 हजार टन कोयला का उठाव किया गया है बाकी 45 हजार टन कोयला लेप्स होने की कगार पर है ऐसे में 100 एमएम का बचा हुआ 45 टन कोयला उठाने के लिए प्रबधंन से समय अवधि बढ़ाने की मांग की जा रही है।इन्हीं दो मांगों को लेकर कोयला ढुलाई का काम बंद कराया गया है।एसोसिएशन द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सभी ट्रक मालिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे।इधर बंदी की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और सीआईएसएफ मौके पर पहुंचकर ट्रक मालिकों से बात किया,लेकिन ट्रक मालिक अपनी मांगों पर अडिग रहा।दोपहर मे पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में वार्ता हुई,जिसमें काफी विचार विमर्श के बाद प्रबंधन के द्वारा वरीय अधिकारियों से बात कर एक मई से 100 एमएम कोयले का उठाव कराने और रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने का आश्वासन दिया।प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद ट्रक मालिक शांत हुए और करीब दो घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम चालू हो सका।इस मौके पर प्रबंधन की ओर से जीएम संजीव कुमार,अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह,डिस्पैच ऑफिसर राजेंद्र कश्यप के अलावा एसोसिएशन की ओर से सुखी गंझु, महेंद्र भोक्ता,विजय महतो,शकील अंसारी,रचित गंझु,प्रेम ठाकुर,लियाकत अंसारी,इदरीश अंसारी,अशोक महतो,अरशद अंसारी,जमीर अंसारी,सरवन महतो,अमर कुमार महतो, मोहम्मद फरियाद,वसीम रजा,मोहम्मद असलम सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक व लिफ्टर मौजूद थे।

## विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का आयोजन आरटी सीआईटी में उत्साहपूर्वक संपन्न

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर.टी.सी. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित किया गया।जिसकी समन्वयक रहीं बिनिता कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरविंद कुमार, अध्यक्ष IIC, RTCIT ने की। इस अवसर पर उप प्राचार्या डॉ. मनीषा कुमारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता डॉ. आलोक कुमार ने संबोधित करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे ये अधिकार नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को संरक्षित कर समाज व राष्ट्र की प्रगति की ओर अग्रसर करते हैं।इस वर्ष के थीम ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने और मूल विचारों की सुरक्षा में IPR की भूमिका को उजागर किया। सभी प्रतिभागियों के लिए यह एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन और भागीदारी सभी के सहयोग से सुनिश्चित हुआ। उत्पल कुमार राय ने IIC की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों,आयोजकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।



## पिपरवार के बेंती गांव में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत सचिवालय में शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता ... और संचालन ने किया।बैठक में यूनियन को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने सहित संगठित एवं असंगठित मजदूर व विस्थापितो की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही पीट आफिस में पीने का ठंडा एवं शुद्ध पेयजल, शौचालय, कैंटीन,रेस्ट सेल्टर,सर्विस बुक मे सुधार,आवास आवंटन व मरम्मत,कॉलोनी में सुचारू रूप से सफाई,सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बकाया भुगतान,असंगठित मजदूरों का निजी कम्पनियों मे बहाली एवं कार्यरत कर्मियो को एचपीसी की अनुशंसा के मुताबिक भुगतान एवं सुविधा मुहैया कराने, आरएंडआर पालिसी के तहत विस्थापितो को नौकरी, मुआवजा, रोजगार, पहचान पत्र,शिक्षा,चिकित्सा आदि मुद्दे पर गहन विचार विमर्श कर संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया।



## मोदी केयर इंडिया के द्वारा बचरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को मोदी केयर इंडिया के द्वारा निःशुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर मे दर्जनों लोगो का उच्च रक्तचाप, मधुमेह,वजन और लंबाई सहित अन्य कई प्रकार की जांच की गई।जांच के बाद मोदी केयर टीम के द्वारा लोगों को जरूरी सलाह एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस संबंध में हेल्थ एडवाइजर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मोदी केयर इंडिया के द्वारा शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें लोगों का निश्शुल्क उपचार व जांच किया जा रहा है।उपचार के बाद उन्हें जरूरी जानकारी एवं दवा भी प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि वर्तमान के इस दौर में लोगो को अपने शरीर एंव सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



## आरटीसी पब्लिक स्कूल में कराटे बेल्ट सेरेमनी का सफल आयोजन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में उत्कल कराटे स्कूल (झारखंड शाखा) के तत्वावधान में कराटे बेल्ट सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन आरटीसी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो उत्कल कराटे स्कूल झारखंड के चीफ एग्जामिनर सेसाई महादेव गोप एवं नकुल यादव ने संयुक्त रूप किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं भविष्य में राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। साथ ही, विद्यालय में कराटे प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा, ताकि छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं आत्मरक्षा की भावना का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बेल्ट श्रेणियाँ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पलैश बैश किड्स पूल पार्टी का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने प्री-प्राइमरी विंग के छात्रों के लिए एक मजेदार 'स्पलैश बैश'- पूल पार्टी का आयोजन किया जो नन्हे-मुन्नों के लिए एक आनंददायक और तरोताजा कर देने वाला अनुभव था। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। नन्हे-मुन्नों ने चमकीले स्विम सूट पहनकर जल के छींटों से सराबोर, ठंडे-ठंडे पानी का आनंद लिया। शिक्षकों ने छात्रों को रोमांचक एवं संगीतमय खेलों में शामिल किया। इस कार्यक्रम ने बच्चों में सामाजिक कौशल विकसित करने के साथ-साथ एक आरामदायक माहौल में शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित किया। 'स्पलैश बैश' गर्मी को मात देने और स्थायी यादें बनाने का एक बेहतरीन तरीका साबित हुआ जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।




## लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट का क्वार्टर फाइनल झारखंड ज्योति क्लब जीता

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट के अंतर्गत आज क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड ज्योति क्लब और विधान सभा सीसी के बीच मैच खेला गया जिसमें झारखंड ज्योति ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 8 विकेट खोकर 288 रन बनाए। टीम की ओर से शोएब ने शानदार शतकीय पारी खेली उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 99 गेंदों में 129 रनों की पारी खेली जिसमें 18 चौके और 5 छक्के शामिल रहे,उनके अलावा वासिक ने 35,आसिफ 21 और एफ़सान ने 17 रन का योगदान दिया। विधानसभा सीसी की ओर से हरित ने 70 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए।जवाबी पारी खेलने उतरी विधानसभा सीसी की टीम 213 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

# वक्फ संशोधित कानून मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है : फैसल रहमानी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** शनिवार दोपहर 1 बजे वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध में शनिवार को बालसोकरा में वक़्फ़ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस आयोजन किया गया। जिसमे चान्हो कुडू मांडर से कई गांव के महिलाएं और पुरुष ने वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शामिल हुए। सभी लोगों ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून को धार्मिक अधिकारों पर हमला मानते हुए इसे वापस लेने की मांग की। और सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की और कहा कि यदि हमारे मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो पूरी झारखंड में विरोध जारी रखेंगे। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी ने किया कार्यक्रम में काफी संख्य में राजनेता और समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी* ने कहा कि कोई भी कानून देश और राज्य हित में बनाया जाता है, परंतु जिस कानून से पूरा समाज नाराज हो वैसे कानून का कोई मतलब नहीं है। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में वक्फ संशोधित कानून लागू नहीं किया जाएगा। भाजपा मुसलमानों को परेशान करने के लिए इस बिल को लाकर संसद से पास कराई है। लेकिन झारखंड में इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून मुसलमानों के धार्मिक स्वायत्तता और मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।वंही मुस्लिम समाज के सुझव पर भी सरकार ने कोई अमल नहीं किया आगे उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के खिलाफ ये आंदोलन नए कानून को वापस कराने तक जारी रहेगी। इदार ए शरिया के नाजिम ए आला कुतुबुद्दीन रिज़वी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के बिना सहमति के कानून में संशोधन किया गया है इसे वापस लेने तक आंदोलन जारी रहेगा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को ज्ञापन सौंपकर वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ झारखंड में एक्ट बनाने की मांग किया गया ताकि राज्य में कानून लागू नही हो सके। कार्यक्रम का संचालन मौलाना जयाउर रहमान ने किया। मौके पर मुत्ताहिदा ओलमा मिल्ली कार्उसिल के अध्यक्ष जाहिद इक़बाल सचिव रहमतुल्लाह अंसारी अमन ग्रुप के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी हक़ीम अंसारी अंजुमन इस्लामिया मांडर के अध्यक्ष नुरुल्लाह हबीब नदवी सचिव अफ़रोज़ अंसारी झारखंड अंजुमन महा पंचायत से जुनेद अनवर अंजुमन इस्लामीया राँची के सचिव मोहम्मद तारिक़ तनवीर अहमद मौलाना अबुल कलाम हलीम अंसारी नौशाद अंसारी शफीक अंसारी मौलाना गाज़ी सलाउद्दीन हाफिज अब्दुल अजीज मौलाना अब्दुल क़य्यूम क़ारी असजद मौलाना आज़ाद वेलफेयर से मिस्टर आलम, इरशाद इमाम गफ्फार अंसारी।जिला परिषद् आदिल अज़ीम,‚ढ्ढस्ढ्ढरूके प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर , संजय महली, नुरुल्लाह हबीब नदवी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्लाह अंसारी, मौलाना नूरूल हसन मौलाना कयूम, समेत कई मुस्लिम संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मासिक लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण के लिए किया गया। उक्त लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एन0 आई0 एक्ट0 के मामले, बिजली संबंधित मामले, प्रस्तुत किए गए। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में उक्त पांच बैंचो के माध्यम से न्यायालय में लंबित 14 मामलों का निष्पादन किया गया। तथा(1,87,467)/ एक लाख, सतासी हजार, चार सौ सरसठ राशि का, सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर प्रथम बैंच में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक एवं कविता कुमारी, तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार एवं सुमित कुमार कश्यप, चतुर्थ बैंच पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम एवं अनिभा तिर्की पंचम बैंच में अस्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष के0 के0 सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक एवं रूबी कुमारी, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी उपस्थित रहे।



## संगठन सृजन बैठक आयोजित किया गया

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव स्थित शुभारंभ बैंक्वेट में बैठक आयोजित कर सभी 14 पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी व सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों की मौजूदगी में प्रखंड कांग्रेस कमिटी का पुनर्गठन किया गया. सर्वसम्मति से बलराम साहू को फिर से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया. उपाध्यक्ष जीतराम उरांव एवं बालेश्वर यादव, महासचिव हीरालाल मुंडा, धनंजय साहू, राजेंद्र लोहरा, महावीर लोहरा, कालीचरण सिंह, कुदूस अंसारी, देवनारायण सिंह और सरवर आलम को बनाया गया. कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत हर पंचायत टोला वार्ड की कमेटी बनाकर संगठन को और धारदार बनाने का निर्णय लिया गया. कांके के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने बताया कि आगामी 3 मई को शहीद मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांके विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे. बैठक में मुख्य रूप से बुढ़मू प्रखंड कांग्रेस आब्जर्वर इंदिरा तुरी, पूर्वी मंडल के आब्जर्वर जाकिर हुसैन, पश्चिमी मंडल के आब्जर्वर सदन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे.



## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की जयंती

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को स्वामी दयानंद के अनन्य शिष्य पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी जी की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने दीप जलाकर एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि पंडित गुरूदत्त जी आर्य समाज के प्रमुख नेताओं में से एक थे और उन्होंने डीएवी कॉलेज की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई।डीएवी संस्थान के प्रति उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।जयंती कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल के शिक्षक ओपी यादव के द्वारा हवन यज्ञ कराया गया।हवन यज्ञ कार्यक्रम में स्कूल के कई बच्चे एवं शिक्षक भी शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना में 28 लोगो की मौत पर शोक प्रकट किया गया।मौके पर उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की,साथ ही घटना में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## खड़े वाहन में लगी आग में वाहन जलकर हुआ राख

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पोड़ैयाहाट मुख्य मार्ग एनएच 133 सुगाबथान समीप मैनेजर हांसदा के घर के आगे खड़ी स्कॉर्पियो वाहन संख्या जेएच 03 आर 6376 को आग के हवाले अज्ञात लोगों द्वारा कर दिया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार आम दिनों के तरह स्कॉर्पियो वाहन को घर के आगे खड़ा कर घर में सो रहे थे, रात्रि दो बजे लोगों को धुंआ एवं आग की लपटें दिखायी दी। इतने में ही आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकलकर घटनास्थल पहुंचे, जहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी और सभी के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस बीच लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी। जानकारी मिलते ही गश्ती में तैनात अनिल मरांडी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच में जुट गयी। घर के दरवाजे के आगे ट्रैक्टर, टोटो, ऑटो एवं अन्य वाहन खड़े थे। ग्रामीणों की तत्परता से सभी वाहन को बचाने में कामयाब रहा। वहीं घटना में अगलगी की घटना में स्कॉर्पियो वाहन में आंशिक क्षति हुई है।

## महागामा में चला नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान

**महागामा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महागामा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत बाइक चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की अपील पेट्रोल पंप संचालकों से की गई है।इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार महतो, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान मौजूद रहे।एसडीपीओ ने कहा कि यह अभियान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पहल की सराहना की।

# सुदेश महतो ने झालदा पहुंचकर शहीद के परिवार की से भेंट



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद मनीष रंजन के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन, झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने झालदा पहुंचकर शहीद के परिवार से भेंट की और गहरी संवेदना व्यक्त की। महतो ने शहीद मनीष रंजन के परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा, यह सिर्फ एक परिवार का नहीं, पूरे झारखंड का दुख है। शहीद मनीष रंजन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जाएगा। आजसू पार्टी आपके साथ परिवार की तरह मजबूती से खड़ा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार से मिलकर शहीद के परिवार को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी और मनीष रंजन की शहादत को सम्मान और न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाया जाएगा। इस दौरान श्री महतो ने शहीद मनीष रंजन के दस वर्षीय पुत्र से भी मुलाकात की। भावुक क्षणों में उन्होंने बच्चे को सांत्वना देते हुए कहा,तुम अकेले नहीं हो; पूरे झारखंड और देश की जनता तुम्हारे साथ है। तुम्हारे पिताजी का बलिदान हमारे दिलों में अमर रहेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री महतो ने पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकवादी हमले की तीव्र निंदा करते हुए आक्रोशपूर्ण स्वर में कहा, अब धैर्य की सीमाएं टूट चुकी हैं। निर्दोषों के रक्त का हिसाब लिया जाना चाहिए। सरकार को निर्णायक और कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि ऐसे कायरतापूर्ण हमलों का करारा जवाब दिया जा सके।उन्होंने स्पष्ट किया कि आजसू पार्टी शहीद के परिवार के साथ एक परिवार की तरह खड़ी रहेगी।इस मौके पर आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, जिनमें – जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, गौतम कृष्ण साहू, जलनाथ चौधरी, नमन ठाकुर, विज्ञान जी, जितेंद्र बड़ाइक, श्रीमती आरती देवी, आतिश महतो, राजेश महतो, अशोक साहू, अजय महतो, नीतीश महतो, कार्तिक महतो, विकाश महतो इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी नेताओं ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन घड़ी में वे अकेले नहीं हैं।

# 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवं 12 दिवसीय वेजिटेबल फॉर्मिंग और नर्सरी मैनजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवम् 12 दिवसीय वेजिटेबल फॉर्मिंग और नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर,मुख्य अतिथि श्रीमती वीणा देवी जिला उपाध्यक्ष राँची के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड सोनाहतु, राहे, नामकुम, लापुंग ओरमांझी, से आए 70 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग मन से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे क्योंकि महिलाएं भी टेलरिंग के क्षेत्र में और वेजिटेबल नर्सरी के क्षेत आए और ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाए, क्योंकि आज के समय में काफी मांग है बाजारों में, प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे, यहां पर व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है।

# बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी और बाल मजदूरी समाप्त करने का लें संकल्प : विनय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** साथी, एक्सेस टू जस्टिस,एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वाधान में बाल संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, डालसा और भोलेंटियर के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन साथी के सभागार में किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने कहा कि पूरे देश में लाखों लड़कियों के बारे में शिद्दत से सोचने, कार्रवाई करने और सबसे बढ़कर उन लड़कियों के जीवन को बदलने की प्रतिबद्धता का समय है, जो लंबे समय से भेदभाव और असमानता के चक्र में फंसी हुई हैं। इसलिए अब सभी हितग्राहियो के सामूहिक भागीदारी से बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी और बाल मजदूरी समाप्त करने के लिए संकल्प ले और गोड्डा को इन कुरीतियों से मुक्त करें। डॉ0 नीरज कुमार ने कहा कि भारत समेत दुनियाभर में बाल विवाह आज भी लड़कियों के बचपन, स्वास्थ्य, शिक्षा और करियर पर सबसे बड़ा ग्रहण है। 21 सदी में भी परंपराओं की बेड़ियां इतनी मजबूत हैं कि पसंद के बजाय केवल स्वीकार की मांग करती है। लाखों लड़कियों के लिए यह दुस्वप्न एक वास्तविकता है, लेकिन देश मे अब बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता के साथ बदलाव की शुरुआत हो चुकी है।

# ई-कोर्ट से सर्वसुलभ न्याय प्राप्त होता है : सहाय

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्यूडिशियल एकेडमी झारखंड के निर्देशानुसार शनिवार को व्यवहार न्यायालय के पुस्कालय सभागार में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों का एक दिवसीय ई-कोर्ट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा एवं महासचिव योगेश चंद्र झा ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आनलाइन न्यायिक प्रक्रिया बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाली है । शीघ्र ही हमारी पूरी न्यायिक प्रक्रिया आनलाइन हो जाएगी । हम आनलाइन किसी केस को दाखिल भी कर सकते हैं, केस के बारे में पता भी कर सकते हैं। केस में हम सर्टिफाइड कापी भी ले सकते हैं। आनलाइन ई- पेमेंट भी कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर अजीत कुमार सहाय बताया कि कहा कि आनलाइन न्यायिक प्रक्रिया के बारे में सभी अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक को जानकारी रखनी चाहिए। अधिवक्ता को आनलाइन न्यायिक प्रक्रिया के बारे में जानना बहुत जरूरी है क्योंकि इस प्रक्रिया के द्वारा हमें सम सुलभ न्याय प्राप्त होता है। आने वाले दिनों में पूरी न्यायालय पेपरलेस हो जाएगी और सभी कार्य आनलाइन किया जाएगा। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मद्रास हाई कोर्ट पूरी तरह आनलाइन हो गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में दर्जनों अधिवक्ता व अधिवक्ता लिपिक शामिल थे।

# योजनाओं की हकीकत जानने गांव-गांव पहुंचे अफसर

- छात्राओं से संवाद कर उपायुक्त ने दी प्रेरणा
- सुविधाओं की स्थिति पर अधिकारियों ने जताई चिंता





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** जिले के पंचायत और वार्ड स्तर पर संचालित सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। उपायुक्त अनन्य मित्तल के नेतृत्व में सभी प्रखंडों और नगर निकाय क्षेत्रों में वरीय अधिकारियों को भेजा गया। उपायुक्त ने खुद डुमरिया और मुसाबनी प्रखंडों का दौरा कर योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। मुसाबनी के पूर्वी और दक्षिण बादिया पंचायतों में सामुदायिक संसाधन केंद्र का निरीक्षण कर उन्होंने संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुसाबनी में छात्राओं से संवाद कर विद्यालय में पढ़ाई और मूलभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति भी जानी। उन्होंने छात्राओं को परिश्रम कर भविष्य संवारने की प्रेरणा दी।

डुमरिया प्रखंड के कांटाशोल स्थित कला केंद्र प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने महिलाओं के लिए चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों को सराहा। उन्होंने निर्देश दिया कि महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर दिलाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाए। मौके पर एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) अनिकेत सचान समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इधर, जिले के अन्य प्रखंडों में भी नोडल पदाधिकारी सक्रिय रहे। धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम के रसिकनगर, एसओआर राहुल आनंद ने धालभूमगढ़ के नूतनगढ़, निदेशक (एनईपी) ने गुड़ाबांदा के फॉरेस्ट ब्लॉक, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने जुगसलाई, भूमि सुधार उपसमाहर्ता गौतम कुमार ने पोटका के डोमजुड़ी तथा कार्यपालक दंडाधिकारीगण ने मुसाबनी और पटमदा के विभिन्न पंचायतों में योजनाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर योजनाओं की धीमी गति और सुविधाओं में कमी की भी जानकारी मिली, जिस पर शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## बोड़ाम में 13.77 करोड़ की लागत से बनेगी 11 सड़कें, भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रामीण कार्य विभाग पथ प्रमंडल, जमशेदपुर द्वारा बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों की जर्जर सड़कों के सुदृढ़ीकरण हेतु शुक्रवार को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, मुखिया गुरुवारी हांसदा, रूपा सिंह सरदार, छुटुलाल हांसदा, दीपंकर महतो सहित कई अन्य नेताओं ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। भा.ज.पा. नेता वनमाली बनर्जी ने बताया कि 13.77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 11 सड़कों का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले ही ऑनलाइन किया था। शुक्रवार को झामुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर भूमि पूजन किया। इस योजना में मोहरीबासा प्राथमिक विद्यालय से पहाड़पुर तक, जिलिंगडूंगरी से चुनीडीह तक, बंगाल सीमा से बनडीह तक सहित कई महत्वपूर्ण मार्गों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। यह परियोजना क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक मंगल कालिंदी ने इस कार्य की सराहना की है।

## भूला मोड़ में बोड़ाम सीओ ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के भूला मोड़ में शनिवार को अंचलाधिकारी (सीओ) रंजीत रंजन ने प्याऊ का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बेलडीह पंचायत के पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो की पहल पर अंचलाधिकारी ने इस सुविधा की शुरुआत की। उद्घाटन कार्यक्रम में भूला पंचायत के पंसस धीरेन्द्र नाथ राय, कल्लोल कर्मकार एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे। प्रबोध कुमार महतो ने बताया कि भीषण गर्मी में लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, स्कूली बच्चों और अन्य राहगीरों को पेयजल की कमी का सामना करना पड़ता था। अंचलाधिकारी को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद एक अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था की गई है। अब लोगों को नियमित रूप से शुद्ध और ठंडा पानी मिलेगा।

## सर्वाइकल कैंसर पर विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानगो स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब फेमिना के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर और उसकी रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेणुका चौधरी और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विनोद एस. अग्रवाल ने छात्राओं, उनकी माताओं और शिक्षिकाओं को बीमारी के कारण, लक्षण व बचाव के उपाय बताए तथा वैक्सीनेशन के महत्व पर जोर दिया। रोटरी क्लब फेमिना से सीमा कुमार और तजिंदर कौर ने छात्राओं को टीकाकरण की सलाह दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व संवाद स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक शाहनवाज खान ने किया।

## जवाहर नगर में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू, बस्तीवासियों में खुशी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड विद्युत वितरण निगम एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता जमशेदपुर से जवाहर नगर की बस्तियों में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। विद्युत कार्यपालक अभियंता कपिल रंजन ने शनिवार से कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया था। आश्वासन के अनुरूप आज जवाहर नगर रोड नंबर 13 में ट्रांसफार्मर लगाने हेतु बिजली के पोल लगाए गए। काम की शुरुआत होते ही बस्तीवासियों में हर्ष का माहौल है। जिला उपाध्यक्ष अंसार खान ने झारखंड विद्युत वितरण निगम के महाप्रबंधक एवं कार्यपालक अभियंता कपिल रंजन का आभार व्यक्त किया। साथ ही बस्तीवासियों ने भी बिजली विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर संतोष जताया।

## बाहुटिया में सिदो-कान्हू स्मारक समिति का पुनर्गठन



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** गुड़ाबांदा प्रखंड के मुढ़ाकाटी पंचायत अंतर्गत तेतुलडांगा चौक में शनिवार को विधायक समीर कुमार मोहंती के उपस्थिति में सिदो-कान्हू स्मारक समिति का पुनर्गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू ने की। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि परंपराओं और स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों को संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। जिम्मेदारी के साथ पूजा स्थल को संरक्षण करें। बैठक में पुजारी सह संरक्षक रामाय मुर्मू को बनाया गया। अध्यक्ष हाड़िराम सोरेन, उपाध्यक्ष दासमात सोरेन, सचिव मानिक कालिंदी, सह सचिव गणेश चंद्र माहतो, कोषाध्यक्ष बेलवती मुर्मू को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य सुराई टुडू, मेघराय हेम्ब्रम, बुकाई सोरेन, श्याम पदो टुडू, साकिला हेम्ब्रम, पदमोलचन बेरा, शत्रुघ्न नायेक, रविलाल सोरेन, बंकिम सोरेन, देवीलाल सोरेन, राम कर्मकार को बनाया गया।

## सीए स्टूडेंट्स नेशनल टैलेंट सर्च 2025 प्रतियोगिता का सफल आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जमशेदपुर शाखा की छात्र इकाई सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन (सीआईसीएएसए) द्वारा शनिवार को रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस, जुबली पार्क में सीए स्टूडेंट्स नेशनल टैलेंट सर्च 2025 (ब्रांच स्तर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डिबेट और पिच डेक प्रेजेंटेशन की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता और संवाद कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की सदस्य प्रभा प्रकाश ने कहा कि आज के छात्र केवल प्रोफेशनल्स नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्वकर्ता भी हैं। सीए सौरभ अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के आत्मविश्वास और व्यावसायिक कौशल विकास का मंच बताया। सीए प्रेरणा धूत ने प्रतिभागियों की स्पष्ट सोच और सशक्त प्रस्तुति की प्रशंसा की। पिच डेक प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार टीम बिनोवा एनर्जी (शालिनी सिंह और दीपक खंडेलवाल) और द्वितीय पुरस्कार टीम मम्मीज़ किचन (अंश सलूजा और निधि अग्रवाल) को मिला। डिबेट में वैशणवी, स्वेता गोराई, अविनाश सिंह यादव और शुभम सिन्हा विजेता रहे। आयोजन को सफल बनाने में सीए कौशलेंद्र दास, सीए चेतन अग्रवाल, ऋषि अरोड़ा, आनंद अग्रवाल, योगेश शर्मा एवं सीआईसीएएसए टीम के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## डॉ. प्रियंका झा की पर्यावरण पर पुस्तक का विमोचन, मंत्री रामदास सोरेन ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा ।** माचा स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रियंका झा द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन शुक्रवार को सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया गया। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विधायक पूर्णिमा साहू, उपायुक्त अनन्य मित्तल सहित अन्य अतिथियों ने पुस्तक का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने डॉ. प्रियंका को सम्मानित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और आगे और भी पुस्तकों के लेखन के लिए प्रेरित किया। डॉ. झा ने बताया कि पुस्तक में जलवायु परिवर्तन, ग्रीन करिकुलम और विद्यालयों में इको क्लब की भूमिका को रेखांकित किया गया है। यह प्रयास झारखंड सरकार की जल, जंगल और जमीन संरक्षण मुहिम से प्रेरित है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय आरडीडीई सह डीईओ मनोज कुमार, डीएसई आशीष कुमार पांडे और अपने माता-पिता को दिया।

## कदमा : क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो सह डिजनीलैंड फेयर का समापन 29 अप्रैल को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा गणेश पूजा मैदान में आयोजित क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो सह डिजनीलैंड फेयर के समापन में अब केवल तीन दिन शेष हैं। मेला 29 अप्रैल को समाप्त होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से आकर मेले का आनंद उठाने की अपील की है। मेले में विभिन्न उत्पादों पर आकर्षक छूट दी जा रही है और बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। एक्सपो में फैशन ज्वेलरी, सिल्क कॉटन साड़ी, ड्रेस मटेरियल, फर्नीचर, कपड़े एवं घरेलू उपयोगी वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। मनोरंजन के लिए ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, टोरा टोरा और मिक्की माउस ट्रेन जैसी सुविधाएं भी हैं। संचालक संदीप कुमार श्रीवास्तव ने लोगों से दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक मेले में पहुँचने का आग्रह किया है।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में रवीन्द्रनाथ टैगोर पर एक दिवसीय सेमिनार 9 मई को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय के बांग्ला इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस सेमिनार का विषय रवीन्द्रनाथ का जीवनदर्शन, मनोभावना और साहित्यिक कृतियां है। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ. पियासा चौधरी ने दी।

## जनहित के मुद्दों पर काम करें, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाएं : विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** जनता दल (यू) के प्रदेश, जिला, महानगर और थानाध्यक्षों की संयुक्त बैठक बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जद (यू) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने की, जबकि विधायक सरयू राय मुख्य अतिथि थे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर चर्चा की गई। विधायक सरयू राय ने असंगठित मजदूरों के लिए ई-श्रम कार्ड जैसे सामाजिक सुरक्षा उपायों की जरूरत पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन और मजदूर सम्मान समारोह की योजना पर चर्चा की गई। 1 मई को मिलानी हॉल में मजदूरों का सम्मान किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और विधायक सरयू राय सम्मान प्रदान करेंगे। बैठक में प्रदेश और जिला के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

### नॉकआउट मुकाबले से पहले खालिद जमील और निखिल ने कहा

## नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ एक कठिन मुकाबला होगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** कलिंगा सुपर कप में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले, हेड कोच खालिद जमील और खिलाड़ी निखिल बारला ने मीडिया से बातचीत की। कोच जमील ने कहा कि पिछला मैच अच्छा था, लेकिन नॉकआउट मुकाबले में हर मैच अलग होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी तरह से तैयार रहने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। कोच ने कहा, हमारी रणनीति स्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की है और हर गेंद पर संघर्ष करना है। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी को लेकर कोच ने कहा, यह एक कठिन खेल होने वाला है, लेकिन हमें सकारात्मक रहकर परिणाम पर ध्यान केंद्रित करना होगा। खिलाड़ी निखिल बारला ने कहा, हमारी तैयारी पिछले मैच जैसी है और हम जीत के लिए तैयार हैं। निखिल ने नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी को एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी बताया और कहा कि पूरी टीम जीत के लिए प्रतिबद्ध है। इस मुकाबले को लेकर टीम में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है, और सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।

## कांदरबेड़ा-डोबो मार्ग पर ट्रेलर में आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** शनिवार दोपहर कांदरबेड़ा-डोबो दुमुहानी मार्ग पर एक इस्पात लदा ट्रेलर अचानक आग की चपेट में आ गया। आग लगते ही चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेलर को सड़क किनारे रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग और कपाली ओपी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल के दो वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में ट्रेलर का इंजन पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना के बाद कपाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सौभाग्य से इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मी ट्रेलर में लगी आग को पूरी तरह बुझा चुके थे।

## संविधान बचाओ रैली : 3 मई को राँची में होगा कांग्रेस का विशाल जनसैलाब




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक राजेश कच्छप और जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक कच्छप ने 3 मई को राँची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में जिले के हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनहित से जुड़े आवेदन पत्र तैयार कर उन्हें सौंपने की अपील की। बैठक में पूर्व प्रदेश महासचिव रामाश्रय प्रसाद, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, ओबीसी विभाग जिला चेयरमैन दिबेश राज, जमशेदपुर ओबीसी विभाग चेयरमैन सुरेन्द्र शर्मा और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत और मण्डल स्तर पर बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में जम्मू-कश्मीर नरसंहार में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बोड़ाम में शिव पूजा पर छऊ नृत्य कार्यक्रम का मुखिया ने किया उद्घाटन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम बाजार में हर साल की भांति इस साल भी शिव पूजा के अवसर पर आयोजित छऊ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को बोड़ाम पंचायत की मुखिया रूपा सिंह ने फीता काटकर किया। इस संबंध में गांव के पुतुल प्रमाणिक ने बताया कि बोड़ाम बाजार शिव पूजा कमेटी की ओर से हर साल शिव पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ करते है। जिसमें दूरदराज से लोग शामिल होते हैं। उद्घाटन के मौके पर ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह सरदार समेत पूजा कमेटी के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

## एनएसएस एनआईटी जमशेदपुर ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** एनएसएस एनआईटी जमशेदपुर द्वारा 26 अप्रैल को एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में कॉलेज के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर को स्वच्छ बनाना और छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे हुई। सभी प्रतिभागियों को कचरा उठाने के लिए दस्ताने, बैग और मास्क वितरित किए गए। छात्रों ने कॉलेज परिसर, हॉस्टल और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की और कचरे को जैविक और अजैविक कचरे में अलग किया। एनएसएस समन्वयक डॉ. जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में गो ग्रीन क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. नवीन वेलदुर्थी ने प्लास्टिक कचरे का वजन नापते हुए 7 किलोग्राम बताया। यह अभियान स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## चचेरे भाई की शादी से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के सरायकेला-कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुगनी में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में नारायणपुर पंचायत के विजय गांव निवासी गुणाधर तिवारी (36) की मौत हो गई। वह दुगनी में चचेरे भाई के रिसेप्शन में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान आदर्श कॉलोनी के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर चोट लगने से गुणाधर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर, क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# खून के साथ जल नहीं

**कश्मीर** घाटी के पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत की मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर वज्र-प्रहार किए हैं। राजनयिक संबंध लगभग तोड़ दिए गए हैं और 1960 की ऐतिहासिक सिंधु जल संधि तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी। अब पाकिस्तान वालों को भारत आने का, किसी भी तरह का, वीजा नहीं दिया जाएगा। सार्क देश होने के कारण जो छूट थी, उसे भी रद्द कर दिया गया है। राजनयिकों को भारत छोडऩे को मात्र एक सप्ताह का वक्त दिया गया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायोग में रक्षा, नौसेना, वायुसेना, थलसेना आदि के सलाहकारों को भी 48 घंटे में भारत छोडऩे के आदेश दे दिए गए हैं। अटारी-वाघा सीमा चेकपोस्ट को बंद कर दिया गया है। इस रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी एक मई से पहले लौट जाएं। पाकिस्तान उच्चायोग में 55 कर्मचारियों की संख्या घटा कर 30 तय कर दी गई है। भारत भी इस्लामाबाद से अपने सैन्य सलाहकार और राजनयिक वापस बुला रहा है। बेशक जल संधि रोकने से तुरंत प्रभाव नहीं पड़ेगा। पानी निर्बाध होता है और भारत से बहुत सा पानी बहकर पाकिस्तान को जाता रहा है। यदि अब उसे रोकना है, तो भारत सरकार को कुछ छोटे बांध बनाने होंगे और पनबिजली परियोजनाएं भी शुरू कर पानी को बांधा जा सकता है। फिलहाल गर्मी के बाद मॉनसून के मौसम में बारिश से जल-संकट इतना महसूस न हो, लेकिन दिसंबर के सर्द मौसम से अप्रैल तक पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। वहां की खेती, बिजली और उद्योग सिंधु जल प्रणाली के भरोसे ही हैं। लाहौर, कराची, मुल्तान जैसे प्रमुख शहर सिंधु जल पर ही आश्रित हैं। पानी को रोक देने से 23 करोड़ से अधिक लोगों के सामने भरण-पोषण और खाद्य-संकट गहरा सकते हैं। बहरहाल मोदी सरकार ने इस बार आतंकी हमले का प्रतिशोध इस तरह लिया है, जिससे पाकिस्तान की अवाम सीधे तौर पर प्रभावी हो। कई बार सिंधु जल संधि को स्थगित करने का विचार किया गया, लेकिन अवाम को देखते हुए उस फैसले को टालना पड़ा। इस बार भारत पराकाष्ठा की मुद्रा में है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट कमेटी ने पाकिस्तान पर जो प्रतिघात किए हैं, उनकी स्पष्ट व्याख्या यह है कि खून के साथ जल नहीं बह सकता। जिस तरह आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते, उसी तरह आतंकिस्तान के साथ जल साझा नहीं किया जा सकता। बहरहाल पाकिस्तान पर यही पाबंदियां ही पर्याप्त नहीं हैं। भारत जीवन बचाने वाली दवाओं की आपूर्ति करता रहा है। उस पर भी तुरंत प्रभाव से रोक लगा देनी चाहिए। जिन देशों को पाकिस्तान कपड़ा और चावल भेजता है, भारत उन देशों में दखल करे। कपड़ा और चावल के उत्पादन को हम बढ़ा सकते हैं और किफायती दामों पर देशों को सप्लाई कर सकते हैं। इससे पाकिस्तान के पेट पर करारी लात पड़ेगी। इसके अलावा, जो विदेशी कंपनियां पाकिस्तान में निवेश करती हैं, भारत उन्हें साफ कहे कि यदि भारत के साथ कारोबार करना है, तो वे कंपनियां भारत में ही निवेश करें। दलील आतंकवाद की दी जा सकती है। भारत अभी दुबई, अबू धाबी में पाकिस्तानी टीम के साथ क्रिकेट खेल लेता है। इसका भी बहिष्कार किया जाए और क्रिकेट संबंध बिल्कुल ही खत्म किए जाने चाहिए। पाकिस्तान के खेल संघ दिवालिया हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के 42 लॉन्चिंग पैड हैं, जहां 130-150 आतंकवादी सक्रिय हैं। पाकिस्तान यह कभी भी कबूल नहीं करेगा, लिहाजा सरकार को सैन्य प्रहार पर भी विचार करना होगा। इस बार आतंकियों के ये अड्डे नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज के केंद्रों पर हमले कर उन्हें विकलांग बना देना चाहिए।

> भारत भी इस्लामाबाद से अपने सैन्य सलाहकार और राजनयिक वापस बुला रहा है। बेशक जल संधि रोकने से तुरंत प्रभाव नहीं पड़ेगा। पानी निर्बाध होता है और भारत से बहुत सा पानी बहकर पाकिस्तान को जाता रहा है। यदि अब उसे रोकना है, तो भारत सरकार को कुछ छोटे बांध बनाने होंगे और पनबिजली परियोजनाएं भी शुरू कर पानी को बांधा जा सकता है। फिलहाल गर्मी के बाद मॉनसून के मौसम में बारिश से जल-संकट इतना महसूस न हो, लेकिन दिसंबर के सर्द मौसम से अप्रैल तक पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। वहां की खेती, बिजली और उद्योग सिंधु जल प्रणाली के भरोसे ही हैं। लाहौर, कराची, मुल्तान जैसे प्रमुख शहर सिंधु जल पर ही आश्रित हैं। पानी को रोक देने से 23 करोड़ से अधिक लोगों के सामने भरण-पोषण और खाद्य-संकट गहरा सकते हैं।

### महबूबा मुफ्ती जैसे लोग चिल्ला रहे थे कि इस अनुच्छेद के हटने से कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी

# पहलगाम पर हमला, देश पर हमला

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में इतनी वृद्धि हुई कि होटलों में जगह तक मिलना मुश्किल हो गया। प्रदेश गुलजार होने लगा और स्थानीय लोगों के काम धंधे चमकने लगे। गुरेज घाटी जहां पहले इक्का दुक्का पर्यटक ही जाते थे, अब वहां नए नए इतने होटल बनने लगे कि विश्वास करना मुश्किल हो गया। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में इतनी सुरंगें बन गई कि राज मार्ग बारहों महीने चालू रखना आसान हो गया। पिछले दिनों जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए हुए चुनावों में जितनी ज्यादा संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया उससे महबूबा मुफ्ती तो हैरान हुई ही, उससे भी ज्यादा हैरान पाकिस्तान हुआ। पाकिस्तान को ज्यादा हैरानी तो इस बात से भी हुई कि महबूबा मुफ्ती की पार्टी बुरी तरह हार गई।

**जम्मू** कश्मीर में काफी लंबे अरसे से स्थिति सामान्य हो रही थी। अनुच्छेद 370 के समाप्त हो जाने से पहले महबूबा मुफ्ती जैसे लोग चिल्ला रहे थे कि इस अनुच्छेद के हटने से कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं मिलेगा। लेकिन अनुच्छेद हटने के बाद घाटी में तिरंगा ज्यादा फहराने लगा था। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में इतनी वृद्धि हुई कि होटलों में जगह तक मिलना मुश्किल हो गया। प्रदेश गुलजार होने लगा और स्थानीय लोगों के काम धंधे चमकने लगे। गुरेज घाटी जहां पहले इक्का दुक्का पर्यटक ही जाते थे, अब वहां नए नए इतने होटल बनने लगे कि विश्वास करना मुश्किल हो गया। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में इतनी सुरंगें बन गई कि राज मार्ग बारहों महीने चालू रखना आसान हो गया। पिछले दिनों जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए हुए चुनावों में जितनी ज्यादा संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया उससे महबूबा मुफ्ती तो हैरान हुई ही, उससे भी ज्यादा हैरान पाकिस्तान हुआ। पाकिस्तान को ज्यादा हैरानी तो इस बात से भी हुई कि महबूबा मुफ्ती की पार्टी बुरी तरह हार गई। शायद इसी बात से घबरा कर अब पाकिस्तान ने पहलगाम में पर्यटकों की हत्या करके खून की नदियां बहा देने का काम किया। लेकिन खून की नदी बहाने से पहले आतंकियों ने पर्यटकों का मजहब पूछा। शायद प्रमाण के लिए शिनाख्ती कागज भी चैक किए। और पक्का होने के लिए कलमा पढऩे के लिए कहा। जो कलमा नहीं पढ़ सके, उनको मार दिया। एक पर्यटक को मारने के बाद उसकी पत्नी को कहा कि जाकर मोदी को यह सब बताना। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तोईबा की संस्था टीआरएफ ने ली है। कहा जाता है हमला करने वाले चार आतंकियों में से दो पाकिस्तानी थे और दो कश्मीरी ही थे। दरअसल पाकिस्तान में बलोचों और पश्तूनों ने जब से पाकिस्तान से अलग होने का आंदोलन छेड़ रखा है तब से वहां जिन्ना के द्विराष्ट्र सिद्धांत को लेकर बहस होने लगी है। बलूचों और पश्तूनों का मजहब तो वही है जो पाकिस्तान के मुसलमान जाट व खत्री पंजाबियों का है, लेकिन इसके बावजूद उनका कहना है कि उनका इन पंजाबियों से कुछ सांझा नहीं है। मजहब सांझा होना उनके लिए कुछ अहमियत नहीं रखता। जबकि जिन्ना का कहना था कि उनका सांझा मजहब ही उन सभी को एक साथ अलग राष्ट्र बनाता है। लेकिन आज बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनखवा व सिंध में इसी को चुनौती दी जा रही है। इतना ही नहीं, यह चुनौती दिन



प्रतिदिन तेज होती जा रही है। इससे घबरा कर कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसित मुनीर ने कहा था कि हम अलग लोग हैं, हमारा हिंदुओं से कुछ नहीं मिलता। हमारी संस्कृति व विरासत हिंदुओं से अलग है। मुनीर ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि हम दो अलग अलग राष्ट्र हैं। मुनीर जानते हैं कि भारत और पाकिस्तान दो अलग अलग स्टेट हैं, लेकिन अलग अलग राष्ट्र नहीं। लेकिन अब पाकिस्तान स्टेट टूटने के लक्षण दिखाई देने लगे हैं। उसको राष्ट्र की मरहम से ही ठीक किया जा सकता है, लेकिन यह मरहम है ही नहीं क्योंकि दोनों देश एक ही राष्ट्र हैं। केवल मजहब राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकता। शायद मुनीर के इस सिद्धांत को ठीक सिद्ध करने के लिए ही पहलगाम में इस्लाम मजहब मानने वालों ने (आसित मुनीर का मजहब इस्लाम है) हिंदू विरासत मानने वाले लोगों की शिनाख्त करके ही उनकी हत्या की। लगता है मोदी से लडऩे के लिए पाकिस्तान ने अंत में यह रास्ता निकाला है। सारा देश स्तब्ध है। यहां तक कि अनेक मुस्लिम संगठनों ने भी पाकिस्तान की अमानवीय हरकत की निंदा की है। सऊदी अरब के राजकुमार ने इस हमले की निंदा ही नहीं की, बल्कि यह भी कहा कि इस मरहले पर उनका देश भारत के साथ खड़ा है। श्रीनगर में पाकिस्तान की इस हरकत के विरोध में हमेशा गुलजार रहने वाला लाल चौक भी पूरी तरह बंद रहा। यूनाइटिड अरब अमीरात ने इस हमले की कठोर निंदा की। यहां तक कि चीन ने भी इस हमले की निंदा की है। दुनिया भर के देशों ने इस प्रकार के आतंकी हमले में भारत के साथ खड़े होने की बात कही है। लेकिन गांधी परिवार ने इस अमानुषिक कृत्य का गहराई से विश्लेषण करने के बाद इसका जो कारण बताया है वह सचमुच चौंकाने वाला है। इससे यह भी पता चलता है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी किस प्रकार के हाथों में चली गई है। गांधी परिवार के दामाद राबर्ट वाड्रा ने खुलासा किया कि उन्हें लगता है भारत का मुसलमान अब अपने को असुरक्षित समझने लगा है, क्योंकि यहां हिंदुत्व की बात बहुत ज्यादा होने लगी है। मजहब के कारण ही मस्जिदों का सर्वे किया जा रहा है। मुसलमानों को उनके मजहब के कारण निशाना बनाया जा रहा है। उनसे शिनाख्ती कागज मांगे जा रहे हैं। वाड्रा का कहना था कि इसी हिंदुत्व के कारण पहलगाम में लोगों से मजहब पूछ कर ही उनको मारा गया। यानी यह एक प्रकार से भारत के हिंदुत्व की प्रतिक्रिया है। लगता है कांग्रेस राजनीतिक विद्वेष में इतनी विवेकहीन हो गई है कि वह देश के हितों की भी बलि देने के लिए तैयार हो गई है। उसे देश दिखाई नहीं दे रहा, बल्कि हिंदू-मुसलमान के रूप में रेंगते हुए वोट दिखाई दे रहे हैं जिन्हें वह किसी भी तरह अपनी ओर खींचना चाहती है। यही कारण है कि वाड्रा इस विदेशी हमले के औचित्य को किसी तरह सिद्ध करना चाहते हैं। शायद उसे पता नहीं कि हर भारतीय, चाहे उसका कोई भी मजहब हो, इस हमले का विरोध ही नहीं कर रहा बल्कि इसके सूत्रधारों को दंड देने की मांग भी कर रहा है। इंदौर का एक ईसाई भी केवल इसलिए मार दिया गया क्योंकि वह कलमा नहीं पढ़ सका। असम का एक हिंदू भट्टाचार्य इसलिए बच गया क्योंकि वह कलमा जानता था और उसने उसे पढ़ कर सुना दिया। जान और मौत के बीच में केवल कलमा है। पाकिस्तान का मानना है कि यदि जिंदा रहना है तो कलमा पढऩा होगा। क्या वाड्रा यह चाहते हैं कि भारत सरकार पाकिस्तान को खुश करने के लिए भारत में कलमा पढऩे की व्यवस्था कर दे? क्या भारत के हिंदू और भारत की सरकार कलमा पढऩे की व्यवस्था करे ताकि पाकिस्तान खुश हो जाए और पहलगाम जैसे हमले न करे? यह ठीक है कि वाड्रा जैसे लोगों की कोई औकात नहीं है, लेकिन जिस परिवार का वह दामाद है उसकी औकात है और अब देखना होगा कि वह अपने इस दामाद को क्या दंड देता है। दंड देता भी है या अपने पारिवारिक-राजनीतिक हितों के लिए देश के हितों को बलिदान कर देगा? गांधी परिवार को इस बार यह अग्निपरीक्षा देनी ही होगी। सैयदा महबूबा मुफ्ती का कहना है कि जिन दहशतगर्दों ने यह काम किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। महबूबा की बेटी इल्तजा ने भी कुछ इसी प्रकार की बातें की हैं। लेकिन महबूबा और उनकी बेटी भी जानती है कि समस्या चोर से नहीं, चोर तो अंततः मारा ही जाता है। इस प्रकार के मामलों में चोर की मां को मारना जरूरी होता है।

दृष्टि कोण

# पहलगाम हमले के बाद रणनीतिक कदम का सवाल

**हालांकि** इस तरह का समर्थन पर्दे के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संयम बरतने की अपील के बावजूद है, तथ्य यह है कि यह हमला मोदी सरकार के समक्ष सुरक्षा एवं जनसंपर्कों में बहुत गंभीर चुनौती पेश करता है। पुलवामा या गलवान के विपरीत, जहां रक्षा कर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया। इसलिए यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि देश की निगाहें मोदी पर होंगी। यह उम्मीद की जाएगी कि वह बैसरन के अपराधियों, उन्हें सहायता देने वालों तथा प्रायोजित करने वालों को पूर्ण तथा माकूल जवाब देंगे, खासकर 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने के दावों के बाद। इस कांड को अंजाम देने का दावा 'रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक संगठन द्वारा ली गई है, जिसके बारे में माना जाता है कि वह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबंधित है। जिन लोगों को भारत के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकवाद के तौर-तरीकों के अध्ययन करने का लंबा अनुभव है, उन्हें सहज रूप से पता होगा कि इस तरह का हमला पाकिस्तानी जनरलों के खास आदेशों के बिना कभी संभव नहीं है। इसलिए, सर्वप्रथम आकलन उस वजह का बनता है जिसके कारण पाकिस्तानी जनरलों ने हमले का आदेश दिया होगा। अफगान तालिबान के साथ भारत के संबंधों में प्रगति से वे नाखुश हैं, इस पर उन्होंने काफी नज़र बनाए रखी है। वे भारत को तहरीक-ए-तालिबान-ए-पाकिस्तान और बलूच विद्रोही समूहों की मदद करने में जिम्मेदार मानते हैं। इस सबके अलावा 11 मार्च को 'जाफर एक्सप्रेस' पर बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले के बाद भारत के प्रति उनका गुस्सा और तीव्र हुआ। पाकिस्तानी सेना ने उस हमले के लिए भारत को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। हालांकि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान और उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया अधिक संयमित और सतर्क थी। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के बाद पाकिस्तान में जो कुछ हुआ उसके तमाम पहलुओं का अध्ययन करने के बाद इस लेखक ने गत 21 मार्च को 'फर्स्टपोस्ट' में एक लेख लिखा। इसका समापन पैराग्राफ बैसरन हमले में प्रासंगिक है और इस प्रकार है : 'बीएलए हमले के तुरंत बाद, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इसके साथ 'खेल के नियम बदल गए हैं'। चौधरी (लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी, महानिदेशक, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) से एक प्रेस वार्ता में इन शब्दों की व्याख्या करने के लिए कहा गया था। इस पर उन्होंने जो शब्द कहे उन पर भारतीय विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं को बारीकी से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा : 'बीएलए और (आतंकी समूहों) से उसी तरह निपटा जाएगा जिसके वे 'हकदार' हैं और यही बात उनके सूत्रधारों और उकसाने वालों पर भी लागू है, चाहे वे पाकिस्तान के अंदर हों या बाहर'। पाकिस्तानी सेना अपना हिसाब चुकता करने में 'बदल' (जिसका पश्तो में अर्थ है बदला) परंपरा का पालन करती है। भारत के खिलाफ यही करती आई है, वह बात अलग है इस चक्कर में उन्होंने देश को कंगाल बना डाला। टकराव के अलावा उसे कोई राह न सूझती। यह उनकी फितरत का हिस्सा है व हरेक सेना प्रमुख को यही दिखाना होता है कि 'माकूल जवाब' देने में वह सबसे आगे है, खासकर उस संस्था पर हमले के मामले में, जिसका वह नेतृत्व करता है, जिसको लेकर राय या गलतफहमी पाले रखता है कि यह भारत का काम है। ऐसे में, संभव है कि पाकिस्तानी सेना निकट भविष्य में भारत में किसी आतंकवादी घटना को प्रायोजित करने का प्रयास करे।



कुछ अलग

# ऋणं कृत्वा घृतम पिवेत

**ऋण** करके घी पीने की परंपरा हमारे यहां अनादि काल से चली आ रही है। पूर्वजों की इस पावन परंपरा को मैंने हृदय से अंगीकार किया है। यदि मैं ऋण करके घी नहीं पी भी सकूं, तो कम से कम ऋण घर खर्च चलाने में बड़ी सहायता करता है। बच्चे भी सामान्य रूप से परेशान नहीं रहते। पिछले दिनों कफ्र्यू लगा तो पड़ोसी से मैंने चार सौ रुपए बतौर उधार देने का प्रस्ताव किया तो वह थोड़ा संवेदनशील था, फटाफट ले आया। साथ ही यह भी कहा कि और जरूरत हो तो बता दीजिए। मुझे बड़ा पछतावा हुआ कि मैंने आठ सौ ही क्यों नहीं मांग लिए। मेरे पड़ोस में ही दानवीर कर्ण रहता है और मुझे पता ही नहीं चला। मैंने उसके कथन को स्मरण रखा तथा कफ्र्यू जब लंबा खिंचने लगा तो चौथे ही दिन फिर ऋण की मांग रख दी। मैं भी कफ्र्यू में मिली ढील की अवधि में घी ले आया। हालांकि घी का भाव दुकानदार मनमाना ले रहा था, परंतु मुझे परवाह किस बात की, दानवीर कर्ण से उधार मार लाया था, सो महंगा भी खरीद लाया। पत्नी ने देसी घी देखा तो जल-भुन गई, बोली-'मसाले व दालें लानी थी और ले आए यह घी, क्या करूं इस मुए का?' मैंने कहा-'इतनी अधीर क्यों होती हो? ऋण की राशि से घी लाया जाता है, इसलिए हलुवा घोट दो।' पत्नी थोड़ी ज्यादा ही समझदार है, सो बोली-'थोड़ी शरम तो करिए, कफ्र्यू में हलुवा खाएंगे, अच्छा थोड़े ही लगेगा?' मैंने कहा-'हमारे ऋषि-मुनि तो उधारी में घी पीने की बात कह गए हैं। तुम घी नहीं पिला सको तो कम से कम उसका हलुवा तो खिला दो।' 'लेकिन बच्चों की तथा घर की अन्य बीस जरूरतें हैं, यदि उन्हें निपटाते तो ज्यादा ठीक रहता।' वह हलुवा बनाते डर रही थी। मैंने कहा-'तुम यदि हलुवा नहीं बना सकती तो साफ कहो, मैं बना लेता हूं।' वह बोली-'हलुवा सेंकते मेरे हाथ कांप रहे हैं और भीतर से मन बैठ रहा है। आप ही बना लीजिए।' मैंने कहा-'चलो हटो।' मैंने कड़छी में घी डाल कर चून को सेंकना शुरू किया तो उसकी गंध से दानवीर कर्ण विचलित हो उठा और लपककर मेरी रसोई में प्रवेश कर गया। आते ही बोला-'क्या कर रहे हो शर्मा जी?' मैं कोई कम खिलाड़ी तो था नहीं। बिना किसी संकोच के मैंने कहा-'क्या बताएं, पड़े-पड़े बोर हो गए, सोचा थोड़ा देसी घी का हलुवा ही बना डालें। बच्चों को बाजार से कुछ लाना हो नहीं पा रहा है। सो घर में मीठा बना दिया।' 'परंतु आप यह तो समझिए कि अभी कफ्र्यू टूटने के आसार नहीं हैं। मैं खुद तंग हो गया हूं। आप तो पहले ही तंग थे, यदि इस तरह हलुवा घोटते रहे तो समस्या खड़ी हो जाएगी।' वे बोले। मैंने कहा-'आप घबराइए नहीं। अब आपको तकलीफ नहीं दूंगा। वर्मा जी आए थे। कह गए हैं किसी चीज अथवा रुपए-पैसों की जरूरत हो तो बता दीजिएगा। सोचता हूं खुद आमंत्रण दे गए हैं तो उन्हें भला निराश क्यों करूं। कल उन्हें तकलीफ दे दूंगा।' वे बोले-'लेकिन फिर देना भी तो आपको ही पड़ेगा। व्यर्थ में क्यों ऋणी हो रहे हैं।' मैंने कहा-'क्या करें सा'ब। इस महंगाई में जब तक काम ही नहीं चलता, मैं ऐसे लोगों से तो उधार लेता नहीं, जो आज उधार दिया और कल मांग लें। मैं तो आप जैसे व्यावहारिक महापुरुषों से ही उधार लेता हूं, जिन्हें देर-सबेर जब सुविधा हो तब दे दें। आप तो घर के आदमी हैं, जिन लोगों में तनिक शिष्टता ही नहीं, उनसे उधार मांगना मेरी आचार-संहिता में नहीं है।' वे बोले-'वह तो सही है, परंतु मैं कौनसा लखपति हूं। मैं भी नौकरीपेशा हूं आप ही की तरह। कल एक-दूसरे को जरूरत हो ही सकती है।'

देश दुनीया से

# प्रशिक्षक को सही प्रबंधन दो

**किसी** भी विद्या के विद्यार्थी को किसी भी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उस विद्या का शिक्षक-प्रशिक्षक भी उच्च स्तर का होना चाहिए और उसे इस कार्य के लिए प्रबंधन भी काफी स्तरीय चाहिए होता है। आज अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव द्वारा विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया गया है मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता। विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है, क्योंकि इस टैस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां अन्य खेलों- कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वॉलीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज-मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा, वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के




मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियां में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडिय़ों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चत्तम शिखर तक ले जाना चाहता है जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सके। इसलिए देश में निजी खेल अकादमियों का चलन भी बढ़ रहा है। गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के विश्व स्तर के परिणाम सबके सामने हैं। यह सब लगातार अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ही नतीजा है। इस समय विभिन्न खेलों के लिए देश में निजी स्तर पर कई अकादमियां शुरू हो चुकी हैं। इन खेल अकादमियों को अधिकतर पूर्व ओलंपियन चला रहे हैं और यहां से अच्छे खेल परिणाम भी मिल रहे हैं। इन अकादमियों में जो विशेष है, वह यह है कि यहां उच्च क्षमता वाला प्रशिक्षक लगातार उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश के पास आज विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तैयार हैं। वहां पर या तो प्रशिक्षक हैं ही नहीं और जहां हैं भी वे या तो प्रशिक्षण से बेरुख हैं या उनमें अच्छे स्तर के खेल परिणाम दिलाने की क्षमता ही नहीं है। क्या हिमाचल सरकार पंजाब, गुजरात आदि राज्य की तरह उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले बढिय़ा प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडिय़ों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिला कर खेल प्रतिभा का पलायन रोक नहीं सकती है? इससे प्रदेश में खेल वातावरण बनेगा तो हर खेल प्रशिक्षक प्रेरित होकर चाहेगा कि उसके शिष्य भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस सबके लिए खेल विभाग व जहां प्रशिक्षक प्रशिक्षण करवा रहा है, वहां उसे सही प्रबंधन देकर प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोडऩा होगा, तभी पहाड़ की संतानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के सही मौके मिलेंगे।

आप का नजरीया

# भारत को बड़ी चुनौती

**जम्मू** और कश्मीर राज्य के पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 26 लोगों की नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी और 20 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस घटनाक्रम का दुखद पहलू यह है कि आतंकियों ने जानबूझकर हिंदू पुरुषों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के लोगों में भारी रोष है तो वहीं पाकिस्तान ने इस पूरे घटनाक्रम से अपना पल्ला ही झाड़ लिया है। यजुर्वेद में लिखा गया है कि, 'पृष्ठीमें राष्ट्रम्' अर्थात राष्ट्र मेरी पीठ है, मेरा बल है। साथ ही यजुर्वेद में ही यह भी बताया गया है कि, 'वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः', इसका अर्थ है कि हम अपने राष्ट्र का सावधान होकर नेतृत्व करें। 1980 में पंजाब में आतंकवाद में बढ़ोतरी और खात्मे से शुरू होकर 1989 से जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवाद के बाद कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन, मुंबई में 26 नवंबर 2008 की आतंकवादी घटना, जिसमें 166 निरीह नागरिक मारे गए थे या फिर 14 फरवरी 2019 को पुलवामा की आतंकवादी घटना में सीआरपीएफ के 44 जवानों की शहादत जैसी अनंत घटनाएं स्पष्ट करती हैं कि पाकिस्तान से सख्ती से निपटना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है, जिसमें सीमापार बड़ी सैन्य कार्रवाई भी अपेक्षित और अनिवार्य है। भारतीय नेतृत्व पिछले कई वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद का संयुक्त राष्ट्र संघ में कड़ा प्रतिरोध करता आया है। भारत में आतंकवाद के बेतहाशा बढ़ते खतरे के मद्देनजर 1996 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ से अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि सीसीआईटी (दी कोमप्रिहेन्सिव कन्वेन्शन ऑन इंटरनेशनल टेररिजम) को अपनाने का प्रस्ताव रखा था। यह बेहद अफसोस की बात है कि संयुक्त राष्ट्र संघ अभी भी आतंकवाद की परिभाषा तय करने के सवाल पर अटका हुआ है। चूंकि भारत लंबे समय से सीमापार आतंकवाद से पीड़ित है, इसलिए भारत सीसीआईटी संधि को संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्य देशों द्वारा मंजूरी देने के लिए प्रयासरत है क्योंकि इस प्रस्ताव के लागू होने से हस्ताक्षरकर्ता सदस्य देश बाध्यकारी होंगे कि वे आतंकवादी समूहों को धन और सुरक्षित आश्रय नहीं दे पाएंगे। इस कानून के अंतर्गत सभी आतंकवादी समूहों पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा और आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को बंद करने के साथ-साथ आतंकवादियों पर मुकदमा भी चलाया जा सकेगा। इस संधि के प्रावधानों से कई देशों के हित प्रभावित होते हैं, इसलिए वे इतने लंबे समय से इस प्रस्ताव को लटकाए हुए हैं। रक्षा विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बना हुआ है, इसलिए पाकिस्तान को कूटनीतिक, फौजी और सामरिक स्तरों पर सबक सिखाया जाना जरूरी हो गया है। भारत सरकार ने फौरी तौर पर पाकिस्तान पर कुछ बंदिशें लागू की हैं। हमारी सक्षम सशस्त्र सेनाओं को पाकिस्तान में घुसकर एक्शन के लिए खुली छूट देने की जरूरत है।

### विस्थापित-प्रभावित संवेदकों ने जीएम को सौंपा मांग पत्र

# बाहरी ठेकेदार कंपटीशन करना करें बंद : संवेदक संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद

### स्थानीय संवेदक एक होकर करें कार्य, बाहरी संवेदक बरगलाना करे बंद : सचिव शाहबान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह से विस्थापित-प्रभावित संवेदकों ने शिष्टाचार भेंट कर विचार विमर्श किया। कोल परियोजना के अंतर्गत सिविल, सीएसआर, ई×एडम डिपार्मेंट के निविदा कार्यों में कुछ संवेदकों द्वारा कंपटीशन कर कार्यों में गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं करने के विषय पर चर्चा जोरों पर रखा गया। संवेदकों ने लिखित अवेदन पत्र में माँग किया है कि कुछ संवेदक द्वारा कंपटीशन कर कार्यालय लेते और विकास की कार्यों की जैसे तैसे कर बाहरी संवेदक चले जाते हैं। जिस पर रोक लगाने तथा विस्थापित-प्रभावित संवेदकों को प्राथमिकता देने की माँग किया है। संवेदकों के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बाहरी ठेकेदार कंपटीशन करना बंद करें, अगर इस पर लगाम नहीं लगता है तो बाहरी ठेकेदारों को खदेड़ा जायेगा। और आगे कहा कि विस्थापित- प्रभावित संवेदकों को आम्रपाली परियोजना के महाप्रबंधक प्राथमिकता दें। सचिव शहबान अंसारी ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो ही समाज के लिए कल्याणकारी कार्य व सभी को रोजगार से सृजन हो सकता है।ज्ञापन महाप्रबंधक के आलावे सिविल विभाग के स्टॉप ऑफिसर प्रधानन, सिविल विभाग के इंजीनियर सुजीत कुमार, सीएसआर विभाग के मौसिम राजा को माँग पत्र सौंपा गया। उस वक्त पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के मुखिया पति गोपाल महतो, कोयद पंचायत मुखिया किशुन राम, रामावतार राम, पूनम देवी, शीतली देवी, पूर्व मुखिया दासो देवी, कुंती देवी, चंदा देवी खिरिया देवी, पनवा देवी, वैजयंती देवी, सरिता देवी,जगमनी देवी, लीलवा देवी, अजय मौर्या, राकेश कुमार, एनुअल अंसारी, काशीनाथ साव व अन्य दर्जनों संवेदक उपस्थित थे।



## चतरा मोटर यान द्वारा वाहन चेकिंग चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना समीप शनिवार को मोटर यान निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान चार पहिया तथा दो पहिया वाहनों की जांच किया। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, सीटबेल्ट सहित अन्य की जांच की गई। इस दौरान कई लोगों का ऑनलाइन पौष मशीन के द्वारा किया गया।इस दौरान मोटर यान निरीक्षक ने बताया कि चार पहिया व दो पहिया वाहन की जांच जिले में लगातार किया जायेगा। इस मौके पर सड़क विश्लेषक अभियंता, अजीत सोरेन, रविन्द्र कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी अशोक पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अज्ञात कोल वाहन ने लकड़बग्घा को मारा टक्कर, मौत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव के खलहाखुदी के समीप कोल वाहन ने एक लकड़बग्घा को टक्कर मार दिया। जिससे लकड़बग्घा की मौत हो गई।ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग कर्मियों को दिया। सूचना मिलते ही वनरक्षी तारकेश्वर महतो सहित अन्य पहुंच लकड़बग्घे को जंगल में मिट्टी दे दिया।मालूम हो कि चतरा हजारीबाग मुख्य पथ से तेजी व लापरवाही कोल वाहन की परिचालन हो रही है।जिससे मुख्य सड़क में पडने वाले गांवों में कई लोगों की सड़क दुर्घटना में जान चली गई है। साथ ही कई जंगली जानवरों के साथ साथ पालतू जानवरों की भी जान गई है।मौके पर वनकर्मी के साथ-साथ कैटल गार्ड दिलीप दास, भैरव साव, उमेश कुमार राणा, लेखो साव सहित अन्य मौजूद थे।

## टीएसपीसी के दो उग्रवादी लेवी मांगने को लेकर गिरफ्तार, जेल

### टंडवा पुलिस की बड़ी कामयाबी, गिरफ्तार उग्रवादी करते थे लेवी वसूली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा पुलिस ने दो टीएसपीसी के उग्रवादी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। घटना के बाबत इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम ने प्रेस वार्ता कर बताया कि आरक्षी अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी संगठन के दो उग्रवादी मेसर्स भारद्वाज कंपनी के संवेदक से लेवी का रुपया लेने ग्राम सिसई आया हुआ है। जिसकी जांच के लिए टंडवा थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए टीम बना कर धड़ पकड़ का योजना बनाया जा रहा था कि संवेदक और ग्रामीणों के सक्रियता से एक उग्रवादी को पकड़ लिया गया। वहीं एक जंगल का लाभ लेकर भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों ने त्वरित इसकी सूचना टंडवा थाना प्रभारी उमेश राम को दिया। थाना प्रभारी ने उक्त ग्रामीणों द्वारा पकड़े गया उग्रवादी को अपने कब्जे में लेकर पूछ ताछ किया जाने लगा। पूछ ताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादी मनोज गंझू पिता वासुदेव गंझू उर्फ फाल्गुन गंझू ग्राम मारग लोइया बड़कीतरी थाना टंडवा जिला चतरा के निशानदेही पर अखिलेश गंझू पिता झुबर गंझू ग्राम चेडरा थाना बारियातू जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने लेवी लेने की बात स्वीकार किया है। इधर लेवी को लेकर भुक्तभोगी संवेदक रमेश राणा पिता स्वर्गीय बंधन राणा ग्राम काढ़म दीरी थाना टंडवा के आवेदन के आलोक में कांड संख्या 4/25 धारा 308 (3)/308(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 17 (i) (ii) सीएल एक्ट दर्ज कर लिया गया है। वहीं आगे की कारवाई में टंडवा पुलिस अग्रसर है। मौके पर पुअनि रामजी सिंह, पुअनि कुमार गौतम,पुअनि शिवमणि पासवान, सअनी सौरभ कुमार के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।




## बिश्रामपुर विधायक ने किया लैब भवन का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार (पलामू) :** जिले के कंडा प्रखंड मे पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में बिश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह के द्वारा, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत 24 लाख 74 हजार रुपए के लागत से बनने वाली फिजिक्स, लैब एवं बायोलॉजी, लैब भवननिर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में पर्यावरण के बढ़ावा देने को लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु प्रभारी प्राचार्य सुमित शंकर के साथ औषधिय पौधा लगाकर वृक्षारोपण भी किया । श्री सिंह ने बोला भवन निर्माण होने से ऐवं लैब शिक्षा संस्थान में बच्चों को रिसर्च के माध्यम से नई-नई जानकारी प्राप्त करने में मदद दिलाएगी, वही सभी लोगों से स्वच्छ पर्यावरण को दृष्टिकोण में रखते हुए पौधे लगाने की भी अपील की। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, संवेदक अरविंद तिवारी, कन्यीय अभियंता संजीत यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, प्रमोद भारती, आलोक सिंह, प्रेम गौरव, विवेक कुमार पाठक, बिगु रद्यम, जावेद अंसारी, जितेंद्र कुमार, विक्रमा कुमार दुबे, परमेश्वर गुप्ता, निशांत कुमार बर्मन, अश्विनी कुमार दुबे, विवेक सिंह शिक्षिका मेहनाज, मीनाक्षी चौधरी, सुलेखा रानी, कविता कुमारी के अलावे गोविंद पासवान, कलीम खलीफा समेत कई लोग मौजूद थे।

## पैसा लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर हुई मारपीट, एक रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बड़हिबीघा गांव में शनिवार को पैसे के लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें बड़े भाई और छोटे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने छोटे भाई भूट्टू यादव के सर पर गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर ईलाज हेतु चिकित्सकों ने गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है.वही घायल बड़े भाई महेंद्र यादव के द्वारा बताया गया कि हमारा छोटा भाई भट्टू यादव गांव के ही जगलाल यादव से पैसा लिए हुए था जिसे लेकर जगलाल यादव एवं भट्टू यादव में कहां सुनी हो रहा था इसी दौरान हम गए और अपने छोटे भाई को बकाया पैसा देने को बोल कर चले गए छोटा भाई भट्टू यादव अपनी पत्नी के साथ लाठी डांटे से लैस होकर हमारे घर पर आया और हमारे सर पर वार कर दिया जिसमें हम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं छोटे भाई भट्टू यादव के द्वारा बताया गया कि हमारा बड़ा भाई जलाल यादव के साइड लेकर हमें जबरन पैसा देने के लिए कह रहा थे इसी को लेकर तू तू मैं मैं हो गया जिसमें हमारे बड़े भाई ने हमें मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। ख़बर लिखे जाने तक थाना में दोनो भाइयों के द्वारा नहीं दी गई थी।




## संत जेवियर्स महाविद्यालय की इस उपलब्धि पूरे पलामू प्रमंडल के लिए गर्व का विषय है : रामचंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ स्थित संत जेवियर्स महाविद्यालय ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय का पहला और एकमात्र स्वायत्त (ऑटोनॉमस) महाविद्यालय बनने का गौरव प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने महाविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वायत्त संस्थान का दर्जा प्रदान किया है। इससे पूर्व संत जेवियर्स महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा ए+ ग्रेड का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रमाण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा, यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत, निष्ठा, समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। यह हमारे संस्थान के इतिहास में एक अमूल्य उपलब्धि है। इस अवसर पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने संत जेवियर्स महाविद्यालय के स्वायत्त संस्थान बनने पर पूरे पलामू प्रमंडल को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सह सहायक प्राध्यापक अविनाश यादव ने किया। इस अवसर पर आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर शशि शेखर, शिक्षक प्रतिनिधि ज़फ़र इक़बाल, मैक्सेंशस कुजूर, रोस एलिस बारला, शालिनी बारा, शेफाली प्रकाश, अंशु अंकिता, डॉ. मनु शर्मा, डॉ. आरिफुल हक सहित महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर व कर्मचारी उपस्थित थे।




## तिसिया गांव में गर्मी ने बढ़ाया पेयजल संकट, ग्रामीण चुआंड़ का पानी पीने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत बुढ़ा पहाड़ की तलहटी पर बसे तिसिया गांव में भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए चुवा (पहाड़ी स्रोत से रिसते पानी) पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गांव में मौजूद हैंडपंप और जलमीनार या तो पूरी तरह सूख चुके हैं या खराब पड़े हैं। इस कारण ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर जंगलों और पहाड़ों में बने प्राकृतिक जलस्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सका है। इधर भीषण गर्मी के चलते चुवा का जलस्तर भी तेजी से घट रहा है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पहल कर पेयजल संकट का समाधान करने की मांग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक हुई

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।




## मुखिया ने जलमीनार मरम्मत की मांग को लेकर उपायुक्त से लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने बढ़ते गर्मी को देखते हुए लातेहार उपायुक्त उत्तकर्ष गुप्ता से बालूमाथ में करोडो रुपये की लागत से बने जलमीनार ठीक कराने का मांग किया है। मुखिया ने दिए आवेदन में कहा है कि बालूमाथ में कुछ वर्ष पहले बालूमाथ ब्लॉक के समीप पानी टंकी का निर्माण लोगों को साफ पानी पीने की सुविधा मुहैया कराने के लिए किया गया था ।लेकिन रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे पानी टंकी की स्थिति जर्जर होते जा रही है। बालूमाथ पंचायत में अपनी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई इलाकों में डीप बोरिंग तक नहीं काम करता। उन्होंने उपायुक्त से हर घर जल योजना के तहत पानी टंकी को ठीक करने का मांग किया है। ताकि क्षेत्र के लोगों को पानी की सुविधा मिल सके।


**समक्ष, लेख्य प्रमाणक**
**शपथ पत्र**

यह कि मेरे दो पुत्री का आधार कार्ड है जिसमे प्रथम पुत्री का आधार नम्बर- 427798724621 और द्वितीय का 2084 8822 0612 है। जिसमें मेरे प्रथम पुत्री का नाम आदिति कुमारी (Aditi kumari ) और द्वितीय पुत्री का नाम आयुषी कुमारी (Ayushi Kumari) है। एवं डाक घर बचत बैंक लातेहार में मेरे प्रथम पुत्री का जन्म तिथि 14/08/2009 हो गया है। आधार कार्ड में जन्म तिथि 14/08/2010 है जो की आधार कार्ड का जन्म तिथि सही है। द्वितीय पुत्री का दिनांक-28/05/2011 हो गया है। एवं आधार कार्ड में जन्म तिथि दिनांक- 11/05/2013 है जो कि आधार कार्ड का जन्म तिथि सही है। यह कि डाक घर बचत बैंक लातेहार में मेरे प्रथम पुत्री का शाखा नंबर 5805904823 है और द्वितीय पुत्री का शाखा नम्बर सं0- 5805904809 है। भुल वश मेरे प्रथम पुत्री का नाम श्रेया राज (shreya raj) और द्वितीय पुत्री का नाम श्रावणी राज (Shravani Raj) हो गया था। मैं अपने प्रथम पुत्री का नाम आदिति कुमारी (aditi kumari) और द्वितीय पुत्री का नाम आयुषी कुमारी (Ayushi Kumari) कराने के लिए मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूँ।

Affidifite No.8236
21 FEB 2025


## उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### सड़क मरम्मत और दुर्घटना रोकथाम को लेकर सख्त निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा एवं निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने पूर्व में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से रिपोर्ट ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले बैठक के निर्देशानुसार एनएच-39 लातेहार से कुडू तक सड़क में बने गड्ढों को भरने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को आदेश दिया गया था। लातेहार से तुबेद होते हुए हेरहंज तक नवादा चौक के रास्ते सड़क की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई है। डीवीसी के द्वारा क्षमता से अधिक वाहनों के परिचालन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उपायुक्त ने आरसीडी और डीवीडी को शीघ्र ब्लैक टॉपिंग कराने और जरूरी सड़क सुरक्षा साइनेज लगाने का निर्देश दिया। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों को लेकर चिंता जताई गई और दुर्घटना से बचाव हेतु व्यापक उपाय करने पर जोर दिया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के चौक-चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा बस-ऑटो स्टैंड पर ही वाहन पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। चंदवा और बालूमाथ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट जांच अभियान तेज करने का आदेश दिया गया। हिट एंड रन के मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कार राशि का भुगतान करने के निर्देश भी दिए गए। डीवीसी द्वारा कोल फील्ड क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी की व्यवस्था में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार मिश्रा समेत सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## मंडल अध्यक्ष पद की रायशुमारी को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पद की रायशुमारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डॉ. श्यामलाल गोस्वामी ने किया।बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रवेक्षक संजीव कुमार सिंहा, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, अजय सिंह, विजय गुप्ता, मनीष जायसवाल, विजय ठाकुर समेत कई वरिष्ठ नेताओं की निगरानी में सर्वसम्मति से हेरहंज मंडल अध्यक्ष पद हेतु चार नामों का चयन किया गया। संजीव कुमार सिंहा ने जानकारी दी कि पार्टी पूरी पारदर्शिता के साथ मंडल अध्यक्ष का चयन करेगी। सभी सक्रिय सदस्य अपना नाम प्रस्तावित कर सकते हैं। बैठक में चार नामों को चुना गया – कन्हाई साव, श्यामलाल गोस्वामी, मनोज यादव और जस्मतियां देवी। इन सभी नामों को जिला कार्यालय भेजा गया है। पार्टी उनके पूर्व कार्यकाल और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश स्तर से शीघ्र ही किसी एक नाम की घोषणा करेगी। बैठक में मंडल के महामंत्री कैलाश कुमार ठाकुर, जितेंद्र यादव, बिहारी प्रसाद सहित सभी बूथ सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में हजारीबाग रहा पूरी तरह बंद

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर ऐतिहासिक बंदी

- पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ हजारीबाग एकजुट, सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बंद का किया समर्थन, अपने-अपने कार्यालय को रखा दिनभर बंद.
- देशभक्ति के जज्बे से सराबोर हजारीबाग, आतंकवाद के खिलाफ ऐतिहासिक बंद
- हजारीबाग की सड़कों पर गूंजे नारे, आतंक के खिलाफ बाजार रहे दिनभर बंद.

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए जघन्य आतंकी हमले में 26 निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या ने समूचे राष्ट्र को गहरे आघात और पीड़ा में डुबो दिया है। इस अमानवीय एवं निंदनीय कृत्य के विरोध में तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, हजारीबाग के आह्वान पर शनिवार को एकदिवसीय बंद का आयोजन किया गया। सुबह से ही बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर के पूरे दुकानें और प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहीं। व्यापारियों, उद्यमियों एवं आमजनों ने स्वतः बंद में भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया।

**बाजार में सन्नाटा, जनाक्रोश चरम पर**

करीब 9:00 बजे से ही चेंबर के पदाधिकारी और व्यापारीगण झुलूस के रूप में बाजारों में निकले। 11 बजे से 11:30 बजे के बीच, देखते ही देखते पूरा बाजार सन्नाटे में बदल गया। प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद कर दिए गए और व्यापारी जुलूस में सम्मिलित हो गए। चेंबर सदस्यों ने झंडा चौक पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया, जहाँ पाकिस्तान के खिलाफ उग्र नारों के साथ जनभावनाओं का विस्फोट हुआ। शहीदों अमर रहें, आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा। हर नागरिक के चेहरे पर आतंकवाद के खिलाफ गुस्सा और मृतकों के प्रति संवेदना साफ झलक रही थी।



**पूरा शहर बंद,आम जन ने भी दिया समर्थन**

दोपहर तक टोलियों में लोग शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और दुकानों को बंद करने का आह्वान करते रहे। हर छोटे-बड़े प्रतिष्ठान, मॉल, शोरूम, ठेले-पटरी व्यवसाय तक ने स्वतःस्फूर्त बंदी में भाग लिया। हजारीबाग बाजार का हर कोना इस एकजुटता का साक्षी बना। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की पहलगाम की घटना ने समूची मानवता को झकझोर दिया है। निर्दोषों की हत्या को हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते। आज का हजारीबाग बंद इस बात का प्रतीक है कि देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों और उनके संरक्षक पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर एवम उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने कहा की हजारीबाग की जनता ने आज यह साबित कर दिया कि वह हर राष्ट्रविरोधी गतिविधि के विरुद्ध खड़ी है। हम मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए हम एकजुट हैं। उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवम सहसचिव अहमद तारीक राजा ने कहा कि हजारीबाग स्वर्णकार संघ का चेंबर विशेष रूप से आभार प्रकट करता है जिन्होंने शुक्रवार को भी बंदी रखा और शनिवार को चेंबर की बंदी आह्वान पर पूर्ण रूप से समर्थन दिया एवं हजारीबाग के सभी व्यवसाईयों का आभार जताया जिन्होंने पूर्ण रूप से बंदी का समर्थन किया

**चेंबर ने सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद का जताया आभार :** फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्स्ट्रीज, हजारीबाग ने सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद का समर्थन और संवेदनशीलता के लिए आभार प्रकट किया।

### सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद का समर्थन

हजारीबाग के लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बंद का पूर्ण समर्थन किया। वर्तमान में हजारीबाग से बाहर होने के बावजूद, सांसद अपने झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय एवं विधायक अपने झांझरिया पुल स्थित विधायक सेवा कार्यालय को पूर्णतः बंद रखा.कार्यालय के सभी कर्मचारी चेंबर के आह्वान के समर्थन में रहे। सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने संदेश प्रेषित कर कहा की आतंकवाद के विरुद्ध हम सभी एकजुट हैं। निर्दोष सैलानियों की हत्या मानवता पर हमला है। इसका समुचित और निर्णायक उत्तर दिया जाना चाहिए। मैं चेंबर के इस पहल का समर्थन करता हूँ और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ।

## 140 पेटी अवैध शराब किया गया जब्त, तीन अभियुक्त हुए गिरफ्तार भेजे गये जेल

- सभी शराब बिहार में खापाया जाता : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद व चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया की 25/04/2025 रात्रि 8 बजे गस्ती दल द्वारा 140 पेटी अवैध शराब जब्त किया गया। वही उन्होंने बताया की वारिये पदाधिकारी के सूचना के अनुसार एक सफेद रंग का पिकअप वैन विदेशी शराब लोड कर रामगढ़ से हजारीबाग की ओर आ रही है।वाहन चेकिंग के दौरान मांडू की ओर से एक सफेद कार आते दिखाई दिया जिसे रोकने का इशारा किया गया तो उक्त गाड़ी के चालक काफी तेजी से गाड़ी भागने लगा गस्ती गाड़ी के उक्त गाड़ी को पीछा करते हुए चरही ओवरब्रिज के पास रोककर वो लोग उक्त गाड़ी छोड़कर भागने लगा सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया भगाने का कारण पूछने पर उनके द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया सफेद रंग का अर्टिगा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR01GM 0609 में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ एवं पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी लिया गया तो सफेद रंग का पिकअप वैन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR01GM 6294 के पीछे डाला में रॉयल चैलेंज का 70 पेटी ब्लेंडर प्राइड का 8 पेटी इंपीरियल ब्लू का 17 पेटी रॉयल स्टैज का 25 पेटी वा 20 पेटी लदा हुआ पाया गया उक्त लादे विदेशी शराब से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे विधिवत जप्त किया गया तत्पश्चात पकड़े गए व्यक्तियों को चरही थाना लाया गया एवं उक्त जप्त कर पिकअप वैन एवं उसमें लदा विदेशी शराब को सुरक्षित चरही थाना परिसर में रखा गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त में संदीप कुमार उम्र 25 वर्ष पिता कमलराय ग्राम जाफरपुर छोधरी राय 30 वर्ष पिता स्वर्गीय शीतल राय ग्राम विष्णुपुर जितेश कुमार यादव उम्र 27 वर्ष पिता सत्येंद्र प्रसाद ग्राम नरसिंहगंज तीनों थाना दानापुर जिला पटना एवं अमरजीत कुमार उम्र 35 वर्ष पिता गिरानी ग्राम पचमहल थाना खिजलसराय जिला गया सभी अभियुक्त राज्य बिहार के रहने वाले हैं बरामदगी में एक उजला रंग का अर्टिगा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR01PL 0609 एवं सफेद रंग का पिकअप पेन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR01GM6294 है। रॉयल चैलेंज का 70 पेटी ब्लेंडर प्राइड का 8 पेटी इंपीरियल ग्रुप का 17 पेटी रॉयल स्टैग का 25 पेटी वह 20 पेटी जप्त किया गया कुल 140 पेटी जप्त किया गया ये अवैध शराब सभी बिहार में खापाया जाता। वही गश्ती दल में रंजीत कुमार अनिल रजक अमित कुमार सिंह विनोद कुमार पासवान रमाशंकर पांडे एवं सतीश कुमार सिंह थे।

## यूपीएससी में 354 वीं रैंक प्राप्त करने वाली आस्था शरण का बरही डीएवी स्कूल ने किया भव्य स्वागत

- उनकी संघर्षमयी यात्रा आज के हर छात्र-छात्रा के लिए प्रेरणा की जीवंत मिसाल है : प्राचार्य डॉ आशुतोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के प्रांगण में शनिवार को सिविल सेवा परीक्षा में 354 वीं रैंक प्राप्त ग्राम जरहिया निवासी आस्था शरण की सफलता को सम्मानित किया गया। इस स्कूल के एनसीसी छात्र-छात्राओं ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ आस्था शरण का स्वागत किया।विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि संघर्ष जितना कठिन होगा सफलता की बुलंदी उतनी ही जगमगाहट के साथ दिखेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में संघर्ष का तहे दिल से स्वागत करना चाहिए क्योंकि इसी से हमारा आने वाला कल तय होता है। आस्था शरण ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में संघर्ष से कभी घबराना नहीं चाहिए। हमारा संघर्ष जितना कठिन होगा बुलंदी भी उतनी ऊंची होगी। उन्होंने बच्चों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, पूरी लगन के साथ किया गया प्रयास और असफलता से ना घबराते हुए सदैव आगे की तरफ कदम बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता के संघर्ष को कभी भूलना नहीं चाहिए। उनके दिखाए रास्तों पर चलते हुए ही हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अतः हमें अपने जीवन में माता-पिता अपने गुरुजनों के दिखाए मार्ग पर चलकर सदैव आगे बढ़ने का प्रयत्न करना चाहिए, सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यालय की पूर्व छात्र तपस्या ने भी बच्चों को नीट में सफलता कैसे प्राप्त करें उसके गुण बताए। विद्यालय के पूर्व शिक्षक शशि कुमार यादव ने भी बच्चों को सफलता के रहस्य बताए। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे बच्चों के अंदर छिपे गुणों को तरासते हुए उन्हें उनके जीवन के आगे के मार्ग पर प्रशस्त करने का सदैव प्रयास करते रहे।

## पहलगाम हमले के विरोध में जेकेएलएम ने निकाला कैंडल मार्च



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते 22 अप्रेल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान 26 पर्यटकों के निर्मम हत्या के विरोध में जेकेएलएम के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान जेकेएलएम के कार्यकर्ताओं ने कहा के आतंकी हमले की जेकेएलएम कड़ी निंदा करती है और भारत सरकार से मांग करती है कि इन आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दे। वहीं इस हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति कैंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस बीच में बड़कागांव के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे। मुख्य रूप झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंदीय सचिव मिथलेश कुमार, केंद्रीय संगठन सचिव राकेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो, सचिव गौतम कुमार, कोषाध्यक्ष रामचंद्र कुमार, जिला संगठन सचिव अनिल कुमार , रामचरित्र प्रसाद, तिलेश्वर प्रजापति, जयपाल कुमार, राजकुमार, विक्रम कुमार, उदित कुमार, अवधेश कुमार, संतोष कुमार सिंह एवं रमन कुमार शामिल थे।

## पंचायत वीएलई संग सीओ ने किया बैठक



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों का अमित किस्कू के साथ एक महत्पूर्ण बैठक हुई. प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रमाण पत्र निर्गातन प्रक्रिया में तेजी करवाने का आग्रह किया. साथ ही झारसेवा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पूरे अंचल क्षेत्र में यूनिक कोड पर आधारित आवेदन प्रपत्र प्रारंभ करने की बात कही. जो सिर्फ प्रज्ञा केंद्र पर हीं उपलब्ध होंगे. जिसे प्रज्ञा केंद्र संचालक फार्म नंबर और मुहर के साथ ही बिक्री कर सकेगा. इससे गलत दस्तावेज एंट्री पर नियंत्रण किया जा सकेगा. जिसे सीओ ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संचालकों के सुझाव को उचित बताया. जिसे आगामी माह से जाति, आय, आवासीय आदि के लिए यूनिक कोड पर आधारित प्रपत्र प्रयोग करने की सहमति बनी. जो सिर्फ प्रज्ञा केंद्र पर ही उपलब्ध होंगे. सीओ ने सभी संचालकों को सिर्फ स्व अभिप्रमाणित जरूरी और स्पष्ट डॉक्यूमेंट्स हीं पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया. अंचल कंप्यूटर ऑपरेटर सहोदर व सागर ने भी सभी संचालकों को डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों को भी जानकारी दिया. बैठक में कोनरा प्रज्ञा केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा, बरही पश्चिमी प्रज्ञा केंद्र संचालक मोती सिंह बरही पूर्वी प्रज्ञा केंद्र संचालक कुंदन कुमार, करसो पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक प्रभात सिंह, करियातपूर प्रज्ञा केंद्र संचालक गणेश यादव, खोड़ाहर पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक पप्पू एक्का, रसोईया धमना प्रज्ञा केंद्र नितेश कुमार आदि मौजूद थे।

## सांसद के सौजन्य से किया गया टाटीझरिया के तीन बेटियों को लहंगा भेंट

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सांसद मनीष जायसवाल के ओर से टाटीझरिया प्रखंड में अब तक कई गरीब परिवार को सहयोग किया गया है । वही हजारीबाग लोक सभा के टाटीझरिया प्रखंड भाजपा सांसद प्रतिनिधि सह टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा गरीब परिवार के बेटी को सांसद के तरफ से अनोखा पहल की गया डूमर पंचायत के चुरचू गांव निवासी 1.मनोज प्रसाद की पुत्री सीमा कुमारी 2.रेखा कुमारी पिता बुंडू घटवार गांव कोल्हू,3. खुशी कुमारी पिता भोला भुइंया ग्राम कोल्हू गांव निवासी के पुत्री को लहंगा भेट किया गया। गरीब परिवार के लोगों ने कहा कि आर्थिक स्थिति आय श्रोत नहीं रहने के कारण हम अपनी बच्चियों को लहंगा नहीं दे पाते और सांसद ने हमारी बच्चियों की जिज्ञासा को पूर्ण किया ।इस नेक कार्य के लिए सांसद उक्त परिवार ने धन्यवाद दिया। मौके पर टाटीझरिया हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,समाज सेवी रजनीकांत चौधरी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रेस वार्ता किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आज कृष्ण वल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में और झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रेस को संबोधित किया ,जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने बताया की केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों के बेतुके उल्लंघन और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केंद्रीय एजेंसी के खुले तौर पर हथियारबंद किए जाने ,संघीय सिद्धांतों के बार-बार अतिक्रमण और बढ़ती महंगाई बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर सरकार किस शर्मनाक उपेक्षा के खिलाफ एक शक्तिशाली जनआधारित राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक है ।संविधान के प्रति एक घोर अपमान की भावना से न्यायपालिका को भी अब अप्रत्यक्ष धमकियों और दबाव की रणनीति से शिकार बनाया जा रहा है जो बढ़ती तानाशाही का स्पष्ट संकेत है । इन्होंने कहा कि राज स्तरीय संविधान बचाओ रैली 3 मई को रांची में पुराने विधानसभा धुर्वा मैदान में आयोजित की गई है इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के केंद्र स्तरीय नेता, प्रदेश स्तरीय नेता, विभिन्न जिला के पदाधिकारी और भारी संख्या में जनता की भागीदारी होगी। इसके बाद जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 4 में से 10 मई तक प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जाएगा इस कार्यक्रम के बाद विधानसभा स्तरीय संविधान बचाव रैली 11 से 17 मई तक हर विधानसभा मुख्यालय में सुनिश्चित किया गया है । इसके बाद 20 मई 30 मै तक घर-घर जन संपर्क अभियान चलाया जाएगा । द्वह्य अभियान में लगातार उन्मुख मुद्दों को उजागर किया जाना चाहिए जो हमारे गणतंत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है मोदी सरकार द्वारा संविधान और स्वतंत्र संस्थानों पर लगातार किए जा रहे हैं हमले केंद्रीय एजेंटीयों के माध्यम से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सत्ता का खुला दुरुपयोग और महंगाई व रोजगार सृजन में सफलता ने देश को गंभीर संकट में धकेल दिया है इस सरकार की नीतियों ने सामाजिक असमानताओं को बढ़ाया है और गरीबों व सबसे कमजोर वर्गों को निराश किया है । इस संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,सेवादल के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह, रजी अहमद,दिलीप रवि,विजय सिंह,मनीषा टोप्पो, मो.मुस्ताक अनिल भुइया,अजय गुप्ता,सलीम रजा,रोहन ठाकुर आदि कांग्रेस जन उपस्थिति रहे ।

## बरही विधायक ने पोड़ैया गांव में नए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही:** बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के पोड़ैया गांव में 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन हुआ। शनिवार को इसका उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पुराने ट्रांसफार्मर की खराब स्थिति के कारण गांव में अक्सर बिजली की समस्या बनी रहती थी। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने विधायक मनोज कुमार यादव से इस समस्या की शिकायत की थी। विधायक के त्वरित प्रयास से गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे अब बिजली आपूर्ति में सुधार हो पाया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताते हुए उनका धन्यवाद किया। उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, सुनील कुमार यादव, लालमणि सिंह, संजय यादव, गोबिंद यादव, महेश यादव, बिनोद गोप, रामदेव यादव, सकेंद्र यादव, नरेश यादव, सोहन यादव, उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निकाला गया शांति मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में पहलगाम में शहीद हुए सैलानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही महाविद्यालय परिसर में शनिवार को शांति मार्च निकाला गया। इससे पहले शिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने दो मिनट का मौन रख आतंकवाद का शिकार हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रशिक्षुओं ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वह पीड़ित परिजनों के साथ हैं। वहीं देश के लिए सदैव बलिदान देने के लिए तैयार हैं। सभी लोगों ने केंद्र सरकार से आतंकवाद पर काबू पाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की। प्राचार्या डॉ बसुंधरा कुमारी ने कहा कि आतंकवाद पूरे विश्व के लिए खतरा है। पहलगाम की घटना ने मानवता को शर्मशार किया है। 22 अप्रैल की हुई अमानवीय घटना ने पूरे हिन्दुस्तान को झकझोर दिया। इंसानियत का हनन करनेवाले आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## पेड़ काटे जाने पर ऋत्विक कंपनी का जोरदाग के ग्रामीणों ने किया विरोध, लगभग 200 सौ पेड़ काटे जाने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में के बतौर एमडीओ कार्य कर रही रित्विक कंपनी द्वारा बीते रात्रि जोरदाग में लगे लगभग 200 पेड़ पौधों को काट दिया गया। जिसके विरोध में सैकड़ों भू रैयतों ने शनिवार के सुबह से चट्टी बरियातू कोल माइंस के ओबी डंप करने वाले दर्जनों वाहनों को जब्त कर लिया! साथ ही चट्टी बरियातू कोल परियोजना के बगल में स्थित बरगद पेड़ के नीचे धरना पर बैठ गए है।

**क्या है भू रैयतों की मांग :** भु रैयतों ने कम्पनी से मांग किया है कि जब तक मध्य विद्यालय जोरदाग को स्थानांतरित नही किया जाता तब तक विद्यालय के इर्द गिर्द ओबी डंप नही होगा साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर राम ने बताया कि चट्टी बरियातु कोल माइंस में ब्लास्टिंग के समय विद्यालय भवन में कम्पन होता है जिसके कारण अकस्मात दुर्घटना के भय बस ब्लास्टिंग के समय बच्चों को विद्यालय से बाहर करना पड़ता है।

**क्या कहते है विद्यालय के बच्चे :** उपरोक्त बिद्यालय में पढ़ने वाले छात्रा आशा कुमारी,सोनाली कुमारी,करिश्मा कुमारी,मालको कुमारी,चांदनी कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,रूपा कुमारी समेत अन्य बच्चों ने बताया कि ब्लास्टिंग होता है उस समय हमलोग डर जाते है,ऐसा लगता है कि बिद्यालय भवन गिर जाएगा। धरना के अध्यक्षता करते हुए केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि जबतक हमलोगों की मांगे पूरी नही होगी, तब तक ओबी डंप का काम बंद रहेगा! जबकि संचालन अखिलेश कुमार गौरव नेकिया। मौके पर मुखिया महेश साव, भु-रैयत प्रेमरंजन पासवान, कालो राम,संजय साव, कन्हाई माली, कृष्णा गुप्ता, प्रदीप साव, कविता देवी,कौशल्या देवी, सिमा देवी, पार्वती देवी, मुनिया देवी, जागेश्वर साव, खिरोधर साव, सिबदेव सोनी, ब्रजेश राम,चौहान राम, कुलदीप साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नहीं थम रही है सड़क दुघर्टना, चालक की लापरवाही बन रहा दुर्घटना का कारण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के एन एच 522 में प्रतिदिन सड़क दुघर्टना की घटना घट रही है। प्रतिदिन कोई वाहन चालक किसी खड़ी ट्रक तो कभी आमने सामने टक्कर खा रही है। टाटीझरिया थाना क्षेत्र में बेनी पूल और कुबरी नदी के पूल के संकीर्ण होने के कारण भी दुर्घटना होती आ रही है। शनिवार को सुबह बेनी पूल के पास ओमनी दुर्घटना होने के कारण उसके चालक मोहम्मद सिराज घायल हो गया। ओमनी सवार रामगढ़ से मधुपुर जा रहा था। वहीं दोपहर को गिरीडीह से रांची जा रही पम्मी नामक बस और बेलगडा बहिमर से दुधमटिया दहेज का समान लेकर आ रहे पिक अप वाहन में आमने सामने टक्कर हो गया जहां छ लोग घायल हो गया जिसमें बस सवार नफीस बनो,असर अली,रोकी और पिक अप चालक विशाल कुमार समेत दो सवार अभिषेक कुमार और रंजीत यादव घायल हैं। सभी घायलों को टाटीझरिया पूलिस एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से गाड़ी में फंसे लोगों को निकाला गया और इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं बस चालक फील्म स्टाईल में भाग निकला। दुल्हा के घर पहुंचने से पहले हुई दुर्घटना -- लड़की पक्ष के लोग बेलगडा से दुधमटिया दहेज के समान फ्रीज,पलंग,गोदरेज,मशीन समेत अन्य लेकर पहुंचने वाले थे कि 200 मीटर के पहले टक्कर हो गयी। कटकमसांडी के बेलगडा भोला यादव की पुत्री का शादी दुधमटिया के कार्तिक यादव के पुत्र के साथ शुक्रवार रात को हुआ था। दुल्हा और दुल्हन समेत दुल्हा पक्ष के लोग घर आ गये थे और दुल्हन पक्ष के चालक के साथ रिश्तेदार पहुंचाने आ रहे थे। चालक बन रहा दुर्घटना का मुख्य कारण -- चार पहिया वाहन समेत अन्य वाहन चालक दुर्घटना का मुख्य कारण बन रहा है। चालक को नींद दुर्घटना का बड़ा कारण बन रहा है। शादी के समय में भाड़ा पकड़ने के कारण चालक दिन रात मेहनत करते रहते हैं।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ लोक अदालत का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झालसा के निर्देशानुसार शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में संजय कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के मार्गदर्शन में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वादों के निस्पादन हेतु समी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को आवश्यक निर्देश दिए एवं पक्षकारों के सुविधा के लिए 3 बैचों का गठन किया गया जिसमें सभी क्रिमीनल सुलहनीय वाद, परिवारिक वाद, भू अधिग्रहरण वाद, कॅन्टोनमेंट बोर्ड संबंधित वाद,बिजली अधिनियम वाद, क्रिमीनल रिविजन एवं अपिल, मोटर व्हीकल क्लेम वाद, सर्टिफिकेट वाद, फॉरेस्ट वाद, एक्साइज वाद, एन आइ एक्ट वाद, इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन वाद जैसे बैंक, दुरभाष संबंधित वाद, कंज्युमर फोरम वाद आदि का दोनों पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर वादों का निस्पादन हुआ। (1). प्रथम बेंच के सदस्य 1. श्री शिवेन्दु द्विवेदी, सिनियर सिविल जज - ढ्ढ्क्क सह न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रामगढ़, 2. सुश्री संजीबिता गुइन सीनियर सिविल जज-ढ्ढ्ढ सह न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रामगढ़ एवं 3. मनीष कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।(2). द्वितीय बेंच के सदस्य 1. संदीप कुमार बरतम, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सह सीनियर सिविल जज 1, रामगढ़, 2. रोहित कुमार, सिनियर सिविल जज ड्क्क सह न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रामगढ़ एवं 3. नितेश कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़। (3). तृतीय बेंच के सदस्य एवं 1. प्रदीप कुमार चौरसिया, अध्यक्ष, स्थयी लोक अदालत 2. देवठान बैठा, सदस्य, स्थायी लोक अदालत एवं 3. अरूण कुमार गुप्ता, सदस्य, स्थायी लोक अदालत, रामगढ़।कोर्ट में लंबित मामलो का निस्पादन- 18 मामलो का हुआ। कुल समझौता राशि रू 38,05,000.00, लिटिगेशन एवं बैंको का कुल निस्पादन 22 समझौता राशि रू 20,78,000.00 , कुल वाद 40 कुल समझौता राशि रू 58,83,000.00 का हुआ।

## पतरातु आर्तंकियों के विरोध में मशाल जुलूस, आक्रोश रैली निकाली गई



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंदू संगठनों के आह्वान पर पहलगाम में हिंदू सैलानियों की इस्लामिक आतंकियों द्वारा हुई निर्मम हत्या के विरोध में पतरातू हनुमान मंदिर से शहीद भगत सिंह चौक तक मसाल जुलूस निकाला गया तथा पीटीपीएस न्यू मार्केट कटिया चौक से पूरे मार्केट में आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें हिंदू संगठन के लोग शामिल हुए और अंत में न्यू मार्केट कटिया चौक में लोगों द्वारा 1मिनट का मौन रखा कर निर्दोषों के प्रति श्रद्धांजलि दिया गया और आतंक के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए कहा गया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता मानवता के विरुद्ध किए गए ऐसे कृत्यों का हम हिंदू संगठन कड़ा विरोध करते हैं। और इस दुख के घड़ी में पूरा देश पहलगाम में मारे गए शहीदों के परिवार के साथ खड़ा है कार्यक्रम में संजीत कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, मुखिया किशोर कुमार महतो, नवीन कुमार सिंह, चंदन कुमार, सागर कुमार, शुभम कुमार, गणेश कुमार ठाकुर, राहुल कुमार सिंह, राजेश महतो, मनीष कुमार, सुधीर कुमार, रवि कुमार, अशोक ठाकुर, पंकज कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा रामगढ़ कैंट ने शिक्षा किट का किया वितरण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट एवं चेतना शाखा द्वारा सामूहिक रूप से चल रहे चार दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटियों को शिक्षित करने की पहल की गई जिनके पास उचित संसाधन नहीं हैं। यह कार्यक्रम डी यू मिशन स्कूल, झंडा चौक में रखी गई। इस अभियान के तहत शिक्षा किट का बच्चों को किताबें, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर आदि जैसे स्कूल किट दिए गए, जो बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के अध्यक्ष धीरज बंसल, सचिव श्रींजय मेवाड़, आशुतोष बेरेलिया, संतोष गोकुलका, राहुल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, निलिंद अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल रितिक परसरामपुरिया, रौनक अग्रवाल, प्रद्युमन गोयल एवं चेतना शाखा की अध्यक्षा डॉ निति बेरेलिया, मनीषा अग्रवाल, लवली अग्रवाल, नेहा जैन आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## बीसीकेयू बीएमडब्लू भाकपा माले एवं रेलिगढा सेल संचालन समिति के द्वारा रैलीगढा परियोजना का डिस्पैच बांद कराया



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन, बीएमडब्लू यूनियन, भाकपा माले एवं रेलिगढा सेल संचालन समिति के द्वारा एकदिवसीय धारणा दिया गया और रैलीगढा परियोजना में डिस्पैच बंद किया गया है रैयत विस्थापित एवं रेलिगढा सेल संचालन समिति भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने सुबह 9 बजे दिन से चक्का जाम आन्दोलन की शुरुआत गगन भेदी नारों के साथ किया गया और लगातार दिन भर कोयला डिस्पैच को बंद रखा गया जिनकी मुख्यतः मांग, 1.ई आक्शन का डी ओ लगाना होगा रेलिगडा सेल चालू करो ! 2.रैयत विस्थापितों को रोजगार देना होगा । , 3.सी सी एल अरगड्डा क्षेत्र का मजदूर बिरोधि निती मुर्दाबाद पावर प्लांट के साथ साथ लोकल सेल की गाडी लगाना होगा! 4.आन्दोलन में बडी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया मौके पर राजेन्द्र गोप ,आर डी मांझी ,सुन्दर लाल बेदिया पचु राणा ,अजीत प्रजापति, शहिद अंसारी ,इस्लाम अंसारी ,महेश बेदिया ,धनंजय सिंह, कैलाश महतो ,अमृत राणा ,तुलसी दास मांझी ,प्रभु गोप ,मनिष किस्कु, आजाद अंसारी, यूनुस अंसारी ,उमेश राम ,बृजलाल राम, हरी प्रसाद ,रामकिशुन, कार्तिक टुडू ,रस्का मांझी ,पोगरो मुण्डा, अशोक उरांव ,लालदेव महतो ,गणेश मांझी ,प्रभाकर मांझी ,चमन गंझु ,संझुल मांझी ,मनिजर महतो, शिवदयाल बेदिया ,दिनेश वेदिया बहादुर बेदिया इत्यादि शामिल थे।

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा विभिन्न दुकानों में छापामारी कर, आर्थिक दंड वसूला गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार रामगढ़ थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री के द्वारा कॉलेज गेट से ब्लॉक तक कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6ड्ड एवं धारा 4 के अंतर्गत 8 दुकानदारों से 1500 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया । बहुत से दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं रामगढ़ थाना का सहयोग रहा ।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में विश्व बौद्धिक संपदा महोत्सव संपन्न



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राधा गोविंद विश्विद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा महोत्सव साप्ताहिक 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए और शनिवार को इस कार्यक्रम का समापन हुआ। डॉ प्रियांक सक्सेना ने इस व्याख्यान में अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स और इनोवेशन को विस्तार से प्रतिभागियो को बताया, जिसमे माइनिंग इंडस्ट्री में स्मोक डिटेक्शन, मेडिकल इंडस्ट्री में कैंसर डिटेक्शन, डिफेंस इंडस्ट्री में बिना नेटवर्क के मेसैज भेजना, गार्बेज डिटेक्शन पर अपने इनोवेशन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया।फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं डॉ विश्व दीपक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। विभाग के सभी व्याख्याता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर विभाग के सभी व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में सिल्वर जोन ओलंपियाड में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन शिक्षिका उषा सिंह ने किया। पुरस्कृत होने वाले छात्रों में पवन कुमार केसरी को विज्ञान ओलंपियाड के लिए प्रथम पुरस्कार, आरोही कुमारी विज्ञान ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा अनन्या कुमारी तिवारी को अंग्रेजी ओलंपियाड के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ विभिन्न छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया जिनमें मोहित कुमार गुप्ता, राजदीप कुमार, नुमन्त कुमार, राहुल सिंह, रूद्र सिंह,आर्यन गुप्ता एवम नाविका कुमारी प्रमुख थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उचित भागीदारी रही। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने सभी पुरस्कृत बच्चों को बधाई देते हुए अन्य बच्चों को भी ऐसी प्रतियोगिता में आगे आने का आग्रह किया।

## जम्मू-कश्मीर पहलगांव में हुए आंतकी हमले में मारे गए हिन्दूओं को दी गई श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** एकल अभियान रामगढ़ अंचल, संच रामगढ़ के विद्यालय ग्राम लारीसुकरी गढा एवं ग्राम मुरूबन्दा में श्रद्धांजली सभा आचार्य रविन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। मौके पर अंचल खेल प्रमुख खिरेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी आचार्य, कार्यकर्ताओं , बच्चों एवं ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की पाकिस्तानी आंतकवादीयों द्वारा गत दिनों पहलगांव जम्मू-कश्मीर में एक साथ 26 लोगों को निर्मम तरीके से धर्म पुछ्कर हत्या कर दिया गया यह बहुत ही दुखःद समाचार हमलोग इस दुख की घड़ी में मृत आत्मा की शान्ती के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर उन सभी की आत्मा शान्ती हेतु प्रार्थना किया गया, वही आचार्य रविन्द्र कुमार दूबे इस घटना पर काफी दुख प्रकट किए और कहे की हम सभी हिन्दू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। मौके पर, अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार, प्रक्षित महतो, मधुसूदन महतो, भूपेंद्र कुमार, चन्दन नायक, सहित कई लोग शामिल थे।

## झारखंड अगेंस्ट करप्शन जिला रामगढ़ झारखंड द्वारा पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड अगेंस्ट करप्शन, ( जे ए सी ) रामगढ़ जिला जिला के अध्यक्ष सह जिला हजारीबाग प्रभारी राजकुमार राय ने जम्मू कश्मीर पहलगाम में पर्यटकों पर 22 अप्रैल 2025 को आर्तकियों के द्वारा हत्या कर दिया गया यह बहुत दुखत घटना घटित हुई थी मृतकों के आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि दिया गया। और आर्तकियों पर कड़ी से कड़ी कार्वाई करने की मांग की गई। ऐसी घटनाओं को देखते हुए लगता है कि आम पब्लिक सुरक्षित नहीं है झारखंड अगेंस्ट करप्शन की ओर से माननीय भारत देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं झारखंड सरकार से आग्रह है कि आतंकवादी संगठनों को देश और राज्य से सफाई किया जाए। तब देश एवं राज्य शांति अमन चैन से रह सकेगा। इस मौके पर उपस्थित रामगढ़ जिला के सचिन ताबरेज आलम जिला उपाध्यक्ष गोविंद करमाली रितेश कुमार गुप्ता जितेंद्र राय राम दिनेश प्रसाद सचिन कुमार मुखिया देवकी महतो इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम में मारे गए सैलानियों के लिए श्री गणिनाथ स्कूल के बच्चों ने रखा 2 मिनट का मौन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विकास नगर, रामगढ़ में स्थित श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य श्री आर एस गोस्वामी, वरीय शिक्षक सह अधिकारी डॉ रामाशीष विश्वकर्मा, उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने कश्मीर के पुलवामा में 22 अप्रैल को मारे गए निर्दोष व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। मौके पर रामाशीष विश्वकर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की निर्मम हत्या करना बहुत ही निंदनीय घटना है। आतंकवादियों का गढ़ पाकिस्तान को अब मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश प्रेम सबसे बड़ा प्रेम है। जिस देश की मिट्टी में जन्म लेकर हम पले-बड़े हुए हैं उसकी रक्षा करना, उनके कण-कण से प्रेम करना हमारा परम धर्म है। अपने देश की सुरक्षा एवं विकास के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। विद्यालय परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

## रामगढ़ डायलिसिस सेंटर में एसी की कमी, शीघ्र समाधान की मांग




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में एयर कंडीशनर की सुविधा न होने के कारण किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को अत्यधिक गर्मी में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों के स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदर अस्पताल का डायलिसिस सेंटर कुछ महीने महीने पूर्व शुरू किया गया था, जहां वर्तमान में प्रतिदिन लगभग नौ किडनी रोगी डायलिसिस की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन गर्मी के कारण उन्हें गंभीर परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा की जा रही है। श्री धनंजय कुमार पुटूस ने कहा मरीजों की सेवा ही सच्ची सेवा है। डायलिसिस सेंटर में उचित तापमान बनाए रखना मरीजों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन से आग्रह है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर मरीजों को राहत प्रदान करें।

## उरीमारी के आरसीएमयू इंटक के पदाधिकारी गण चरही में चल रहे अधिवेशन में भाग लेने को हुए रवाना



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में शनिवार को आरसीएमयू इंटक के सभी पदाधिकारी गण हजारीबाग के चरही में चल रहे अधिवेशन में भाग लेने के लिए उरीमारी से सैकड़ों कि संख्या में रवाना हुए। वहीं आरसीएमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि इस अधिवेशन में इंटक के विभिन्न क्षेत्रों में बरका सयाल,अरगडा, राजरप्पा, कुजू, सीआरएस बरकाकाना, एवं हजारीबाग के कार्यकर्ताओ का सम्मेलन किया गया है। इस सम्मेलन में इंटक संगठन के वरीय पदाधिकारी भी सामिल होगे। वहीं इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह इंटक के सभी सदस्यों को संबोधित करेंगे।विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा,उरीमारी परियोजन शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, क्षेत्रिय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम,बिरसा परियोजना शाखा सचिव कंचन मांझी,अध्यक्ष लालो महतो,नाथू प्रसाद,चंदू जयसवाल,बिश्राम मांझी, अली हसन खान,कुल्लू प्रजापति, रवि पावरीया,प्रभु किस्कू, सरोज मुर्मू,तालो सोरेन आदि लोग मौजूद थे।.

# रामगढ़ सदर अस्पताल में प्रसव कक्ष के बाहर डिलीवरी, व्यवस्था पर सवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का कारण हाल ही में मिली वह सूचना थी, जिसमें बताया गया कि गुरुवार की शाम सदर अस्पताल रामगढ़ में एक गर्भवती महिला ने प्रसव कक्ष के बाहर ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया। महिला चैनगड्डा निवासी हरीलाल महतो की पत्नी बताई गई है। इस घटना को लेकर पार्टी के केंद्रीय संगठन महामंत्री आदरणीय रवि कुमार महतो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जमीन पर बच्चों का जन्म होना अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यह घटना न सिर्फ स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही को दर्शाती है, अस्पताल परिसर में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ सिविल सर्जन से भी बातचीत की। सिविल सर्जन मैडम ने माना कि अस्पताल में मैन पावर की भारी कमी है और जल्द ही इस समस्या को दूर करने की बात कही। साथ ही जमीन पर डिलीवरी की घटना पर जांच कमेटी गठित कर दोषी कर्मचारियों पर उचित विभागीय कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने इससे पहले अस्पताल के डीएस से भी मुलाकात की थी। उन्होंने भी डॉक्टरों, पारा मेडिकल स्टाफ और वार्ड बॉय की कमी को अस्पताल में दिक्कत की बड़ी वजह बताया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा देवी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष जयंती देवी, केंद्रीय पदाधिकारी अनीता देवी, जेएलकेएम कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, केंद्रीय पदाधिकारी लक्ष्मण महतो, बंटी महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रामगढ़ एसपी द्वारा सोपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर इकाई के द्वारा रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसकी जानकारी देते हुए नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी ने बताया कि बीते 19 तारीख को रामगढ़ महाविद्यालय की छात्रा राधा महतो व उसकी सहेली के साथ एक मनचले व्यक्ति ने सड़क पर बाइक से काफी दूर तक पीछा करते हुए, अपशब्द का प्रयोग कर महिला की मर्यादा को तार-तार कर , उन्हें धक्का मार कर उन्हें चोटिल करने का कार्य किया। यह कृत्य करने वाला निरंकुश अपराधी अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। जबकि इसके विपरीत रामगढ़ पुलिस के द्वारा नगर मंत्री नितेश को सुभाष चौक पर गाड़ी के सभी कागज दिखाने पर भी बेवजह परेशान करते हुए ?500 की ऑनलाइन चालान करने की धमकी दी जाती है और वरीय अधिकारी को शिकायत करने की बात बोलने पर उटपटांग भाषा का उपयोग किया जाता है, जो काफी चिंताजनक विषय है। इस बाबत अधीक्षक महोदय से दोनों ही विषय पर समुचित कार्यवाही करने का आग्रह किया गया, ताकि कानून पर लोगों का विश्वास बना रहे और आम जनमानस के अंदर ये मनोस्थिति न बने कि कानून जान बुझ कर लोगो को फंसाने का कार्य करती है। मौके पर रामगढ़ नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी,नगर एस.एफ.डी संयोजक नितेश महतो, रामगढ़ कॉलेज सह मंत्री मोटी कुमार, कृष्णा मिश्रा, शकील अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले के विरोध में रामगढ़ में मसाल जुलूस और कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पहलगाम में हुए नरसंहार आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी के नेतृत्व में मसाल जुलू स एवं कैंडल मार्च रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार चौक से लेकर हिंद चौक तक दर्जनों की संख्या में पुरुष एवं महिला कैंडल मार्च निकाल कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जुलूस में वंदे मातरम भारत माता की जय कि नारे लगाए गए और पाकिस्तान मुर्दाबाद पाकिस्तान होश में आओ पाकिस्तान आर्तकियों को पनाह देना बंद करो पाकिस्तान को सबक सिखाएं भारत सरकार कि नारा लगाए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस जुलूस के माध्यम से मांग करते हैं कि आर्तकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी विधायक प्रतिनिधि पवन यादव वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव दिलेश्वर कुशवाहा विनोद प्रसाद रोहण लाल सुनीता रविदास संगीता रविदास सुनील प्रसाद साहू विनोद कुशवाहा बालों कुशवाहा नरेश प्रजापति चंदन कुशवाहा बबलू कुशवाहा बुद्धदेव महतो अर्जुन कुशवाहा उर्मिला देवी गिरवा देवी संगीता देवी सहित लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने बरकासयाल क्षेत्र का किया निरीक्षण

**उरीमारी आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यो से नाराज़ दिखे सीएमडी निलेन्दू कुमार सिंह, सुनाई खरी खोटी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल प्रक्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का शनिवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने निरीक्षण कर चल रहे कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह व विभिन्न परियोजनाओं के पदाधिकारी व अधिकारी भी साथ में मौजूद रहे। वहीं सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने न्यू बिरसा परियोजना, उरीमारी आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी,सयाल डी परियोजना अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महाप्रबंधक व अधिकारीयो को जरुरी दिशा निर्देश दिए। वहीं सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने कहा कि उनका यह दौरा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बरका सयाल को दी गई टारगेट के मुताबिक है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस साल का यह पहला दौरा है। वहीं उन्होंने वित्तीय वर्ष में आने वाले बरसात से पुर्व ही ओबी निकालने के लिए हर संभव प्रयास करने कि महाप्रबंधक अजय सिंह को आदेश दिया। साथ ही बरसात से ही कोयला का संप्रेषण करने कि बात कही। वहीं उन्होंने सयाल को मिले नौ मिलीयन टन कोयला उत्पादन करने पर जोर लगाने का आदेश दिया। वहीं उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिले लक्ष्य पर बरकासयाल कोयला उत्पादन व ओबीआर निकालने पर महाप्रबंधक अजय सिंह व उनकी टीम को बधाई दी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि बरकासयाल क्षेत्र मिले लक्ष्य को जरूर हासिल करेगा। वहीं बता दें कि इस दौरे में बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी स्थित आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यो से नाराज़ दिखे सीएमडी निलेन्दू कुमार सिंह ने कंपनी प्रबंधन को जमकर खरी खोटी सुनाई। वहीं इस मौके पर बिरसा पीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, आशीर्वाद मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा, एवं सीसीएल के अन्य पदाधिकारी, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी एन के सिंह, बिरसा सुरक्षा पदाधिकारी सचिन कच्छप, उरीमारी सुरक्षा प्रभारी बिनोद रविदास आदि लोग दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संत जेवियर स्कूल शालीमार में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संत जेवियर स्कूल शालीमार में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे उत्साह के साथ दिया। कार्यक्रम की थीम थी हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य÷। दिन की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में सामूहिक पौधारोपण अभियान से हुई, जहाँ नन्हें हाथों ने बड़े सपनों के साथ पेड़ लगाए। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों ने जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्लास्टिक प्रदूषण जैसे ज्वलंत मुद्दों को जीवंत रूप में दर्शाया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। मौजुद स्कूल के प्राचार्य पुनीत शाह ने कहा की पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन का कार्य नहीं, यह एक सतत प्रयास है। हमें आज से ही अपनी जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शपथ ली कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिदिन कोई न कोई सकारात्मक पहल करेंगे, जैसे – पानी और बिजली की बचत, प्लास्टिक का बहिष्कार, अधिकाधिक वृक्षारोपण और स्वच्छता को बढ़ावा देना। विद्यालय में बच्चो के बिच 'ग्रीन क्लब' का गठन किया जाएगा, जो नियमित रूप से पर्यावरणीय गतिविधियों का संचालन करेगा और छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से जागरूक करेगा।

## झारखण्ड एटीएस की टीम ने कई स्थानों पर की छापेमारी



**एक महिला समेत चार गिरफ्तार, 2 पिस्टल, 12 कारतूस बरामद**

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड ए0टी0एस0 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि HuT (HIZB UT-TAHRIR), AQIS (Al-Qaeda in Indian Subcontinent), ISIS एवं अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति राज्य के अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोडकर सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों के द्वारा गुमराह कर रहे हैं एवं धार्मिक कट्टरता को बढावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। छापामारी के क्रम में 1. गुलफाम हसन उम्र, करीब 21 वर्ष, पे0-फैयाज हुसैन, सा0-अलीनगर थाना-बैंकमोड़ जिला-धनबाद 2. आयान जावेद, उम्र करीब 21 वर्ष, पे0-जावेद आलम, सा0-अमन सोसाईटी थाना-भूली ओ0पी0 जिला-धनबाद 3. मो0 शहजाद आलम, उम्र करीब 20 वर्ष, पे0-मो0 मिनहाज आलम, सा0-अमन सोसाईटी गेट नं0-04 नियर भूली बाईपास ओ0पी0-भूली थाना-बैंक मोड जिला-धनबाद एवं 4. शबनम प्रवीण, उम्र करीब 20 वर्ष, पति-आयान जावेद, सा0-शमशेर नगर गली नं0-03 थाना-बैंकमोड, ओ0पी0-भूली जिला-धनबाद को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से दो पिस्टल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रोनिक्स डिवाईस जैसे-मोबाईल फोन, लेपटॉप इत्यादि तथा भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज / पुस्तक बरामद कियें गये हैं। इस संबंध में ए0टी0एस0, रॉची में आपराधिक काण्ड दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि HuT (HIZB UT-TAHRIR) को विधि-विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण (UAPA) अधिनियम-1967 के तहत दिनांक-10.10.2024 को भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया है तथा इस संगठन के प्रतिबंधित होने के पश्चात यह देश का पहला आपराधिक काण्ड है।

## बलियापुर में भू-माफियाओं के खिलाफ प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डांगी गांव में भू-माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी की और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों को पता चला कि जगदीश महतो की जमीन पर भू-माफिया द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने डुगडुगी बजाते हुए जमीन पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया और भू-माफियाओं को खदेड़ने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया सीएनटी और खेती योग्य जमीनों को जबरन कब्जा कर आवास बना रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में जेएलकेएम के कुश महतो, शक्ति महतो, धनंजय मिर्धा, सुशील महतो, नवीन महतो, किशोर महतो, परेश मुर्मू समेत काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद थे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## पर्यवेक्षक शाहिद कमर का हुआ जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 26 अप्रैल 2025 को झरिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भगवान दास के आवासीय कार्यालय पर नव मनोनीत विधानसभा के पर्यवेक्षक शाहिद कमर का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता भगवान दास ने की। कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शाहिद कमर ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा और हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ कर बूथ कमेटी का गठन कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के अध्यक्ष राजू दास, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बबलू दास, उपाध्यक्ष इरफान खान चौधरी, मुकेश पासवान, ओमकार मिश्रा, दिलीप दास, सुरेंद्र राम, कृष्ण रवानी, सोमवार वाडकर, काली भैया, कृष्ण यादव, हिमायत हुसैन, फूलचंद राम एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइलिंग और जान सकेंगे मुकदमों की स्थिति

### धनबाद में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को दी गई ई-फाईलिंग की ट्रेनिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गई है। इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपरोक्त बातें शनिवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पारस कुमार सिन्हा, के के शुक्ला, दुर्गेश चन्द्र अवस्थी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो एवं रजिस्ट्रार आइ जेड खान ने किया। अधिवक्ता एवं लिपिकों को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि ई कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना, लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने, आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा, पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है।

**क्या क्या सुविधा मिलेगी ई कोर्ट से**

अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुसार टोपनो ने कहा कि मास्टर ट्रेनर डीएसए अतुल वर्मा, दीप नारायण एवं जय केसरी ने लोगों को ट्रेनिंग देते हुए बताया कि केस इंफॉर्मेशन सिस्टम न्यायालयों में मामलों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से प्रबंधित करना। नेशनल जुडिशियल डेटा ग्रिड न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने के लिए केस डेटा का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार करना। ई-फाइलिंग वकीलों और पक्षकारों के लिए ऑनलाइन याचिका दायर करने की सुविधा प्रदान करना। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई जेलों, पुलिस स्टेशनों और दूरस्थ स्थानों से न्यायालय में पेशी कराना। ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड कर पाना है।

## पुरानी रंजिस में दो युवक को चाकू से मारकर गंभीर रूप से किया घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कुमारधुबी ओवरब्रिज के ऊपर शाम करीब 8.30 बजे पहले से घात लगाए 8-10 की संख्या में मैथन निवासी युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें मैथन मेन गेट निवासी गौरव कुमार एवं अर्णव चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर एवं धनबाद रेफर कर दिया गया है। घटना की सुचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंच जानकारी लेने में जुट गई है। घटना के संबंध में आंशिक रूप से घायल प्रशांत सिंह एवं प्रियांशु कुमार सिंह ने बताया की तीन चार माह पूर्व मैथन में कुछ बातों को लेकर कहासूनी हुई थी। आज हमलोग संजय चौक स्थित जिम से चिरकुण्डा जा रहे थे। तभी कुमारधुबी ओवरब्रिज पर पहले से घात लगाए मैथन मोड़ के युवक रोक कर मार पीट करने लगे। हम लोग भी बचाव में उनको मारने लगे। तभी एक युवक चाकू निकालकर हमला कर दिया। जिसमें दो साथी गौरव कुमार एवं अर्णव चौके गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## देवू लुब्रिकेंट का भारत में धमाका : विनीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** देवू कंपनी जो भारत में लुब्रिकेंट के जगत में धमाका शुरुआत करने जा रहा है। देवू (ष्ठड्डद्ग2श्रश) एक कोरियाई कंपनी है जो पूर्व में भारत में देवू का माटिज कार उतार कर सभी बड़े-बड़े कंपनियों को चौंका दिया था। वह कंपनी अब भारत में मंगली इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ मिल कर लुब्रिकेंट जगत में एक बार फिर से भारत में इसकी शुरुआत होने जा रही है। इस कंपनी के डायरेक्टर विनीत सिंह हैं, जो योजना और विकास के कार्यों को देखेंगे। इस लुब्रिकेंट का शुभारंभ 29 अप्रैल को नई दिल्ली के लिए मेरिडियन होटल में होगा जिसमें देश के पेट्रोलियम मंत्री सहित दूसरे मंत्रीगण भी भाग लेंगे। उसके बाद देश के सभी क्षेत्रों में इस लुब्रिकेंट को कामयाब बनाने के लिए हर जगह उपयुक्त व्यापारियों से बातचीत करने के बाद नियुक्त किया जाएगा ताकि देश के हर क्षेत्र में यह लुब्रिकेंट आसानी से उपलब्ध हो सके।सबसे बड़ी बात है की विनीत सिंह झारखंड के धनबाद के ही रहने वाले हैं और उनके पिता धनबाद के मशहूर अधिवक्ता सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रजेंद्र सिंह है। ब्रजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की यह मेरे परिवार के साथ साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मैं अपने बेटे विनीत को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## न्यू किड्स गार्डन विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक मिनट का मौन रख कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर न्यू किड्स गार्डन विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने गहरा शोक व्यक्त किया तथा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विद्यालय प्रांगण में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने एक मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बच्चो ने आतंकवादी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाये। प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा की इस इस तरह की घटनाएं हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला हैं, लेकिन हम सब मिल कर आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हैं। हमारे बच्चों में जो जागरूकता और संवेदनशीलता है, वही भविष्य में एक सुरक्षित भारत का निर्माण करेगी। आयोजन का उद्देश्य न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि भावी पीढ़ी में देश के प्रति समर्पण, जागरूकता और राष्टीय एकता की भावना को प्रबल करना भी था। उन्होंने पहलगाम में मारे गए सभी नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की और घायल नागरिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। वहीं दिनांक 27 तारीख को संध्या 6ः00 बजे से न्यू किड्स गार्डन विद्यालय से जोड़ापोखर तक बच्चे कैंडल मार्च निकाल कर इस घटना का विरोध करेंगे। इस कैंडल मार्च में बच्चे के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी शामिल होने के लिए कहा गया है। मौके पर सीमा सिंह, सतपाल सिंह, सुल्ताना परवीन, कंचन कुमारी, मेहताब बानो, शंभूनाथ गुप्ता, परवीन परवीन आदि मौजूद रहे।

## एडीएम ने धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ की वार्ता



**दोषियों पर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शनिवार को धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। वार्ता के दौरान धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एडीएम को विगत 16 अप्रैल 2025 को रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार की पूरी घटना से अवगत कराया। साथ ही बताया कि 17 अप्रैल 2025 को घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध धनबाद थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।वहीं एडीएम ने इस संबंध में धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर से फोन पर बात की और मामले में की जा रही कार्रवाई की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। एडीएम ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों के साथ हुई घटना में जिला प्रशासन अपने स्तर से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा। बैठक में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरीय पत्रकार प्रियेश सिन्हा, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, उपाध्यक्ष शरद पांडेय व सुरेंद्र यादव, सचिव संजय चौरसिया, राम मूर्ति पाठक, मोहम्मद शाहिद मौजूद थे।


**न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी**

**नोटिस**

विविध वाद सं0– 01/2024–25

केस का प्रकारः– विविध वाद (जमाबंदी रद्द/पंजी II सुधार करने से संबंधित)

अंचल अधिकारी, खूँटी..............................अपीलार्थी

बनाम्

सैयद अतहर हुसैन वगैरह..............................प्रतिवादी

प्रेषित,

1. सैयद अतहर हुसैन पिता स्व0 हकीम हबीबुल्लाह
   ग्राम एल0एफ0 रोड हिन्दपीढ़ी, थाना हिन्दपीढ़ी, जिला राँची
2. श्री चुनु अहीर पिता मायाराम अहीर
3. श्री राजु अहीर पिता दुखन अहीर
   क्र0 2 से 3 ग्राम कालामाटी, पो0 फुदी, थाना खूँटी, जिला खूँटी

बजरिये इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 766(ii)/रा0 दिनांक 30.08.2024 द्वारा मौजा– कालामाटी, थाना नं0 216, थाना– खूँटी में ऑनलाईन पंजी II के भाग सं0 1 पृष्ठ सं0 167 पर रैयत अतहर हुसैन के नाम से कायम त्रुटिपूर्ण जमाबंदी को विलोपित करने हेतु अभिलेख वाद सं0 01/2024–25 प्राप्त हुआ है। वाद का निष्पादन हेतु आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त वाद की अगली सुनवाई की तिथि 13.05.2025 को निर्धारित की गयी है।

उक्त तिथि को स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे।

यह नोटिस आज दिनांक– 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कोर्ट की मुहर से जारी किया गया।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
खूँटी।

PR 351152 District(25-26)D



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**वैद्युतिक कार्य हेतू**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं

**ई–निविदा संख्याः ELOP2025-02**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** धनबाद मंडल के बरका सेक्शन ( बरकाकाना, टोरी, पतरातू खेलारी, बालूमाथ और बरवाडीह ) के क्रू लॉबीयों और बरकाकाना कण्ट्रोल की विभिन्य गतिविधियों की दो वर्षो (730) दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 1,23,73,959.90/– **3. अग्रधन राशि :** 2,11,900/– **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तिथि 14.05.2025 को 17:00 बजे एवं ई–निविदा का खुलनाः बंद होने के बाद उसी दिन। **5. वेबसाईट का विवरणः** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** विशेषः ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद

पीआर/0151/डीएचएन/टी/25–26



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Request for Proposal) - 01/2025-26**

(Very Short Term Tender Notice)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | SELECTION OF FIRM/ AGENCIES FOR REGISTRATION, COLLECTION, RENEWAL AND MONITORING OF ADVERTISEMENT TAX/FEE UNDER MUNICIPAL AREA OF JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD IN JHARKHAND |
| 2. | Estimated Cost | Open Tender |
| 3. | EMD (In INR) | EMD – ₹ 1,00,00.00 |
| 4. | Time of Completion | As mentioned in Timeline in RFP |
| 5. | Date of Start of Submission of Bids | 28/04/2025, 11:00 hours |
| 6. | Last Date/Time for submission of bids | 07/05/2025 up to 17:00 hours |
| 7. | Date of Technical Bid Opening | 08/05/2025 at 11:00 hours |
| 8. | PPT | 08/05/2025 at 13:00 hours |
| 9. | Date of financial bid opening | 09/05/2025 |
| 10. | Bid submission address | **OFFICE OF JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD** |
| 11. | Helpline no. | 8473868856 |

Further details can be seen on website https://udhd.jharkhand.gov.in

PR 351172 Urban Development (25-26)_D

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–12/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.05.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.05.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.05.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Godown No.-1 at Kadru Ranchi | 4956500 | 99200 | 5000 | Three Months |
| 2 | Renovation of Godown No.-2 at Kadru Ranchi | 4980300 | 99700 | 5000 | Three Months |
| 3 | Renovation of 500 MT Godown at Tamar Ranchi | 2490500 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 4 | Renovation of 1000 MT Godown at Silli Ranchi | 2496600 | 50000 | 5000 | Two Months |
| 5 | Renovation of 250 MT X 2 Godown at Angara Ranchi | 2493400 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown at Bundu Ranchi | 2492100 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 7 | Renovation of 250 and 500 MT Godown at Sonahatu Ranchi | 2498200 | 50000 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 351156 Building(25-26).D

# उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना 2025-26, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना,योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप, पोटो हो खेल विकास योजना, मनरेगा (अबुआ आवास) में एमआर जेनरेशन,अबुआ आवास योजना में लाभुकों को पहली किश्त की राशि का भुगतान उपरांत एमआर जेनरेशन के स्थिति की समीक्षा के गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2016-25 के प्रगति और पीएम जनमन योजना की समीक्षा की गई। आवास प्लस सर्वे 2.0 की समीक्षा की गई जिसमें आवास से वंचित लाभुकों को सर्वे में जोड़े जाने का निर्देश दिया गया।समाज कल्याण विभाग के निर्माणाधीन भवनों में रनिंग वाटर की सुविधा की समीक्षा गयी और जल जीवन मिशन से आंगनवाड़ी केंद्रों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में धात्री माताओं को मिलने वाले रेडी टू इट फूड की स्थिति की समीक्षा की गई। डीएमएफटी। प्रभारी को सीएसआर मद से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और संपर्क पथ राशि आवंटित किये जाने का निर्देश दिया गया। जल जीवन मिशन योजना की जांच हेतु गठित समिति को जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूची तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में विद्युत प्रमंडल द्वारा छुटे हुए टोलों में विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा में कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से किये जा रहे मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों का सत्यापन और पेंशनधारियों का सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (डीआरडीए), जिला समन्वयक आवास योजना, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट की जस्टिस ने किया सिमडेगा बाल सुधार गृह और मंडलकारा का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** माननीय न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय, रांची का आज सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। सिमडेगा भ्रमण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति ने सर्वप्रथम न्यायालय परिसर में बने उद्यान -सह-ओपन जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने उद्यान में लगाए फलदार वृक्ष का निरीक्षण भी किया। ओपन जिम को देख जिला प्रशासन से और भी स्थानों में ओपन जिम का अधिष्ठापन कराने की बात कहीं। इसके बाद माननीय न्यायमूर्ति ने बाल सुधार गृह का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने वहां की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। बाल संप्रेक्षण गृह में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मीयों संग बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। माननीय न्यायमूर्ति ने सभी कर्मी को बच्चों को अनुशासन में रहने हेतु कई बातें बच्चों को बतलाने का की बात कहीं। उन्होंने अभी हाल में बाल सुधार गृह के एक बच्चे की मौत मामले में जानकारी लिए। उन्होंने बाल सुधार गृह के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बेहरत तरीके डेवलप करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाल सुधार गृह के बच्चों के रहने, खाने, खेलने और पढ़ने की सुविधाओं का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि बल सुधार गृह में हुए मामले की जांच चल रही है। फिर से ऐसी घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर उन्होंने कई निर्देश दिए हैं।

## जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करें की मुक्तिधाम से ट्रैक्टर बालू का उठाव न करे : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मुक्तिधाम लोहरदगा के संरक्षक कंवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आए दिन आम जनता की शिकायत आ रही है की मुक्ति स्थल (मुक्तिधाम) जहां मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार किया जाता है, वहां रात्रि में ट्रैक्टर लगाकर लोग बालू का उठाव कर रहे हैं जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में दो दिनों पहले पतरा टोली निवासियों ने शिकायत कर बताया कि जहां पर लाशो का दाह संस्कार किया जाता है, वहां से बालू का उठाव शंख नदी में लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में मुक्तिधाम के अध्यक्ष और हमारे द्वारा पतरा टोली शंख नदी के पास जाकर रात्रि लगभग 11:00 बजे देखा गया कि 6 से 8 ट्रैक्टर वहां बालू लोड कर रहे थे। इस बीच में पुलिस प्रशासन की पेट्रोलिंग गाड़ी को रोक कर दिखाया गया, लेकिन दुर्भाग्य की बात है की पेट्रोलिंग गाड़ी ने भी कोई कार्रवाई नहीं करते हुए टालमटोल की नीति अपनाई, इसलिए प्रशासन से निवेदन है कि प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि लोहरदगा मुक्तिधाम स्थल से बालू का उठाव ना हो ताकि आम जनता को अंतिम संस्कार (दाह संस्कार) करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## सेन्हा थाना प्रभारी फिर से एक बार सुर्खियों पर, गाली गलौज और मारपीट करने का पीड़िता ने लगाया आरोप



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी फिर से एक बार गाली गलौज और मारपीट करने के सुर्खियों पर आ गए हैं। मामला सेन्हा थाना क्षेत्र की है जहां भड़गांव निवासी सोगरा खातुन उम्र 30 वर्ष पति फिरोज अंसारी निवासी ग्राम भडगाँव थाना सेन्हा जिला लोहरदगा ने पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को अपना ज्ञापन सोपा है जिसमे कहा गया है कि बीते दिनांक 23.04.2025 को रात्रि करीब 10.30 बजे सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन अपने सहयोगी पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ कण्डरा स्थित न्यू जय माता दी होटल में समीप मेरे पति फिरोज अंसारी द्वारा संचालित आईसक्रीम दुकान पर पहुंचे और सुलेमान अंसारी के बारे में पुछताछ करने लगे तो दुकान के स्टाफ के द्वारा बताया गया कि वह उसे नहीं जानता है इतने में गाली-गलौज एवं मारपीट करने लगा स्टाफ तमीम अंसारी और जमील अंसारी को मारने लगा। जिसकी सूचना स्टाफो द्वारा मेरे पति फिरोज अंसारी को मोबाईल के माध्यम से मिलते हीं मुझे फोन कर दुकान जाने के लिए बोले तो रात्रि करीब 11.00 बजे अपने देवर इमरान अंसारी के साथ कण्डरा स्थित दुकान पहुंची तो थाना प्रभारी वारिश हुसैन से पुछे कि स्टाफ को क्यों मारपीट एवं गाली-गलौज कर रहे है तो मुझसे पुछा गया कि कौन हो तुम जब मैं अपना परिचय देते हुए कहा कि मेरा दुकान है और पति फिरोज अंसारी के द्वारा चलाया जाता है। जो इस समय यह नहीं है गुमला सामान लाने गए है।इतना सुन मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए दुकान समेत माचिस मार देंगे और तुमलोग को बर्बाद करके छोडेंगे ऐसा धमकी भी दे डाली मेरा कुछ नहीं होगा, बोलते हुए वारिश हुसैन धमकी देने लगे और धक्का-मुक्की करने लगा तथा आईसक्रीम दुकान को जहरीला पदार्थ बनाने के मामले में। केस दर्ज कर जेल भेज देंगे।थाना प्रभारी वारिश हुसैन पिछले कई महीनों से गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में सुर्खियों पर आए है जबकि कई लोगो ने इनके खिलाफ दुर्व्यवहार के कारण जिला प्रशासन का आवेदन भी दिया गया है परंतु इस पर अभी तक किसी प्रकार की कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई है और फिर से एक बार इस नए मामले मे पीड़िता ने लिखित आवेदन देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करती है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु बाल व किशोर भारती का किया गया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल सभा कार्यक्रम आयोजित कर शिशु भारती, बाल भारती और किशोर भारती का गठन किया गया। अध्यक्ष आर्यन कुमार, एवं पल्लवी कुमारी उपाध्यक्ष कार्तिक उरांव अनुशासन प्रमुख आशीष कुमार और रीतिका कुमारी स्वच्छता प्रमुख भैया नरेंद्र एवं रेशमा कुमारी सांस्कृतिक प्रमुख रविकांत, शीतल और काजल कुमारी जयंती प्रमुख अंकुश, राहुल और प्रेमिका कुमारी जल प्रमुख कृष,प्रदीप व दीपिका कुमारी चिकित्सा प्रमुख रूपेश कुमार, अमन कुमार और तेजस्वी कुमारी योग प्रमुख जागृति और तेजस्वी कुमारी का चयन किया गया। वही रूपेश कुमार को सचिव तथा आयुष कुमार, ज्योति कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही प्रधानचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिशु भारती में प्रमुख पद अध्यक्ष, उपाध्याय सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ साथ अन्य पदाधिकारी भी होते हैं। जो संगठन के कार्य में सहयोग करते हैं। साथ ही कहा कि भैया बहनों में नेतृत्व कौशल का विकास करना ही शिशु भारती गठन का मुख्य उद्देश्य है। शिशु भारती का गठन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी के दिशा निर्देशन में कराया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, मालती कुमारी, संध्या कुमारी, अनुबाला कुमारी, रिंकी कुमारी, सुभाषिनी देवी, संजना कुमारी, सुधीर उरांव, आनन्द पाण्डेय, जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य आचार्या के अलावे सभी भैया बहन उपस्थित थे।

# दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह हमारे समाज की मूल आत्मा : शशिधर लाल अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं मधुमिता शर्मा एवं करुणा देवी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ऊं, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भैया-बहनों में अपने दादा-दादी एवं नाना नानी के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव विकसित करते हुए भारतीय कुटुंब व्यवस्था को समृद्ध करना है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रवाह को सतत बनाने के लिए यह कार्यक्रम भारत कुटुंब व्यवस्था के अनुरूप है हमारे संस्कृति परंपरा को निरंतर प्रवाहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि दादा दादी एवं नाना नानी सम्मान समारोह न केवल एक भावनात्मक आयोजन है बल्कि हमारे समाज की मूल आत्मा संस्कार श्रद्धा और संस्कृति का सजीव उदाहरण है। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रमुख मधुमिता शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया-बहन, उनके अभिभावक एवं विद्यालय के आचार्य-दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अधिवक्ताओं व लिपिकों को ई फाईलिंग एवं डिजिटल कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ई कमिटी सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं जुडिशल एकेडेमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को 50 अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता लिपिक का ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव राजेश कुमार, अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ श्री नसीम अंसारी, डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी और जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर सिविल कोर्ट महेश प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं बताया गया कि ई कोर्ट के माध्यम से केस की स्थिति, संख्या सहित केस से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में केस फाइलिंग होने के बाद लोगों को केस की स्थिति की जानकारी नहीं हो पाती थी। लेकिन अब लोग अपने मामलों के बारे में ई कोर्ट के माध्यम से खुद से पता कर सकते हैं। कहा कि ई-फाइलिंग के होने से पेपरलेस कार्य को बढ़ावा मिलेगा।

### अंजुमन इस्लामिया फूंकेगा आतंकवाद का पुतला, बैठक कर लिया निर्णय

# हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति प्रकट किया संवेदना, आतंकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

### कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना हरकत : अब्दुल रउफ अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार की शाम अंजुमन कार्यालय में सदर अब्दुल रउफ अंसारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में दहशतगर्दो के जरिए कश्मीर के पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या की घटना की एक स्वर में निन्दा की गई। अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों व सभी सदस्यों ने आतंकी हमले पर गंभीर चिंता जताई। जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से 26 अप्रैल को बाद नमाज मगरिब पावर गंज सुभाष चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन विरोध प्रदर्शन करने और इस जघन्य



अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं का उद्देश्य देश में रहने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सौहार्द को बिगाड़ना है। उन्होंने मांग की कि भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि सरकार आतंकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो। उन्होंने सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को न बख्शने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्यों से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। बैठक में नाइब सदर हाजी नईम खान, सैयद आरीफ हुसैन, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरैशी, सारफुल अंसारी, सरफुद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, रूस्तम अंसारी, दानिश अली, वासिफ कय्यूम, यासीन कुरैशी, सरवर खान, सरफुल अंसारी, सफरूद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी समेत सभी पदाधिकारी व मेंबर्स मौजूद थे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सिमडेगा रहा स्वतः बंद, विश्व हिन्दू परिषद ने जताया आभार



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल के तत्वावधान में सभी संगठनों व आयामों द्वारा आहूत सिमडेगा बंद पूर्णतः सफल और शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान नगर के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकाने, ठेले-खोमचे पूर्णत~बंद रहे। सड़कें सुनसान दिखीं और बसों तथा अन्य यात्री वाहनों का परिचालन भी ठप रहा। स्थानीय नागरिकों ने भी बंदी का स्वतः समर्थन करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और शांति व्यवस्था में सहयोग दिया। सुबह से ही सिमडेगा के मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, मोहल्लों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा रहा। कहीं से भी किसी प्रकार के उपद्रव या अशांति की खबर नहीं आई। विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने इस बंद की सफलता के लिए सभी सामाजिक संगठनों, आयामों, दुकानदारों, व्यापारियों, वाहन मालिकों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। परिषद् के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह का शांतिपूर्ण और स्वतः स्फूर्त बंद इस बात का प्रमाण है कि देशवासियों के दिलों में आतंकवाद के खिलाफ गहरा आक्रोश है और वे आतंकियों द्वारा किए जा रहे बर्बर कृत्यों के खिलाफ एकजुट हैं।संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना भी प्रकट की है। विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करता है।

## पहलगाम में हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से कैंडल मार्च निकाला गया जो पावरगंज चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या को लेकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि दी गई। और इस घटना के पिड़ित शोक संतप्त परिवारों के प्रति कांग्रेस पार्टी अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है साथ ही इस गहन पीड़ा की घड़ी में उनके साथ पूरी तरह से एकजुटता के साथ खड़ी है। इस मौके पर सुखैर भगत ने कहा कि यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला है इस घटना का हम सभी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस घटना की साजिश पाकिस्तान में रची गई यह हमारे गणराज्य पर सीधा हमला है यह एक तरह से पूरे देश में भावनाएं भड़काने की सोची समझी साजिश है ऐसे वक्त में हम सभी देशवासी संयमित और एकजूटता के साथ आतंकवाद का मुकाबला करेंगे। हम कह सकते हैं कहीं ना कहीं यह घटना सुरक्षा में भारी चूक का परिणाम है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जवाबदेही भी तय होनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके*और ऐसे आतंकवादी गतिविधियों को हमेशा के लिए जड़ से समाप्त किया जा सके। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, आलोक साहू, सनीयारों उरांव, संगीता उरांव, मुजम्मिल अंसारी, सोनू कुरैशी, प्रकाश उरांव, मुस्ताक अहमद, अनिल उरांव, जुगल भगत, तनवीर गौहर, विनोद सिंह खेरवार, राजू कुरैशी, रूस्तम अंसारी, राजेश लाल, जुल्फान अंसारी, मुनीम अंसारी, रफीक अंसारी, तारिक अनवर, मो मोखतार, राजू उरांव, कबीर अंसारी, फिरोज अंसारी, हबीबुल खान, अब्दुल रऊफ समेत अन्य कांग्रेस की उपस्थित थे।

# छोटानागपुर बॉक्साइड एँड कोल वर्कर्स यूनियन इंटक को और मजबूत बनाया जायेगा : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक माननीय धीरज प्रसाद साहू जी के लोहरदगा स्थित साहू आवास में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और आने वाली समस्याओं से माननीय संरक्षक महोदय को अवगत कराया गया एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्री धीरज प्रसाद साहू जी को बताया की हिंडाल्को कंपनी से नया भाड़ा एक अप्रैल से तय होना चाहिए था किंतु हिंडाल्को कंपनी की टालमटोल नीति के कारण अभी तक भाड़ा नहीं तय किया गया है, इस पर एसोसिएशन एवं संरक्षक महोदय ने तय किया है कि एक सप्ताह के अंदर कंपनी नया भाड़ा अगर तय नहीं करती है और 1 अप्रैल से एरियर जोड़कर नहीं देती है और तो बहुत तेज आंदोलन की शुरुआत की जाएगी, इसके अलावा झारखंड सरकार के द्वारा 15 साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक प्राधिकार (आरटीए) के द्वारा रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है जबकि झारखंड में ही अन्य प्रमंडलो में 15 साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों को रोड परमिट दिया जा रहा है,एक ही राज्य में दो तरह की नीतियां अफसरो ने लागू की हुई है, सारी चीजों से अवगत कराते हुए माननीय संरक्षक महोदय को बताया गया एक और सरकार वाहनो से टैक्स ले रही है और उन्ही वाहनों को रोड परमिट नहीं दे रही है, इस पर माननीय संरक्षक महोदय ने कहा कि इस संबंध में मैं परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से शीघ्र मिलकर इस समस्या का निदान कराऊंगा, वहीं दूसरी ओर संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने माननीय संरक्षक महोदय को अवगत कराया कि कुछ छोटे निजी माइंस ऑनर एवं एक बाहर से आई हुई कंपनी के द्वारा लोहरदगा में बड़ी गाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है, जिसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं और वह कंपनी हिंडाल्को कंपनी से काफी कम भाड़ा दे रही है इस पर यह तय हुआ कि एसोसिएशन जिला प्रशासन एवं सभी निजी माइंस ओनरों एवं प्राइवेट कंपनी को लिखित में यह अल्टीमेटम देगी की हिंडाल्को के बराबर भाड़ा दिया जाए और बड़ी गाड़ियों का परिचालन किसी भी कीमत पर नहीं होगा क्योंकि यहां चलने वाले लगभग दो हजार 6 चक्का बॉक्साइट ट्रक कहां जाएंगे और इन ट्रकों से जुड़े हुए विभिन्न तरह के लोग चाहे वह ड्राइवर, खलासी, लोडर, अनलोडरय, ट्रक मालिक, गैरेज, पेट्रोल पंप, टायर दुकान, पार्टस दुकान, होटल लगभग पचास हजार से 1 लाख लोग इस व्यवसाय से प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं इसपर धीरज प्रसाद साहू जी ने कहा कि आप लिखित में उनको अल्टीमेटम दे दीजिए और बड़ी गाड़ियों का परिचालन हर हालत में रोकिए, वहीं दूसरी ओर माननीय संरक्षक धीरज प्रसाद साहू एवं तीनों संगठन के पदाधिकारियों ने यह तय किया है कि ट्रक मालिक एवं मजदूर को सभी माइंसों एवं सभी स्थानों से जोड़कर इंटक को और मजबूत बनाया जाएगा और सभी लोग एकजुट होकर धीरज प्रसाद साहू जी के नेतृत्व में काम करेंगे क्योंकि धीरज प्रसाद साहू जी ने ट्रक मालिको, श्रमिकों के लिए बहुत काम किया है ,इससे पूर्व उनके बड़े भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू जी के द्वारा भी मजदूर हित में बहुत सारे काम किए गए हैं, इसलिए सभी ट्रक मालिक एकजुट होकर धीरज प्रसाद साहू जी के नेतृत्व में काम करते आ रहे हैं और करते रहेंगे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, रविवार, 27 अप्रैल 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### भाजपा देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है, स्पष्ट करे : विनोद कुमार पांडेय

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के आरोपों का पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को किस दिशा में ले जाना चाहती है। पांडेय ने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना – लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, साम्यवाद, गणराज्यवाद, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता – को बनाए रखना हर दल का दायित्व है, जिसे संविधान की प्रस्तावना में सुंदर ढंग से व्यक्त किया गया है।पांडेय ने भाजपा पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता अब समझने लगी है कि भाजपा किस प्रकार चुनावी लाभ के लिए समाज में विभाजन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार और बंगाल में आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा एक बार फिर अपनी घृणित साम्प्रदायिक राजनीति को हवा देने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता ने झारखंड में हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति का कोई स्थान नहीं है।झारखंड में घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा द्वारा मचाए जा रहे शोर को पांडेय ने चुनावी प्रोपेगेंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में भाजपा की सरकार पिछले दस-ग्यारह वर्षों से है, तो अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। इसके बावजूद अगर घुसपैठ की घटनाएं हो रही हैं, तो इसका जवाब केंद्रीय गृह मंत्रालय को देना चाहिए।पांडेय ने हालिया पहलगाम घटना का हवाला देते हुए कहा कि सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी तय करने के बजाय भाजपा धर्म की आड़ लेकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रपंच को समझें और संविधान की मूल भावना को बनाए रखने के लिए एकजुट रहें।

### अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक हुए नियुक्त

**नई दिल्ली :** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी। यह कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है।आरआईएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया। कंपनी के निदेशक मंडल ने उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया है। उनका कार्यकाल एक मई, 2025 से पांच साल के कार्यकाल के लिए होगा। अनंत अंबानी को 01 मई, 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के कार्यकाल के लिए आरआईएल के गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। अभी गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत अनंत अंबानी अब आरआईएल की नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

## सूचना प्रसारण मंत्रालय ने जारी किया परामर्श

# रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया है।सोमवार को मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।पिछली घटनाओं को रेखांकित करते हुए परामर्श में कहा गया है कि रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित ÷स्रोत-आधारित÷ जानकारी के आधार पर कोई वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा होने से सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण कांड जैसी घटनाओं के दौरान अप्रतिबंधित कवरेज के कारण राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल परिणाम हुए।सूचना मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करना चाहिए। नियम 6(1)(पी) में कहा गया है कि ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं चलाया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज हो।

टीवी चैनलों को सलाह दी गई है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान और आंदोलन का लाइव कवरेज न करें।

### उप मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय बालोद प्रवास के दौरान आज शनिवार को जिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बालोद कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को मौजूदा ग्रीष्म ऋतु में लोगों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए पानी की समस्या से जूझना न पड़े, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के पुख्ता उपाय करने के निर्देश दिए।उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए।

### रेरा एक्ट का उद्देश्य सभी हितधारकों की सुरक्षा : रमेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा में इंस्टिट्यूट की प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमिटी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रियल एस्टेट मेगा कॉन्क्लेव में शनिवार को अंतिम दिन के प्रथम सत्र में रेरा और झारेरा विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुंबई से पहुंचे विशेषज्ञ सीए सुरेश प्रभु ने बताया कि रेरा का पूरा नाम रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी है, जो रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है और झारेरा झारखंड की रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी रेरा है। रेरा एक्ट के माध्यम से सरकार का उद्देश्य सभी हितधारकों को सुरक्षित करना है। रेरा और झारेरा के कारण उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा होती है और विवादों का समाधान आसान होता है। उन्होंने कहा कि रेरा के तहत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए प्रोजेक्ट की वित्तीय रिपोर्टिंग, ऑडिटिंग, फंड यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेशन और अनुपालन रिपोर्ट तैयार करने जैसा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बताया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बिल्डर्स और ग्राहकों दोनों को टैक्स सलाह, वित्तीय नियोजन और कानूनी दस्तावेज़ों में सहयोग प्रदान करते हैं। कॉन्क्लेव के आखिरी सत्र में नई दिल्ली के विशेषज्ञ सीए नितिन कंवर ने डेवलपर्स के मामले में गृह संपत्ति के अंतर्गत मानी गई आय, कैपिटल गेन और अन्य प्रत्यक्ष करों पर जानकारी दी।

### कम खर्च मे बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे रही है लाइफ केयर हॉस्पिटल और सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल : डॉ रजनीश कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची शहर मे बारियातु के पास सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल और बूटी मोड़ के नजदीक लाइफ केयर अस्पताल अपनी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मरीजों के बीच अपना विश्वास बढ़ाने में लगातार सफल हो रहा है। इसकी नींव स्कीन स्पेशलिस्ट जनरल फिजिशियन दिवंगत डॉ. बी सिन्हा ने 2016 मे रखी थी। जिनका कोविड 2020 के दौरान देहांत हो गया। हालांकि डॉ. बी सिन्हा के समय लाइफ केयर अस्पताल की स्थापना के ठीक 6 महीने बाद ही 2017 में ऑर्थो विशेषज्ञ डॉक्टर रजनीश अस्पताल के हिस्सा बन गए। फिर वे रुके नहीं सितंबर 2017 में ही लाइफ केयर अस्पताल में आर्थो सेंटर की शुरुआत की। लाइफ केयर अस्पताल हर संभव तरीके से मानव जीवन की देखभाल करता है। बूटी मोड़, रांची, झारखंड में स्थित, यह एक बहु-विशिष्ट, अत्याधुनिक अस्पताल रोगियों को 24 म7 365 विश्व स्तरीय आर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और ट्रॉमा सर्जरी उपचार प्रदान करता है। इसने जटिल ट्रॉमा और



प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। युवा, ऊर्जावान और प्रतिबद्ध सर्जन डॉ. रजनीश कुमार द्वारा संचालित, यह स्थानीय और ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों को सबसे कम संभव लागत पर सर्वोत्तम संभव देखभाल और उपचार प्रदान करने के लिए समर्पित है। लाइफ केयर अस्पताल रांची अपने बाल चिकित्सा नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम के लिए भी जाना जाता है। लाइफ केयर में बाल चिकित्सा नेत्र रोग सेवाएँ बच्चों की आँखों की समस्याओं के लिए सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए सुसज्जित हैं। टीम सरल नेत्र रोगों या जटिल दृष्टि-संबंधी समस्याओं से पीडित बच्चों का निदान और उपचार करती है, और वे न्यूनतम इनवेसिव स्क्विंट प्रक्रियाओं, सिवनी रहित स्क्विंट सुधार और समायोज्य स्क्विंट सर्जरी में अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं। सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल झारखंड के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक अस्पतालों में से एक है, जिसमें प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक डॉक्टर, रांची में शीर्ष पायदान के घुटने के प्रतिस्थापन विशेषज्ञ, सबसे अनुभवी हड्डी और संयुक्त विशेषज्ञ, झारखंड में अत्यधिक प्रतिष्ठित रीढ़ विशेषज्ञ, सर्वश्रेष्ठ घुटने के प्रतिस्थापन डॉक्टर, आर्थोस्कोपिक सर्जन शामिल हैं.डॉ रजनीश कुमार ने कहा की वरिष्ठ पत्रकार, फारुकी तंजीम सईद अहमद, की पत्नी सैयदा खातून की वाया जान की हड्डी दो जगह से टूट कर अलग हो गई थी इस जटिल बीमारी का सफल ऑपरेशन डॉक्टर राजेश कुमार ने किया मरीज का शुगर 525, ब्लड प्रेशर 270 और हीमोग्लोबिन 5 पॉइंट मरीज बहुत गंभीर हालत में हॉस्पिटल आया था डॉक्टरों की टीम के द्वारा उनको आइसोलेशन में रखकर को रिकवरी करा उनके सफल ऑपरेशन किया गया.

## कृषि मंत्री ने डाली पंचायत के मूखिया पूनम जायसवाल को किया सम्मानित

# सेवा कभी बेकार नहीं होती : मुखिया पूनम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रांची लालपुर चौक स्थित होटल रॉयलिसयन में आयोजित महिला सम्मान समारोह का उद्घाटन सुबे के कृषि मंत्री कैबिनेट मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उक्त समारोह में शिक्षा, चिकित्सा व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य भर से आयी प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में पलामू के विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को समाजसेवा व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुबे के कृषि व कैबिनेट मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शॉल ओढाकर उन्हें प्रशस्ति



पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इसके पहले मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांजी को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा समर्पित कर उन्हें सम्मान दिया।

सम्मानित होने के बाद मूखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं होती और न ही मेहनत करने वालों को कभी हार नहीं होती। मुखिया पूनम ने कहा है कि पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट अभियान को वे अपने पति प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के साथ नेपाल भूटान बर्मा सिगापुर मलेशिया अज़रबैजान जैसे कई देश व राज्यों में जाकर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक कर उनके बीच निःशुल्क पौधा वितरीत किया है।

पिछले सप्ताह में उन्होंने गुजरात में एक सप्ताह संचालित कार्यक्रम के दौरान वहां के द्वारकाधीश, जूनागढ़,भेट द्वारका, नागेश्वर, सोमनाथ समेत अहमदाबाद स्थित गांधी आश्रम में पर्यावरण धर्म पर आयोजित कार्यक्रम में कई राज्यों के लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने वहां के लोगों को चंदन, कपूर, रुद्राक्ष, और आम के पौधे निशुल्क वितरण रोपण कर बताया कि बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो लोगों को अपना धर्म के साथ साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जिंदा रहना है तो सभी को पौधा लगाना होगा। क्योंकि उक्त विभीषिकाओं से बचने का दूसरा कोई भी विकल्प नहीं है। उक्त कार्यक्रम में उनकी पुत्री सह शिक्षिका ज्योति जायसवाल भी मौजूद थीं।

### मामला दर्ज होने के बाद बदले विधायक के सुर, मांगी माफी

**जयपुर :** माणक चौक थाने में धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में एफआईआर दर्ज होने के बाद हवाहमल से भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया लाइव के जरिए जनता से संवाद किया और शांति और सद्भाव की अपील की। विधायक ने कहा कि मैंने किसी समुदाय के खिलाफ कुछ नहीं कहा। मेरे मन में सभी धर्मों के लिए सम भाव है। अगर किसी को मेरे शब्दों से ठेस पहुंची हो तो स्पष्ट करता हूं कि मेरा उद्देश्य केवल देशहित की बात करना था। घटना के बाद राजनीतिक हलकों में भी प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा नेतृत्व ने मामले की समीक्षा की है। बालमुकुंद आचार्य से बात भी की। वहीं विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के सचेतक रफीक खान ने विधायक के बयान को उकसावे वाला बताया।

# छात्र हत्याकांड को लेकर अपना दल कमेरावादी में उबाल

एजेंसी

**वाराणसी :** शिवपुर खुशहाल नगर में स्थित एक विद्यालय परिसर में छात्र हेमंत सिंह की हुई हत्या मामले को लेकर अपना दल कमेरावादी में भी उबाल है। शनिवार को पार्टी की वरिष्ठ नेत्री व सिराथू विधायक पल्लवी पटेल की अगुवाई में कार्यकर्ता जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाहर नगर विस्तार गुरूधाम स्थित संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय पत्रक देने जा रहे थे तो पुलिस बल ने कार्यालय से पहले ही उन्हें रोक लिया।

इससे नाराज विधायक पल्लवी पटेल और कार्यकर्ताओं की पुलिस अफसरों से नोकझोक हुई। नाराज विधायक कुछ देर के लिए सड़क पर ही बैठ गईं। यह देख कार्यकर्ता उग्र नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। मौके पर मौजूद अफसरों ने विधायक को काफी समझाया तब



जाकर वे शांत हुई। एडीएम सिटी आलोक वर्मा,डीसीपी काशी जोन ने विधायक पल्लवी से बात की। इस दौरान विधायक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि हत्यारोपी और उसके पिता को भाजपा का पूरा संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर मामले में लीपापोती करने का भी आरोप लगाया। विधायक ने प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी सवाल उठाया। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट होने की बात कहकर उन्होंने छात्र हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि पत्रक में हेमंत हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता विद्यालय प्रबंधक समेत सभी सूत्रधारों की गिरफ्तारी,विद्यालय की मान्यता रद करने,पीड़ित के परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा देने और आरोपितों को भाजपा से निकालने की मांग भी की गई है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सडकों पर उमड़ा जनसैलाब



एजेंसी

**फरीदाबाद :** कश्मीर के पहलगाम में मुस्लिम आतंकियों द्वारा किए गए हिंदुओं के नृशंस हत्याकांड से पूरे विश्व का संपूर्ण हिंदू समाज अत्यंत दुखी और आक्रोशित है। यह पहली बार हुआ है जब धर्म पूछ कर हिंदुओं को चुन-चुन कर आतंकियों द्वारा मारा गया है। यह देश पर जिहादी आक्रमण है जिससे देश की जनता बहुत गुस्से में हैं। जगह जगह धरने-प्रदर्शन, ज्ञापन देकर जिहाद के खिलाफ विरोध व्यक्त किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राष्ट्र रक्षा मंच के बैनर तले शहर के विभिन्न हिस्सों से अपने-अपने वाहनों पर सवार भगवा ध्वज लेकर नारेबाजी करते हुए सामाजिक-धार्मिक, राजनीतिक एवं आरडब्लूए संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आमजन, प्रबुद्धजन एवं मातृशक्ति काफी संख्या में टाउन पार्क पर एकत्रित हुए। फिर एक जुलूस के रूप में लघु सचिवालय पर पहुंचकर अतिरिक्त जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पर राष्ट्र रक्षा मंच फरीदाबाद के संयोजक बलदेव राज भाटिया और सह संयोजक संजय अरोड़ा के सानिंध्य में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में हिन्दू जागरण मंच, गौ रक्षक बजरंग फ़ोर्स सहित विभिन्न सामाजिक-धार्मिक, राजनैतिक एवं आरडब्लूए संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आमजन, प्रबुद्धजन एवं मातृशक्ति काफी संख्या में उपस्थित रहे। सह संयोजक संजय अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि कश्मीर के पहलगाम में मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा किए गए हिंदुओं के नृशंस हत्याकांड से, पूरे विश्व का संपूर्ण हिंदू समाज अत्यंत दुखित और आक्रोशित है। यह पहली बार हुआ है जब धर्म पूछ कर हिंदुओं को चुन-चुन कर मुस्लिम आतंकियों द्वारा मारा गया है। पहलगाम में किए गए हिंदुओं के इस अत्यंत क्रूर नरसंहार की हम सभी अपनी संस्थाओं की ओर से पूरी ताकत से भर्त्सना करते हैं। श्री कृष्ण सिंघल ने कहा कि हम देश की केंद्र सरकार से भी आग्रह करते हैं कि, वह आतंकवादियों और इस हिंदू विरोधी मानसिकता के संपूर्ण नाश के लिए और अधिक कड़े कदम उठाए।

### जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**रायगढ़ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी 10 मई को इस वर्ष के द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है, जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन मामलों एवं न्यायालयों में लम्बित मामलों के निराकरण हेतु न्यायाधीशगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें ली जा रही हैं।

# भारत सरकार का रोजगार मेला प्रधानमंत्री की अभिनव पहल : मंत्री

एजेंसी

**रायपुर :** देशभर के 47 स्थानों पर आज शनिवार को रोजगार मेला के माध्यम से लगभग 51 हजार से अधिक उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।इसी कड़ी में आज शनिवार को रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भी केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, रायपुर के सौजन्य में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्त होने वाले 63 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।कार्यक्रम के प्रारंभ में इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, भारत सरकार का रोजगार मेला



प्रधानमंत्री की अत्यंत अभिनव पहल है। उन्होंने बताया कि, यह 15 वां रोजगार मेला है. पिछले रोजगार मेले में लगभग 71000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे और इस बार 51000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहे हैं।तोखन साहू ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि, उनके ईमानदार प्रयासों के कारण उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है और उन्होंने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया है। श्री साहू ने कहा कि जब किसी को रोजगार मिलता है तो परिवार सशक्त होता है तो समाज विकसित और सशक्त होता है और उसके बाद राज्य और राष्ट्र सशक्त और विकसित होता है, यह अत्यंत गौरव का क्षण है। साहू ने कहा कि, वर्ष 2027 के अंत तक भारत को पांच ट्रिलियन इकोनामी बनाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, हमें वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करना है।अंत में उन्होंने पुनः सभी अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।